फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 299 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 31 मई, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



Ustadji Of Heeramandi

For my role as *Ustaad ji* in *Heeramandi*, I already knew Urdu since my father and mother's family had migrated from Lahore and Rawalpindi in Pakistan. So, I was well-versed with the pronunciations and the little nuances of the language.

Are You Also A Lychee Lover?

# मनमोहन सिंह ने तीन पेज का खुला पत्र लिखा पंजाब के मतदान से पूर्व

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने प्र.मंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि, उन्होंने पंजाब, पंजाबी व पंजाबियत के आत्म सम्मान को कुचलने की हर संभव लगातार कोशिश की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 मई। शनिवार एक जून को सातवें चरण की वोटिंग से पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने एक भावनात्मक अपील जारी की और मतदाताओं से कहा कि लोकतंत्र और संविधान को मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा बार-बार किए जा रहे प्रहारों से बचाने का यह आखिरी मौका है।

तीन पेज के खुले पत्र में डॉ. मनमोहन सिंह ने गत दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था मे हुई कल्पना से परे उथल पुथल और प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नीत नैशनल डैमोक्रेटिक एलायंस की गलत नीतियों पर चिंता जताई।

पंजाब, जहां एक जून को 13 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है, के संदर्भ में डॉ. सिंह ने किसान आंदोलन का जिक्र किया व कहा कि किसानों ने सरकार को मजबूर कर दिया था विवादास्पद कृषि कानून वापस लेने के लिए। डॉ. सिंह ने पंजाबियत को बदनाम करने के लिए सरकार की आलोचना की।

- **डॉ. मनमोहन सिंह ने किसान आंदोलन की याद दिलायी और कहा कि, सैकड़ों किसानों की जान गयी पुलिस फायरिंग से, पर शायद प्र.मंत्री मोदी किसानों पर गोली चलवाकर संतुष्ट नहीं हुए, बल्कि उन्होंने संसद में किसान आंदोलनकारियों को ''पैरासाइट'' (जोंक) कहा।**
- **डॉ. मनमोहन सिंह ने बड़े कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हुए, अपने पत्र में यह भी लिखा कि, किसानों की प्रतिदिन आय 27 रू. ही है, जबकि हर किसान पर ऋण 27,000 रू. है।**
- **डॉ. मनमोहन सिंह के अनुसार भाजपा शासन में इकोनॉमिक ग्रोथ रेट (जी.डी.पी.) 6 प्रतिशत से भी कम रही है। जबकि यू.पी.ए. सरकार में 8.5 प्रतिशत थी।**
- **डा. सिंह के अनुसार मोदी सरकार के शासन के दौरान, निर्धन व धनाढ्य की आय में अन्तर इतना बढ़ा है, जो गत 100 साल में नहीं था।**

उन्होंने कहा कि, लाठी और रबर बुलैट्स ही पर्याप्त नहीं थी, प्रधानमंत्री ने तो संसद के पटल पर किसानों को ''परजीवी'' तक कह कर बदनाम किया।

डॉ. सिंह ने कहा, मोदी जी ने 2022 तक हमारे किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था पर उनकी नीतियों की वहज से दस साल में आय कम हो गई है। किसान की राष्ट्रीय स्तर पर औसत आय मात्र 27 रू. प्रतिदिन है और वहीं हरेक किसान पर औसतन 27,000 रू. का कर्ज है। (यह सरकारी आंकडें हैं।)

पूर्व प्रधानमंत्री ने यू.पी.ए. सरकार ने किसानों के कर्ज माफ करने का उल्लेख किया व कहा कि उन्होंने एम.एस.पी. में वृद्धि की और उत्पादन बढ़ाया तथा निर्यात को भी प्रोस्साहन दिया।

उन्होंने कहा, आज कांग्रेस ने एम.एस.पी. की लीगल गारंटी दी है जो कि आंदोलन कर रहे किसानों की सबसे बड़ी मांग रही है। कांग्रेस ने कृषि के लिए स्थायी आयात-निर्यात नीति बनाने, कर्ज काफी और फसल के नुकसान पर बीमा की राशि 30 दिन के अंदर खाते में ट्रांसफर करने की गारंटी भी दी है।

पूर्व प्रधानमंत्री ने विवादास्पद अग्निवीर योजना के लिए भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस का वादा है कि अगर वह चुनाव जीती तो इस योजना को खत्म कर देगी।

उन्होंने कहा कि ''भाजपा सरकार ने सशस्त्र बलों पर अग्निवीर योजना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केजरीवाल ट्रायल कोर्ट पहुंचे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 मई। 30 मई को दिल्ली की राउज़ एवैन्यू कोर्ट कॉम्पलेक्स में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की बैंच ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की दो याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) को एक नोटिस जारी किया। केजरीवाल की दो में से एक याचिका नियमित जमानत दिए जाने तथा दूसरी

- **सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने से इन्कार के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने के लिए ट्रायल कोर्ट में याचिका दायर की है।**

अंतरिम जमानत अवधि को बढ़ाने को लेकर दाखिल की गई थी। कोर्ट अब इस मामले पर आगामी सुनवाई 1 जून को दोपहर 2 बजे करेगा।

विधि विशेषज्ञों की राय है कि केजरीवाल के पास ट्रायल कोर्ट में जाने का सर्वश्रेष्ठ विधिक विकल्प उपलब्ध है ताकि न्यायिक हिरासत से बाहर रहने की अवधि का विस्तार करा सके। दिल्ली

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा के शुभेन्दु अधिकारी चुनाव आयुक्त से मिले: पुलिस की ज्यादतियों की शिकायत दर्ज करायी

## शिकायत के अनुसार भाजपा के 50 वरिष्ठ नेता गिरफ्तार किये गये, शुक्रवार को और 300 भाजपा समर्थकों व नेताओं के घर पर पुलिस ने छापे मारे

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 मई। तृणमूल कांग्रेस में हताशा बढ़ती जा रही है और वह अपने राज्य की पुलिस का खुलेआम दुरूपयोग कर रही है।

बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी गुरूवार को चुनाव आयुक्त से मिले और वरिष्ठ भाजपा नेताओं पर निशाना साधकर की जा रही पुलिस कार्यवाही के संबंध में शिकायत दर्ज की। उन्होंने शिकायत की कि, कम से कम पचास भाजपा नेताओं को गिरफ्तार कर लिया है और भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के कम से कम 300 घरों पर छापा मारा गया है।

अधिकारी ने शिकायत की कि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर राज्य पुलिस ने सातवें चरण के लिये नियुक्त भाजपा के मतगणना और बूथ एजेंटों के नाम मांगे हैं। उन्होंने कहा कि, राज्य पुलिस, भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकाने और गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

एक व्यक्ति, जिसको चुनावी हिंसा के दौरान तृणमूल समर्थकों ने बुरी तरह मारा पीटा था, के विरूद्ध अब कई

- **झरग्राम सीट पर भाजपा के उम्मीदवार पर, पुलिस ने गैर जमानती वारंट जारी किया।**
- **पुलिस मु.मंत्री कार्यालय के निर्देश पर भाजपा के उन कार्यकर्ताओं व नेताओं का नाम पता मांग रही है, जो पोलिंग बूथ पर बैठेंगे तथा मतगणना के समय उम्मीदवार के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित होंगे।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

चुनावी उत्तेजना के बीच, ई.डी., बंगाल में एक बार फिर सक्रिय हो गयी है।

खास बात यह है कि, ई.डी. ने एक प्रमुख बंगाली अभिनेत्री को अपने ऑफिस में बुलाया है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, बड़े पैमाने पर हुए राशन सप्लाई घोटाले से संबंधित कुछ ''मनी ट्रेल'' के बारे में उनसे पूछा गया है। रितुपर्णा सेनगुप्ता, जो कि सबसे हाई प्रोफाइल अभिनेत्री हैं और सिनेमा देखने वालों के लिए मुख्य आकर्षण हैं, को कोलकाता के ई.डी. ऑफिस में कुछ कागजातों के साथ बुलाया गया है।

मुद्दा यह है कि, गबन करे हुए धन को कहाँ निवेश किया या खपाया गया है। पूर्व पुलिस अफसरों का मानना है कि, इस तरह का बेहिसाब और गबन किया हुआ धन फिल्मों में और कुछ अन्य गतिविधियों में लगाया जाता है। सूत्रों के अनुसार, इन्हीं मनी ट्रेल्स के संबंध में रितुपर्णा सेनगुप्ता से पूछताछ करी जा रही थी।

# 'नये मकान मालिक से पुराने का बकाया बिजली बिल वसूलना विद्युत निगम की खराब कार्यप्रणाली को दर्शाता है'

## हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी तब की जब निगम ने नये मकान मालिक के पक्ष में बिजली कनेक्शन जारी करने पर यह शर्त लगाई कि, वह पुराने मकान मालिक का 5.50 लाख रुपये का बिल चुकाये

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 30 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने वैशाली नगर में रहने वाले दम्पती के पक्ष में फैसला देते हुए राजस्थान विद्युत वितरण निगम को आदेश दिये हैं कि वह उनके पक्ष में तीन दिन में अस्थाई बिजली कनेक्शन जारी करे और यह शर्त ना लगाये कि यह दम्पती पहले मकान में रह रहे पुराने निवासियों का बकाया बिल चुकाए। हालांकि अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि अस्थाई कनेक्शन जारी रहेगा कि नहीं, वह इस मामले के अंतिम फैसले पर निर्भर करेगा। न्यायाधीश महेन्द्र कुमार गोयल ने यह आदेश रमेश चंद्र अग्रवाल व उनकी पत्नी सुमनलता अग्रवाल द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए दिये। उक्त मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा पैरवी के लिये पेश हुए।

मामले के तथ्यों के अनुसार 4 सितम्बर 2023 को याचिकाकर्ताओं ने पुराने मकान मालिक से यह मकान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **अदालत ने इस तथ्य पर हैरानी जताई कि, बिजली विभाग ने मूल किरायेदार का बिजली कनेक्शन तो जारी कर दिया पर यह भी नहीं देखा कि उसका चैक बैंक द्वारा स्वीकार किया भी जायेगा या नहीं।**
- **अदालत ने इस पर आशंका जताई कि, विभाग ने दो साल तक एक भी बिल जारी नहीं किया और अदालत ने कहा कि, इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है कि, विभाग ने दोषी पुराने किरायेदार के पक्ष में इतनी उदारता क्यों बरती।**
- **अदालत ने यह भी कहा कि, जब 2023 में पुराने मकान मालिक का भी चैक बाउंस हो गया था तो उन्होंने उस पर कार्यवाही क्यों नहीं की और अपनी पत्रावली में बिजली कनेक्शन का ''अकाउंट क्लोज़्ड'' क्यों दर्शाया। अदालत ने कहा कि, इन सभी तथ्यों से निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते हैं।**

# बेंगलुरू जी.पी.ओ. में महिलाओं की भारी भीड़

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 मई। बंगलौर में महिलाएं शहर के जनरल पोस्ट आफिस पर इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के बाहर कतार लगा रही हैं, ताकि उनके खाते खुल जाएं। उन्हें उम्मीद है कि, अगर केन्द्र में सरकार बदली और कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार आई तो उन्हें प्रति माह 8500 रू. मिलेंगे।

- **बताया जाता है कि, कांग्रेस के कुछ लोगों ने केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं के खाते में प्रति माह 8500 रू. जमा करवाने की अफवाह उड़ा दी है, इसलिए महिलाएं पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने पर आमादा हैं।**

विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गत एक सप्ताह में सैकड़ों महिलाओं ने खाते खुलवाए हैं क्योंकि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'लू और तापघात से मरने वाले लोगों के परिजनों को उचित मुआवजा दें'

## हाई कोर्ट ने प्रदेश में भारी गर्मी के कारण चल रही लू और हीट स्ट्रोक की भयावह स्थिति पर स्वतः संज्ञान लेकर सरकार को गाइड लाइन जारी की

जयपुर, 30 मई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को वर्तमान भारी गर्मी के कारण उत्पन्न लू और तापघात की स्थिति को देखते हुए आठ मुख्य दिशा निर्देश दिए हैं जिनमें मुख्य तौर पर कहा गया है कि सरकार लू से मरने वालों के आश्रितों को उचित मुआवजा दे।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि सरकार खुले में काम करने वाले कामगारों, जैसे कुली, रिक्शा और बैलगाड़ी चलाने वाले तथा अन्य समूहों के लिये दिशा निर्देश जारी करे कि वे 12 से 3 बजे के बीच कार्य ना करें बल्कि छाया में विश्राम करें। अदालत ने स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देश दिये हैं कि वे लू से पीड़ित मरीजों के लिये सभी तरह की सुविधाएं स्वास्थ्य केंद्रों पर मुहैया कराएं।

जस्टिस अनूप ढंड ने प्रकरण पर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव व गृह व स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव को निर्देश दिए हैं कि वे हर विभाग के ए.सी.एस. या प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में विभागों की समिति बनाए। यह कमेटी राजस्थान क्लाइमेट चेंज प्रोजेक्ट के तहत 'हीट एक्शन प्लान' (एच.ए.पी.) और वृक्षारोपण, जल, वन और बिजली संरक्षण के लिए बनाई योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तत्काल कदम उठाए।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन विभाग और प्रदूषण नियंत्रण विभाग के साथ मिलकर एक 'हीट एक्शन प्लान' तैयार किया था। इस प्लान के अनुसार श्रेणीवार तापमान के अनुसार ग्रेडिंग की गई थी। इस ग्रेडिंग के अनुसार 43-44.9 डिग्री तापमान होने पर 'हीट अलर्ट' घोषित की जायेगी और 45 डिग्री से ऊपर 'एक्सट्रीम हीट अलर्ट' दी जायेगी। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि इस प्लान को जल्द से जल्द लागू किया जाये।

अदालत ने हाईकोर्ट प्रशासन को कहा है कि वह प्रकरण को जनहित याचिका के तौर पर दर्ज करते हुए खंडपीठ के समक्ष एक जुलाई को मामला सूचीबद्ध करें। अदालत ने मामले में केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय, पर्यावरण व वन मंत्रालय, चिकित्सा व परिवार कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, श्रम व उद्योग विभाग, नागरिक व आपूर्ति विभाग, राज्य के मुख्य सचिव, मौसम विभाग के सचिव, ए.सी.एस. होम, राज्य के आपदा प्रबंधन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **हाई कोर्ट ने खुले में काम करने वाले कामगारों, जैसे, कुली, रिक्शा चालकों, मजदूरों आदि के लिए भी दोपहर12 से 3 बजे तक काम नहीं करने व छांव में विश्राम करने का निर्देश दिया।**
- **हाई कोर्ट ने सरकार को जल्द ही ''हीट एक्शन प्लान'' लागू करने को भी कहा है।**
- **ज्ञातव्य है कि, लू और शीतलहर से मौत के बचाव को लेकर राज्यसभा में बिल पेश किया गया था, लेकिन नौ साल बीतने के बाद भी अब तक यह संसद से पारित होकर कानून नहीं बन सका है।**
- **अदालत ने कहा कि, अब वक्त आ गया है कि, लू और शीतलहर से बचाव के प्रावधानों को कानूनी अमली जामा पहनाया जाए।**

# धौलपुर के राजीविका मॉडल से जुड़ीं पश्चिम अफ्रीका की महिलाएं

## गुरूवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, अभय कुमार ने माली और सेनेगल से प्रशिक्षण लेने आई महिलाओं से संवाद किया

जयपुर, 30 मई। राजस्थान के धौलपुर जिले का राजीविका मॉडल पश्चिम अफ्रीकी देशों, सेनेगल एवं माली में 12500 महिलाओं की आजीविका का साधन बना है। धौलपुर की राजीविका महिलाओं ने सेनेगल एवं माली देशों में जाकर स्वयं सहायता समूह बनाने, ग्राम संगठन एवं फेडरेशन बनाने का प्रशिक्षण दिया। उसके बाद फेडरेशन को संचालित करने की पद्धित एवं विभिन्न प्रकार के उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया और आज इन देशों की महिलाएँ वर्षभर में करीब 17 करोड़ की बचत करती हैं और उसी बचत से इंटर लोनिंग कर अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ रही हैं तथा एवं प्रशिक्षण के द्वारा नए-नए कार्य कर रही हैं।

गुरुवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज अभय कुमार ने इंदिरा गांधी नहर मंडल में पश्चिम अफ्रीकी देश माली और सेनेगल से राजस्थान में प्रशिक्षण के लिए आए प्रतिनिधियों के साथ आगे के सहयोग के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधियों ने राजीविका के माध्यम से मिल रहे सहयोग के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। दोनों देशों के 9 फेडरेशन की महिला प्रमुखों के साथ अन्य प्रतिनिधि भी जयपुर पहुंचे। ये महिला प्रतिनिधि धौलपुर, भरतपुर, अजमेर, जयपुर एवं उदयपुर में राजीविका समूहों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं और राजस्थान विजिट के दौरान मुर्गीपालन, बकरीपालन, नैचुरल फार्मिंग, बायोगैस सहित अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। राजस्थान में बाजरा उत्पादन के लिए जैसा क्लाइमेट है वैसा ही इन अफ्रीकी देशों में भी है। फेडरेशन की महिला प्रमुख प्रशिक्षण के दौरान बाजरा उत्पादन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **माली और सेनेगल की 12,500 महिलाओं को राजीविका मॉडल की बदौलत रोजगार मिला**
- **धौलपुर की राजीविका मॉडल से जुड़ी महिलाओं ने माली और सेनेगल जाकर वहां की महिलाओं को सैल्फ हैल्फ ग्रुप, ग्राम संगठन और फैडरेशन बनाने का प्रशिक्षण दिया था, अब यहां की महिलाएं 17 करोड़ रू. की सालाना बचत कर कर्ज देकर अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे रही हैं।**



*पश्चिमी अफ्रीकी देश, माली और सेनेगल से महिलाओं के 9 फैडरेशनों की महिला प्रमुखों ने जयपुर में ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिव अभय कुमार से मुलाकात की। ये महिलाएं राजीविका मॉडल के प्रशिक्षण के लिए धौलपुर, भरतपुर, अजमेर, जयपुर एवं उदयपुर जाएंगी।*

# मु.मंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद को बधाई दी

जयपुर, 30 मई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नॉर्वे में आयोजित शतरंज टूर्नामेंट ''नॉर्वे चेस-2024'' में लीडर्स पोज़ीशन हासिल करने पर भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेश बाबू प्रज्ञानंद को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अठारह वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेश बाबू प्रज्ञानंद ने वर्ल्ड नंबर वन मैगनस कार्लसन को हराकर यह विजय प्राप्त की है। शर्मा ने कहा कि, प्रज्ञानंद की यह ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने प्रज्ञानंद के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

- **18 वर्षीय रमेश बाबू प्रज्ञानंद वर्ल्ड नम्बर वन, मैगनस कार्लसन को हराकर विजेता बने हैं।**

# मु.मंत्री ने सरिस्का में 4 शावकों के जन्म पर खुशी जताई

जयपुर, 30 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरिस्का टाइगर रिजर्व में 4 नए शावकों के जन्म के साथ बाघों की संख्या में वृद्धि होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेशवासियों एवं वन्यजीव प्रेमियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, नये शावकों के जन्म से सरिस्का में अब बाघों की संख्या 40 हो गई है। हमारी सरकार बाघों के संरक्षण, संवर्धन सहित उनके अस्तित्व के लिए अनुकूल वातावरण बनाने हेतु संकल्पबद्ध है। उल्लेखनीय है कि, सरिस्का टाइगर रिज़र्व में बाघिन एसटी-22 ने 4 शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही बाघिन एसटी-12 का भी चौथा शावक कैमरे में कैद हुआ है। इससे पहले मार्च में उसके तीन शावक एक साथ देखे गए थे।

- **सरिस्का अभयारण्य में बाघिन एस-22 ने चार शावकों को जन्म दिया है, अब सरिस्का में 40 बाघ हो गए हैं।**

## विचार बिन्दु

ईश्वर बड़े-बड़े साम्राज्यों से ऊब उठता है लेकिन छोटे-छोटे पुष्पों से कभी खिन्न नहीं होता। –रवींद्रनाथ ठाकुर

# सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, चुनाव आयोग के सदस्य सभी संविधान के तहत् जिम्मेदार नागरिक हैं, फिर एक दूसरे के कार्य में बाधा क्यों?

भारत के संविधान में जो व्यवस्थायें दी हैं उनके अनुसार न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका अपने अपने कार्य क्षेत्र व अधिकार क्षेत्र के पूर्ण रूप से स्वतंत्र हैं। वाद विवाद व झगड़े उसी समय पैदा होते हैं जब ये संस्थायें एक दूसरे के दायित्वों में दखल देती हैं। न्यायपालिका के संबंध में सबसे मुख्य बात है कि न्यायपालिका को अपने अधिकार क्षेत्र की चुनौती के बाबत भी उसे सुनने व निर्णय करने का अधिकार है। न्याय अथवा अर्द्ध न्यायायिक अधिकारी जिसे अधिकार नहीं है, उसे भी उतना ही अधिकार है जो सड़क पर चलने वाले व्यक्ति को प्राप्त हैं।

सर्वोच्य न्यायालय देश की सबसे बडी संस्था है और शक्तिशाली भी। संविधान ने हमें मूल अधिकार दिये हैं, वे बहुत महत्वपूर्ण हैं। मूल अधिकार के संरक्षण का अधिकार, सिविल कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को दिये हैं। यद्यपि सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं कई निर्णयों में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट से न्याय मांगने से पूर्व पहिले नीचे की अदालत से न्याय की गुहार करना चाहिये। साधारण रूप से इसकी पालना होती है, किन्तु समय-समय पर बडी संस्था अपने विवेक के अनुसार अनुच्छेद 32 की याचिका पर मूल अधिकार के खण्डन होने पर कार्यवाही कर सकती है। इसी प्रकार पीआईएल का मामला है। कोई भी एडवोकेट पीआईएल जनहित में दाखिल कर सकता है। ऐसी पीआईएल की बाढ़ आ रही है। इन सबके कारण सही न्याय मिलना कठिन होता जा रहा है। इन दिनों सैकडों पीआईएल दायर हुई हैं। एडीआर की याचिका 2019 में पेश हुई थी जो Form No.17 C Part-I (Account of Votes Recorded के बाबत हैं।

पिटीशन के एडवोकेट, चुनाव आयोग व सरकार की ओर से कई वैधानिक प्रश्नों पर बहस हुई और अन्त में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश शर्मा के वेकेशन बैंच ने कहा कि स्थिति में भारी परिवर्तन हो चुका है, अब आयोग के लिये आवश्यक मैन पावर की व्यवस्था करना कठिन व चुनौती पूर्ण होगा। सुप्रीम कोर्ट ने बूथ वार मतदान का डेटा जारी करने की याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता की ओर से यह मांग की गई थी कि इस प्रकरण की चुनाव के बाद सुनवाई की जावे।

चुनावों के मामले में चुनाव आयोग पूर्ण रूप से सक्षम है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने यही दृष्टिकोण अपनाया है कि कोर्ट का दखल न हो। आयोग के एडवोकेट मनिन्दर सिंह की बहस थी कि याचिका संदेह के आधार पर है अतः इस पर सुनवाई नहीं की जानी चाहिये। इस केस में अन्तरिम आदेश व फाइदल आदेश में फर्क नहीं है। लेखक का अपना विचार है कि अन्तरिम सहायता और फाइनल आदेश में अधिक अन्तर न हो तो पिटीशन में Final Disposal का नोटिस देना उचित होगा। इससे केसों का निस्तारण अधिक होगा। बहस का सार यही था कि संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा होना चाहिये तथा केवल कानून के ज्ञान से यह नहीं मानना चाहिये कि सभी विषयों के एडवोकेट व जज एक्सपर्ट हैं। जजों की ट्रेनिंग आवश्यक है। मुसलमानों की धार्मिक पुस्तक कुरान में उल्लेख मिलता है जहां कहा गया है, हे! खरीफा तेने बहुत न्याय कर लिया अब वहीं वापिस जा और शिक्षा प्राप्त कर जहां से तू आया है। केन्डीडेट्स के एजेन्टों के पास Form 17 C में मतदान डेटा दिया गया है, इसके अतिरिक्त भी उनके पास अन्य विवरण रहते हैं। अतः डेटा में परिवर्तन करना संभव ही नहीं है।

Form 17 C का यह केस एक उदाहरण है कि कोर्ट, आयोग, एडवोकेट आदि यदि शुद्ध भाव से चुनाव की प्रक्रिया को करें तो गलती की संभावना को समाप्त किया जा सकता है। इस केस में 2019 ही में निर्णय हो जाना चाहिये था, किन्तु यह प्रकरण 2024 तक चलता रहा और अन्त भी जिस तरह हुआ वह कोर्ट का यशस्वी निर्णय न होकर केस का निस्तारण मात्र का आदेश था।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट पर केसेज का भार बहुत है, इसे कम करने के लिये ट्रिब्यूनल्स का विकास किया गया, किन्तु इसके विपरीत भी हाईकोर्टस् विशेष विषयों की ट्रिब्यूनल के आदेश में दखल दे रही हैं। ऐसे मामलों में इन विषयों के दो भिन्न आदेश भी मिलते हैं, किन्तु सब कुछ हो रहा है। डिमाण्ड फॉर जस्टिस करना आवश्यक मानकर पिटिशन खारिज कर दी जाती हैं, जबकि नोटिस पर डिमाण्ड स्टेचूटरी आवश्यकता नहीं है। यह तो ब्रिटेन की रिट अदालतों की एक प्रेक्टिस मात्र थी और कई सालो पहले वहां यह प्रेक्टिस समाप्त हो चुकी है; किन्तु हमारा देश इस बोझे को उठा रहा है। धर्म की प्रेक्टिस का विषय हो, चुनावों के मामले हों, कृषि कानूनों का सवाल हो, चुनावों का प्रकरण हो अनेक केसेस कोर्ट में लम्बित हो जाते हैं, चलते रहते हैं और मुख्य विषय तो गौण हो जाते हैं। मुख्य केस में स्टे के आदेश में केस चलता रहता है, न स्टे का केस निर्णित होता है और न मुख्य केस ही। एडीआर की याचिका 2019 में पेश हुई थी। एडीआर का पूरा नाम एनजीओ एसोशियेशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफोर्मस। इस केस का संबंध है Form No.17 C Part-I (account of Votes Recorded 2019 से 2024 तक यह केस चला है।

**सर्वोच्य न्यायालय देश की सबसे बडी संस्था है और शक्तिशाली भी। संविधान ने हमें मूल अधिकार दिये हैं, वे बहुत महत्वपूर्ण हैं। मूल अधिकार के संरक्षण का अधिकार, सिविल कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को दिये हैं। यद्यपि सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं कई निर्णयों में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट से न्याय मांगने से पूर्व पहिले नीचे की अदालत से न्याय की गुहार करना चाहिये।**

सुप्रीम कोर्ट में एक पीआईएल में यह प्रश्न उठाया गया है कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर जो मत डाले गये हैं, जिनका विवरण फार्म 17 सी में दर्ज हुये हैं, उनका प्रकाशन सार्वजनिक रूप से 48 घण्टों में होना चाहिये। प्रार्थी एडीआर का कथन था कि चुनाव आयोग ने मतगणना के सही आंकडे जारी नहीं किये हैं, अतः लोकसभा चुनाव नये सिरे से हों। यह भी अनुरोध किया था कि चुनाव आयोग को यह निर्देशन दिया जावे कि वह वर्तमान में हो रहे लोकसभा चुनावों के दौरान प्रत्येक बूथ पर हुये मतदान के डेटा को अपनी वेबसाईट पर अपलोड़ करें।

लेखक यह मानता है कि प्रायः वर्तमान में दायर की गई जनहित याचिकायें प्रचार के लिये हैं। कई याचिकायें तकनीकी आधार पर दोषपूर्ण पाई गई हैं। यह अपेक्षा की जाती है कि जिस व्यक्ति (एडवोकेट अथवा अन्य) ने पीआईएल दायर की है उसके विषय पर रिसर्च की होगी, किन्तु प्रायः ऐसा नहीं होता कृषि चुनावों को चुनौती देते समय कुछ ऐसा ही हुआ था। वाद का कारण पैदा हुआ और दूसरे ही दिन पिटीशन दायर हो जाती है। ईवीएम पर सवाल उठाये गये हैं। कई बार चुनाव हो चुके हैं, फिर भी प्रत्येक बार चुनाव के समय ईवीएम पर प्रश्न उठाये जाते रहे हैं। आज के डिजीटल युग में जो साधन उपलब्ध हो रहे हैं, उनमें दोष ढूँढना कठिन कार्य है। बहुत अनुसंधान व परीक्षण के बाद ये मशीन काम में ली गई हैं। इनमें भी परिवर्तन व परिवर्धन होता रहा है। अब ईवीएम के साथ वीवी पैट गिनती के सत्यापन के लिये है। अब जाकर यह विवाद शान्त हुआ। आप बटन दबावें और आपको वांछित जानकारी मिल जायेगी। दूसरा प्रश्न जो बाधा बनकर सामने आता है वह है तकनीकी जानकारी का अभाव है। यह तो नहीं कहा जा सकता कि हमारे जजेज भी तकनीकी रूप से उतने ही दक्ष हैं, जिन्होंने यह प्रक्रिया बनाई है।

प्रथम चुनाव के समय ही चुनाव कानून बनायें गये थे और चुनावों के विषय में विवादों के निपटारे के लिये Electiion Tribunal बनाये गये थे। चुनाव की घोषणा होने पर आचार संहिता लागू होती है और चुनावों के अपराधों के बाबत समुचित प्रावधान हैं। हेट स्पीच और गलत Personation के उपरान्त आदि के बाबत फौजदारी कार्यवाही का प्रावधान है। सबसे महत्वपूर्ण बात इसमें यही है कि चुनाव कोर्ट का अधिकार क्षेत्र उसी समय आता है जब चुनाव का नतीजा घोषित कर दिया जाता है। इसके अतिरिक्त ट्रिब्यूनल चुनाव को उसी समय निरस्त करती है जब यह मानने के लिये पर्याप्त सबूत हों कि जो कृत्य हुये हैं उनके कारण चुनाव का रिजल्ट गम्भीर रूप से प्रभावित हुआ हो। इतने बडे देश में नहीं के बराबर चुनाव याचिकायें हाईकोर्ट में प्रस्तुत की जाती हैं। उपरोक्त दो विषयों पर ऊपर हमने विचार किया है। जबकि ये विषय की चुनाव याचिका के विषय हो सकते थे। देश की राजधानी दिल्ली है और सीट ऑफ सुप्रीम कोर्ट भी दिल्ली ही में है अतः दिल्ली के वकीलों के लिये सुप्रीम कोर्ट का रास्ता सहज हो जाता है। चुनाव कानूनों में सुधार की आवश्यकता हो तो कानून में संशोधन किया जा सकता है, किन्तु देश हित में चुनावों के बाबत पीआईएल का रास्ता बंद होना चाहिये। चुनाव याचिका का तरीका अच्छा था, उससे देश भर के लोगों को न्याय मिलता रहा है। माननीय सुप्रीम कोर्ट को इस बाबत संविधान पीठ गठित कर चुनाव याचिका के विषय को स्पष्ट करना चाहिये और संदेश देना चाहिये कि सर्वोच्च न्यायलय चुनाव संबंधित विषयों पर सुनवाई नहीं करेगा, हाँ सुनवाई अवश्य होगी, चुनाव याचिका की अपील में। वर्तमान में निर्वाचक संबंधित मामलों में न्यायालय का हस्तक्षेप अनुच्छेद 329 में वर्जित किया गया है।

वर्तमान चुनावों में जो कटुता राजनीतिक पार्टीयों में देखी गई है, वह चिन्ता का विषय है। चुनाव कानूनों में संशोधन की अति आवश्यकता है। चुनावों में जो काला धन काम में आता है, उसे कैसे रोका जावे, इस पर विचार होना चाहिये। बैंक बॉन्ड के विचार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया है। समय निकल चुका है, फिर भी चुनाव में खडे होने वालों की योग्यता को परिभाषित शीघ्र करना चाहिये और जो नागरिक संविधान के अनुच्छेद 51क के अनुसार मूल कर्त्तव्यों की पालना नहीं कर रहा है तो उसे Disqualify किया जा सकता है। रेलवे मार्ग को सड़कों को अवरोध करने और सार्वजनिक व जनता की सम्पत्ति की तोडफोड करने वालों को चुनाव लडने से Disqualify किया जाना चाहिये। एक देश एक चुनाव क्रान्तिकारी कदम है। संविधान, आर पी एक्ट आदि में संशोधन करना देश हित में है।

'यतो धर्मस्ततो जयः'

–अतिथि सम्पादक,
पानाचन्द जैन,
पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट

# तथ्यहीनता का भी एक मनोविज्ञान होता है



डॉ. रामावतार शर्मा

हजारों साल तक मनुष्य इस धरती पर पांच-दस लोगों के समूह में रहता था। उस दौर में न खेती थी और न ही घर की सुरक्षा थी। ऊपर से हर तरफ खतरनाक जंगली जानवरों की भीड़ हुआ करती थी। पेड़ों पर टंगा-छुपा मनुष्य सांप, अजगर, चीते आदि जीव-जंतुओं के बीच हर समय व्यक्तिगत सुरक्षा और भूख से घिरा रहता होगा। चूंकि यह दौर हजारों वर्ष जारी रहा तो मनुष्य की आनुवांशिकता में कितने ही व्यवहार अंकित हो गए जिनको मिटाना आसान नहीं है।

यहां इस बात का ध्यान रखना होगा कि सम्मान और सुरक्षा का जीवन व्यतीत करते हुए तो मनुष्य को चंद सौ साल का ही समय गुजरा है और व्यक्तिगत स्वतंत्रता तो मात्र दो सौ साल के आसपास ही विकसित हुई है। ऐसे में यह मान लेना कि हम या फिर हमारे विशेषज्ञ, नेता और गुरु लोग सबकुछ जानते होंगे तो यह हमारी नासमझी ही होगी।

स्वीडन में एक फिजिशियन रहते है जिनका नाम है हांस रोसलिंग। इन्होंने तथ्यात्मकता को लेकर कई बड़े प्रयोग किए हैं और वृहद अध्ययन भी किया है जिसको इन्होंने अपनी एक पुस्तक फैक्टफुलनेस में संग्रहित किया है। डॉक्टर रोसलिंग के प्रयोग स्पष्ट रूप में इंगित करते हैं कि उच्च शिक्षित लोग भी तथ्य की अधिक जानकारी नहीं रखते हैं इसलिए सरकार के निर्णय विश्व में उतना परिवर्तन नहीं ला सकते हैं जितना धन इन निर्णयों के आधार पर विभिन्न योजनाओं पर व्यय होता है। दुनिया की सरकारें तथ्यहीन सूचनाओं के आधार पर असंख्य निर्णय लेती रहती हैं। यही कारण है कि सरकारी योजनाओं की बार बार समीक्षा होती रहती है। यहां सरकार किसी जनहित के लिए ऐसा नहीं करती है बल्कि तथ्यहीन सूचनाओं के आधार पर लिए गलत निर्णय को सही सिद्ध कर रही होती है। इस व्यवहार के कारण अपार जन धन की बर्बादी होती है।

डॉक्टर रोसलिंग को एक बार संयुक्त राष्ट्र संघ के एक बड़े सम्मेलन में आमंत्रित किया गया जहां उन्हें विश्व के राष्ट्रों के उच्चाधिकार प्राप्त लोगों को संबोधित करना था। उनके संबोधन के दौरान जो बातें सामने आई वे विस्मित कर देने वाली थी। विश्व के तथाकथित विद्वान लोग जिनके द्वारा राष्ट्रों का भविष्य निर्धारित होता था वे तथ्यों को लेकर बहुत भ्रमित नजर आए। पाया गया कि तकरीबन हर सरकार द्वारा पुरानी, अर्थहीन, अंदाजन और पूर्वाग्रहों पर आधारित जानकारी को तथ्य का आधार बना कर निर्णय लिए जाते हैं। भारत का ही यदि एक उदाहरण लिया जाए तो दो सौ स्मार्ट शहर, स्वच्छ भारत के तहत करोड़ों सुविधाओं का निर्माण आदि के बारे में हम कितने तथ्यों को जानते हैं ? हमारे सारे विचार तथ्यहीन निष्कर्षों और अपनी किसी राजनीतिक पार्टी के प्रति श्रद्धा पर आधारित हैं। तथ्य आधारित अध्ययन नहीं करने के कारण कितने ही व्यापारिक प्रतिष्ठान असफल होते रहते हैं। देखा गया है कि लोग समाज के बारे में पुरानी धारणाओं को ही आधार बनाए रहते हैं। वे लगातार हो रहे परिवर्तनों को नहीं देख रहे होते हैं और हर बात के बारे में अपने अनुमान को ही सत्य मानने की भूल करते हैं। इसके अलावा तथ्यात्मक आंकड़े भी एकमात्र आधार नहीं हो सकते हैं। लोगों में अध्ययन करने, सुनने और संवाद करने की कला गुम होती जा रही है। लोग उसी बात को सुनना पसंद करते हैं जो वे सोचते हैं। कोई भी बात जो उनके विचारों के अनुसार नहीं है परंतु तथ्य पर आधारित है उसे लोग स्वीकार नहीं करते हैं। डॉक्टर रोसलिंग के शोध इंगित करते हैं कि दुनिया के असंख्य व्यापारिक प्रयास इन्ही कारणों से असफल होते हैं और उद्विग्न असफलता तथा अवसाद के शिकार होते हैं।

मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो लगता है कि लोग तथ्यों की बजाय किंवदंतियों, चमत्कारों, ग्रहों, आशीर्वादों और शुभ मुहूर्त आदि पर अधिक विश्वास करते हैं। इस विश्वास को अंधविश्वास कहना इसलिए उचित होगा क्योंकि ऐसा सब करने के बाद भी असंख्य व्यापार असफल होते हैं, लाखों रिश्ते टूटते हैं, अधिकतर लोग कष्ट में बने रहते हैं। इस बारे में एक सामान्य सी बात काफी कुछ बता सकती है। यदि सरसरी तौर पर देखा जाय तो पूरे विश्व में हिंसा, आतंक, दमन, प्राकृतिक आपदा, प्रतिद्वंदिता और मानव निर्मित विध्वंश का साम्राज्य फैला हुआ है परंतु गौर से देखा जाए तो यह तथ्यों की बजाय अवधारणा और सरसरी सूचनाओं पर आधारित नजरिया है। दुनिया में उतना बुरा नहीं हो रहा जितना बताया जा रहा है। कई कठिनाइयों और कितनी ही गलत नीतियों के बावजूद दुनिया बेहतर ही हुई है। गरीबी कम हुई है, लोगों की औसत उम्र में वृद्धि हुई है, महिला शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता में प्रगति हुई है।

सरकारें चाहे तंत्र को नियंत्रित करने का प्रयास करें परंतु सोशल मीडिया द्वारा लोगों को अपनी आवाज उठाने के बड़े अवसर प्राप्त हुए हैं। वॉट्सएप के दुरुपयोग के बावजूद तथ्य आधारित प्रकाशन भी हो रहे हैं। कितने ही लोग पर्यावरण, जंगल और पहाड़ों को लालच के कारण नष्ट कर रहे हैं तो कितने अन्य लोग इनको बचाने के लिए भी प्रयासरत हैं।

मनुष्य चमत्कारों, कहानियों, चुगली और पूर्वाग्रहों तथा भूतकाल की बातों में बड़ा आनंद लेने का आदी रहा है। यह सब एक तरह की आनुवंशिकता हो गई है। नाटकीयता हजारों सालों से मनुष्य के मनोरंजन का एकमात्र साधन रही है इसलिए वह उसके जहन का हिस्सा हो चली है। यही कारण है कि विद्वान इतिहासकारों को अपशब्द कह कर लोग फिल्म को ऐतिहासिक तथ्य मानते हैं। हमें हमारी मूल प्रवृत्ति (नेचुरल इंस्टिंक्ट) को खोना नहीं है परंतु हमारे निर्णय तथ्यों पर आधारित होने चाहिएं। तथ्य आपको गलत सिद्ध कर देंगें, आपके अहंकार पर चोट करेंगे पर आखिर में आपको सफल बनाने में सहायक होंगे। तथ्य को जानने वाला व्यक्ति विनम्र होता है क्योंकि उसका अहंकार कमजोर पड़ जाता है। तथ्यात्मक विनम्रता पर आधारित जीवन में प्रवेश करते ही संसार उतना बुरा नहीं नजर आएगा जितना आप सोचते थे। संसार उतना बुरा है नहीं जितना आप सोचते हैं वरना आप भला यहां अमर बने रहने के भागीरथी प्रयास क्यों कर रहे होते? तथ्य जानिए और तथ्य को ही मानिए क्योंकि इसी को शायद दिव्य दृष्टि कहा गया है।

–डॉ. रामावतार शर्मा,
(चिकित्सक एवं लेखक)

# सार्वजनिक रास्ते को खुलवाने की मांग, ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में सार्वजनिक रास्ते को खुलवाने के मांग को लेकर गुरुवार शाम को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर रास्ता खुलवाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने दबंग लोगों पर पक्का निर्माण कार्य कर रास्ते को बंद करने का आरोप लगाया है।

**■ ग्रामीणों ने दबंग लोगों पर पक्का निर्माण कार्य कर रास्ते को बंद करने का आरोप लगाया**



सिंघाना के खानपुर गांव के लोगों ने सार्वजनिक रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

जानकारी अनुसार खानपुर से पुहानिया, चितौसा जाने वाले रास्ते को दबंग लोगों द्वारा पत्थर डालकर व पक्का निर्माण कर बंद कर दिया। रास्ते पर हो रहे पक्के निर्माण को लेकर जब बात की गई तो उन्होंने अनसुनी कर दिया। जिस पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रास्ता खुलवाने की मांग की। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि यह आमजन के निकलने के लिए तीस साल पुराना रास्ता है, जिस पर गांव के ही दबंग लोगों द्वारा पक्का निर्माण व पत्थर डालकर बंद कर दिया, जिसको लेकर ग्रामीणों की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों तक शिकायत भी की गई है, लेकिन अधिकारियों द्वारा रास्ते को खुलवाने को लेकर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने से ग्रामीण विरोध में उतर आए। उन्होंने बताया कि रास्गते में निर्माण कार्य होने से रास्ता बंद हो गया तथा आमजन को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि प्रशासन ने जल्द ही मामले में कोई संज्ञान लेकर नहीं खुलवाया तो ग्रामीणों की ओर से मजबूरन आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर महेंद्र डेला, मुनेश कुमार, बजरंग लाल, अमित डाटिका, विकास धौलू, रामचंद्र डेला, दुलीचंद डेला, ईश्वर कुमार, पवन कुमार, देवीलाल, दुलीचंद, शत्रु सिंह, शीशराम, पवन कुमार, राकेश कुमार, नरेश कुमार, शीशराम, अमर सिंह, वीर सिंह, बनवारी लाल, महेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रचंड गर्मी में पानी की किल्लत से चूरू शहर की जनता परेशान

चूरू, (कासं.)। प्रदेश में गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखा रही है। जिला मुख्यालय पर भी गर्म हवाओं के कारण आम नागरिकों का घरों से निकालना बंद हो गया है। चूरू में भी तापमान एक बार 50 डिग्री पार कर चुका है, जहां एक ओर आम जनता गर्मी से त्राही-त्राही कर रही हैं वहीं दूसरी ओर शहर में बढ़ती पानी की किल्लत भी शहरवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्य शहर में पानी की सप्लाई में काम आने वाले अनेको ट्यूबवेल कहीं सूख चुके हैं तो कहीं पर पानी का स्तर नीचे होने से मोटर जल रही हैं जिस कारण जहां एक ओर आम जनता पानी की किल्लत से जूझ रही हैं। वहीं दूसरी ओर विभाग पर भी अत्यधिक गर्मी के कारण काम का दबाव बढ़ गया है। वहीं दूसरी ओर आचार संहिता भी आम जनता के लिए परेशानी का सबब बन रही है। जानकारी के अनुसार शहर की प्रमुख सड़क नई सड़क पर पानी की सप्लाई करने वाले ट्यूबवेल का पानी खत्म हो चुका है

**■ मुख्य शहर में पानी की सप्लाई में काम आने वाले कई ट्यूबवेल सूख चुके हैं**

जिस कारण से अब वहां पर नए ट्यूबवेल के लिए आचार संहिता के कारण टेण्डर नहीं हो पा रहे हैं जिस कारण से इस प्रचंड गर्मी में आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विभाग का काम भी इस कारण से बढ़ता जा रहा है क्योंकि वैकल्पिक पानी की व्यवस्था के लिए विभाग को भी भारी मशक्कत करनी पड़ रही है, क्योंकि शहर के एक इलाके में पानी न आने के कारण दूसरे ट्यूबवेल का सहारा लेना पड़ रहा है जिससे न तो पानी पर्याप्त मात्रा में मिल पा रहा है और ना ही उचित प्रेशर आ रहा है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नए ट्यूबवेल की खुदाई के लिए टेण्डर प्रक्रिया से होकर गुजरना पडेगा जो आचार संहिता के बाद ही होगा।

# तकनीकी कार्य के चलते 8 व 15 जून को कई ट्रेनों का मार्ग बदला

**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर-पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के किशनगढ़-मंडावरिया स्टेशनों के बीच तकनीकी कार्य कराए जाने के कारण 8 व 15 जून को कई ट्रेनों का मार्ग बदला गया है ऐसे में अधिकांश ट्रेन जोधपुर होकर गुजरेगी और रास्ते के स्टेशनों पर ठहराव भी करेगी।

जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जयपुर के किशनगढ़-मंडावरिया स्टेशनों के मध्य अगले माह एलएचएस निर्माण के अंतर्गत आरसीसी बॉक्स स्थापित हो रहे हैं, ऐसे में 9 व 16 जून को ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा, जिससे रेल यातायात प्रभावित रहेगा और कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। कई ट्रेनें वाया मेड़ता रोड-जोधपुर गुजरेगी और चिन्हित स्टेशनों पर इनके किए गए ठहराव से स्थानीय यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि ट्रैफिक ब्लॉक के कारण प्रमुख ट्रेनें श्रीगंगानगर-बांद्रा टर्मिनस अमरपुर अरावली एक्सप्रेस, वाराणसी-साबरमती वीकली एक्सप्रेस, पोरबंदर-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट और हरिद्वार-साबरमती स्पेशल एक्सप्रेस 8 व 15 जून को जोधपुर के परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

इन ट्रेनों का रुट बदलेगा :-ट्रेन 14701, श्रीगंगानगर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस जो 8 व 15 जून को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग रींगस-फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर-मारवाड़ जंक्शन के रास्ते संचालित होगी और परिवर्तित मार्ग में कुचामन सिटी, मकराना, डेगाना, मेड़ता रोड-जोधपुर व लूनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन 19408, वाराणसी-साबरमती एक्सप्रेस जो 8 जून को वाराणसी से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-मेडता रोड-जोधपुर-मारवाड़ जंक्शन होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रींगस, नीमकाथाना, नारनौल, फुलेरा, मकराना, डेगाना, मेड़ता रोड, जोधपुर व लूनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन 19408, वाराणसी-साबरमती एक्सप्रेस जो 15 जून को वाराणसी से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर-मारवाड़ जंक्शन होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह फुलेरा, मकराना, डेगाना,जोधपुर व लूनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

ट्रेन 20937, पोरबंदर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस जो 8 व 15 जून को पोरबंदर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग मारवाड़ जंक्शन-जोधपुर-मेड़ता रोड-डेगाना-रतनगढ़-चूरु-लोहारु व रेवाड़ी होकर संचालित होगी तथा मार्ग में लूनी, जोधपुर, मेड़ता रोड़, डेगाना, रतनगढ़, चूरु, सादुलपुर और लोहारु स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

ट्रेन 09426, हरिद्वार-साबरमती एक्सप्रेस जो 8 व 15 जून को हरिद्वार से प्रस्थान करेगी। वह परिवर्तित मार्ग फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर-मारवाड़ जंक्शन होकर संचालित होगी तथा मार्ग में मकराना, डेगाना, मेड़ता रोड,जोधपुर व लूनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

15014, काठगोदाम-जैसलमेर रानीखेत एक्सप्रेस जो 8 व 15 जून को काठगोदाम से प्रस्थान करेगी वह रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर होकर जैसलमेर जाएगी तथा परिवर्तित मार्ग में नारनौल, नीमकाथाना, रींगस, फुलेरा, कुचामन सिटी, मकराना, डेगाना व मेड़ता रोड स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

15013, जैसलमेर-काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस जो 9 व 16 जून को जैसलमेर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग जोधपुर-मेड़ता रोड-फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर चलेगी तथा मार्ग के मेड़ता रोड, डेगाना-मकराना-कुचामन सिटी-फुलेरा-रींगस-नीमकाथाना व नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## राशिफल शुक्रवार 31 मई, 2024



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, शतभिषा नक्षत्र प्रातः 6:14 तक, विष्कुम्भ योग सांय 6:04 तक, कौलव करण प्रातः 9:39 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 11:10 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-मीन, बुध-मेष, गुरू-वृष, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज बुध वृष राशि में दिन 12:12 पर प्रवेश करेगा। आज पंचक और त्रिलोकनाथ अष्टमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:14 तक, लाभ-अमृत 7:14 से 10:42 तक, शुभ 12:24 से 2:06 तक, चर 5:30 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:11


### मेष


आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। चलते कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### वृष

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### मिथुन

नवीन कार्यों के संबंध में सुसंदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### कर्क

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। मानसिक तनाव बना रहेगा।

### सिंह

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।


### कन्या

व्यावसायिक कार्यों से परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक विवादों का निपटारा हो सकता है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला

परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।


### वृश्चिक


घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे।

### मकर

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

### कुंभ

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अतिथियों के आगमन से परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मीन

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

# चिकित्सा विभाग ने प्रदेश में हीटवेव से अब तक केवल पांच मौतें होना ही माना

## विभाग ने मीडिया में प्रसारित आंकड़ों को तथ्यों से परे बताया है

**जयपुर।** चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न मीडिया रिपोर्ट में जारी प्रदेश में हीटवेव से मौतों की संख्या को नकारते हुए कहा है कि राज्य में इससे केवल पांच लोगों की मौत हुई है।

चिकित्सा विभाग के जन स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने कहा है कि प्रदेश में हीटवेव को लेकर समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव को लेकर मार्च माह से ही तैयारियां प्रारम्भ कर दी थी। इसके चलते राज्य में हीटवेव की प्रबलता के बावजूद स्थितियां पूरी तरह नियंत्रण में है।

उन्होंने कहा है कि विभिन्न मीडिया माध्यमों में हीटवेव से मौतों की जो संख्या प्रकाशित या प्रसारित की जा रही हैं, वे तथ्य से परे हैं। हीटवेव से होने वाली मौतों के प्रमाणिक आंकड़े चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ही जारी किए जा रहे हैं। यह आंकड़े भारत सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार डेथ ऑडिट कमेटी द्वारा मौत के कारणों की जांच कर जारी किए जाते हैं।

उन्होंने कहा है कि डेथ ऑडिट कमेटी हीट स्ट्रोक से संदिग्ध मौतों की जांच भारत सरकार द्वारा निर्धारित पैरामीटर्स के अनुसार करती है। इन पैरामीटर्स के अनुसार अगर कोई मौत हीट स्ट्रोक से पाई जाती है तो उसे प्रमाणित कर उसकी रिपोर्ट आईएचआईपी पोर्टल पर प्रेषित की जाती है। आईएचआईपी पोर्टल पर जारी आंकड़े ही प्रमाणिक हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार तेज गर्मी के दौरान गंभीर बीमारियों एवं अन्य कारणों से भी मौतें हो जाती हैं। प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें हीट स्ट्रोक से होना नहीं माना जा सकता।

डॉ. माथुर ने कहा कि हीटवेव से होने वाली मौतों को लेकर आमजन भयभीत एवं भ्रमित नहीं हों। प्रदेश में अब तक हीटवेव से 5 मौत हुई हैं। इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि हीटवेव से मौतों का होना दुखद है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश में हीटवेव से जनहानि नहीं हो। विभाग हीटवेव को लेकर पूरी सतर्कता और सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है तथा हर स्थिति की मुख्यालय के साथ ही जिला स्तर से भी प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है।

सूत्रों की मानें तो जयपुर में लू से गुरुवार को 1 और मौत हो गई। राजस्थान रोडवेज के जयपुर डिपो में कार्यरत ड्राइवर भीलवाड़ा से बस चलाकर रात करीब डेढ़ बजे जयपुर सिंधी कैंप पहुंचा था। सिंधी कैंप से वह जब रोडवेज मुख्यालय के पास स्थित जयपुर डिपो पहुंचा तो उसकी तबीयत बिगड़ गई। साथी कर्मचारियों ने सुबह 3 बजे उसे सवाई मानसिंह अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रोडवेज कर्मचारियों का कहना है कि लू लगने से भोपाल सिंह की तबीयत बिगड़ गई। हालांकि इस बारे में कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी है।



राष्ट्र सेविका समिति वायव्य क्षेत्र प्रबोध वर्ग का पथ संचलन गुरुवार को आगरा रोड के अग्रसेन मार्ग स्थित अग्रवाल पीजी कॉलेज से निकला। देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित संचलन में 260 युवतियों और किशोरियों ने भाग लिया। संगठन सुपंथ पर बढ़े चलो गीत की स्वर लहरियों के बीच कदमताल करती युवतियां हाथ में ध्वज थामे सधे कदमों से पंथ संचलन करती निकली तो हर किसी का गर्व से सीना चौड़ा हो गया। अग्रवाल कॉलेज, घाटगेट, रामगंज बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट होते हुए पथ संचलन अग्रवाल कॉलेज पहुंचा। मार्ग में समाज के अलग-अलग समूहों ने पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को गुरूवार को विधानसभा में डॉ. निमिषा गौड ने नव भारत अंतिम पंक्ति का उत्कर्ष पुस्तक की प्रति भेंट की। देवनानी ने लेखिका को रचनात्मक प्रयास के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। देवनानी को डॉ. गौड ने बताया कि पुस्तक में देश के बारह राज्यों में महिलाओं द्वारा पंचायती राज के माध्यम से जीवन में परिवर्तन लाने वाली कहानियों का समावेश किया गया है।

# चौड़ा रास्ता में दीवार पर लिखे भारत विरोधी नारे

■ विधायक बाल मुकुंद आचार्य ने पुलिस को दिए कार्रवाई के निर्देश

**जयपुर।** असामाजिक तत्वों ने चौड़ा रास्ता में एक दीवार पर भारत विरोधी नारे लिख दिए। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। हवामहल विधायक ने जानकारी मिलने पर पुलिस को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। कोतवाली थाना पुलिस इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार को किसी ने चौडा रास्ते में पाकिस्तान जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पंजाब मुक्त के नारे लिख दिए। स्थानीय लोगों की सूचना पर हवामहल विधायक बाल मुकुंद आचार्य मौके पर पहुंचे और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को फोन कर मामले की जांच करने के निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि जल्द ही पता लग जाएगा कि भारत विरोधी नारे जयपुर में किसने लिखे है। इस प्रकार से असामाजिक तत्व आमजन में वैमनस्यता फैलाने की कोशिश कर रहे है। इस कोशिश को किसी भी सूरत में कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि दीवार पर किसी ने भारत विरोधी नारे लिख दिए थे। इन नारे को मिटा दिया गया है। मामले की शिकायत मिली है। इस पर जांच की जा रही है। घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बालमुकुंद आचार्य को मिली जान से मारने की धमकी

■ 'जिस दिन गलता गेट आएगा...तेरा आखिरी दिन होगा'

**जयपुर।** हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। लगातार मिल रही धमकियों के बाद बीजेपी विधायक बालमुकुंद आचार्य गुरुवार को कमिश्नर ऑफिस पहुंचे। जहां पर विधायक ने जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ से की मुलाकात और शिकायत पत्र सौंपा। इस दौरान बीजेपी विधायक ने खुद की जान का खतरा बताते हुए जिहादी प्रवृत्ति के लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ से मुलाकात से पहले विधायक बालमुकुंद आचार्य ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि बुधवार शाम को जयपुर में एक दीवार पर पाकिस्तान के बारे में कुछ लिखा हुआ था। इसके बाद मैंने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। जिस पर सोशल मीडिया पर अनगिनत मैसेज आए। जिसमें मुझे जान से मारने की धमकी दी।उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से उन्हें जान से मारने की धमकी के मैसेज लगातार मिल रहे है। हाल ही में डॉक्टर जुनैद खान नाम के शख्स ने धमकी दी कि जिस दिन तू तोफाखाना गलता गेट आएगा, उस दिन तेरा अंतिम दिन होगा। पहले आया कि उसका सिर कलम कर देंगे, बाल काट देंगे। लेकिन, मुझे परमात्मा और सरकार पर विश्वास है। इस बारे में पुलिस को सूचना देना जरूरी है।

# सांगानेर चौराहे से किडनैप हुआ 9 महीने का बच्चा 3 दिन बाद दौसा में मिला

■ बाइक सवार पति-पत्नी उठा ले गए थे, 100 पुलिसकर्मी 72 घंटे तक तलाश में जुटे रहे

**जयपुर।** सांगानेर चौराहे से 3 पहले किडनैप हुआ 9 महीने की मासूम दौसा में मिला है। जयपुर पुलिस के 100 जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी दंपत्ति को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस पूरे मामले में खुलासा करते हुए बच्चे का अपहरण करने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच करते हुए 100 से अधिक पुलिसकर्मियों की टीम ने 72 घंटे की मशक्कत कर किडनैपर्स को गिरफ्तार कर मासूम को छुड़वाया।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सांगानेर चौराहा के पास पुलिया निर्माण का काम चल रहा है। पुलिया निर्माण में मजदूरी पर लगे पति-पत्नी का 9 महीने का बेटा बेलागासा होटल के पास पुलिया के नीचे बड़े भाई के साथ खेल रहा था।

सोमवार दोपहर करीब 4:30 बजे मासूम को संभालने पर गायब मिला। काफी ढूंढने के बाद भी बच्चे का पता नहीं चला। 9 महीने के मासूम के लापता होने की सूचना एयरपोर्ट थाना पुलिस को मिली। पुलिस ने तुरंत आस-पास लगे खंगालना शुरू किया। बाइक सवार पति-पत्नी बच्चे को किडनैप कर ले जाते दिखे थे। बच्चा के किडनैपिंग को लेकर पुलिस की 10 टीमें बनाकर अलग-अलग टास्क देकर भेजा गया। 500 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले गए। पुलिस की टीमों ने 72 घंटे अथक प्रयास के बाद आखिरकार किडनैप मासूम को ढूंढ निकाला। पुलिस ने किडनैप मासूम को छुड़वाया। किडनैप करने वाले आरोपियों को भी अरेस्ट किया। बच्चे को किडनैप करने के आरोपी रमेश कुमार पिनारा 50 निवासी मंडली शिवदासपुरा और उसकी पत्नी पायल 35 निवासी मंडली गांव शिवदासपुरा को अरेस्ट किया है।

## फर्जी डिग्री से सहायक आचार्य की नौकरी पाई

**जयपुर।** एक युवक द्वारा फर्जी डिग्री से सहायक आचार्य के पद पर नौकरी लगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग की ओर से बजाज नगर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार प्रताप नगर निवासी केशव शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि वह एचआरडी कॉलेज शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत है। उनके यहां पर सीकर निवासी सुरेंद्र कुमार ने फर्जी डिग्री के माध्यम से आचार्य पद पर नौकरी प्राप्त कर ली।

# 71 लाख रुपए की लूट मामले में इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने 71 लाख रुपए की लूट मामले में पांच हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया कि 23 अप्रेल को मुहाना सुमेरनगर विस्तार में 71 लाख रुपए की लूट हो गई।

मौके पर पहुंचे थानाप्रभारी मदन कड़वासरा को पीड़ित देवेन्द्र जांगिड ने बताया कि वह सीकर का रहने वाला है और जयपुर में जमीन खरीदने आया था। यहां वह अपने रिश्तेदार के पास 6.05 पर लग्जरी वाहन से अपने भाई के साथ वापस सीकर जाने के लिए रवाना हुआ तो 200 से 300 मीटर दूर ही उनकी गाड़ी के आगे एक्सयूवी लगाकर बदमाशों ने मारपीट कर गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। मारपीट कर वह जमीन खरीदने के लिए लगाए हुए 71 लाख रुपयों से भरा दो बैगों को लूट कर ले गए। आरोपियों को गिरफ्तार करवाने में हैड कांस्टेबल कान सिंह और कांस्टेबल बहादुर सिंह का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि मुख्य साजिशकर्ता पत्रकार कॉलोनी मुहाना निवासी भंवर जयदीप सिंह राणावत फरार हो गया था। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए पांच हजार रुपए का इनाम रखा हुआ था।

पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपने सहयोगी अंकित चौधरी, से पीड़ित मनीष कुमार जांगिड व उसके वाहन की लोकेशन प्राप्त कर रुपए लूटने के लिए रवि कुमार शर्मा को लोकेशन उपलब्ध करवाई। मामले में सहयोगी अंकित चौधरी व अन्य की तलाश जारी हैं।

# अन्तर्राज्यीय मोबाइल चोरी व लूट गैंग का खुलासा

■ 30 लाख रुपये के मोबाइल समेत एक बाल अपचारी निरुद्ध

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने अन्तर्राज्यीय मोबाइल चोरी व लूट गैंग का खुलासा करते हुए तीस लाख रुपये की कीमत के 70 मोबाइल सहित एक बाल अपचारी निरुद्ध किया है और साथ ही चार आरोपियों को नामजद किया है। फिलहाल आरोपी बाल अपचारी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने अन्तर्राज्यीय मोबाइल चोरी व लूट गैंग का खुलासा करते हुए तीस लाख रुपये की कीमत के 70 मोबाइल सहित एक बाल अपचारी निरुद्ध किया है और साथ ही चार आरोपियों को नामजद किया है। पूछताछ में यह गैंग झारखण्ड की है जो भीड-भाड वाली जगह बाजार, रेलवे स्टेशन, सब्जी मंडी के आसपास वाली जगह को चिन्हित करते है । इस जगह के आस पास गैंग के पांच से छह सदस्य किराए पर फर्जी आईडी से मकान किराए पर लेते है । अपने साथ नाबालिक बच्चों को रखते है ताकि किसी को शक नहीं हो। इसके बाद बच्चों के साथ भीड भाड वाले स्थान में खरीदारी खाने-पीने के बहाने जाते है और मौका पाकर कीमती मोबाईल चोरी कर लेते है। आरोपित लगातार एक महिने तक मोबाइल की चोरी करते है और फिर ट्रेन में बैठकर फरार हो जाते है । चोरी किए मोबाइल जामताड़ा झारखंड में साइबर अपराध करने वालों को बेच देते है । इन मोबाइलों का उपयोग अपराधी साइबर अपराध में करते है। पूछताछ से ज्ञात हुआ है फरार सदस्य 200 मोबाइल लेकर गए है।

## ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रकरण में आरोप पत्र पेश

**जयपुर।** एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 में गुरुवार को एसीबी ने फर्जी एनओसी से ऑर्गन ट्रांसप्लांट करने से जुडे मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे चार आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया है। प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी के साठ दिन पूरे होने पर एसीबी ने आरोप पत्र पेश कर अन्य लोगों के खिलाफ जांच लंबित रखी है।

एसीबी ने एसएमएस अस्पताल के एएओ गौरव सिंह, फॉर्टिस अस्पताल के ऑर्गन कोऑर्डिनेटर विनोद सिंह व गिरिराज शर्मा और ईएचसीसी अस्पताल के अनिल जोशी के खिलाफ करीब एक हजार पेश जा आरोप पत्र पेश किया है।

# हनीट्रैप में फंसे कारोबारी ने किया सुसाइड का प्रयास

**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में हनीट्रैप में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग से परेशान कारोबारी ने जहर खाकर सुसाइड करने की कोशिश की। एक महिला ने बिजनेसमैन से दोस्ती की और शारीरिक संबंध बनाकर अश्लील वीडियो बना लिए। इसके बाद हनीट्रैप में फंसाने की धमकी देकर लाखों रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने बताया कि मानसरोवर निवासी 36 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि ब्लैकमेल करने वाली महिला और उसका परिवार भी मानसरोवर में रहता है।

पिछले काफी समय से उसके पति परेशान दिखाई दे रहे थे। पूछने पर बिजनेस अच्छा नहीं चलने की बात कहते थे। अप्रैल के पहले सप्ताह में परेशान रहने पर मैंने जोर देकर कारण पूछा। पति ने बताया कि उसको एक महिला ब्लैकमेल कर रही है। मैरिज गार्डन बुकिंग को लेकर कॉन्टैक्ट में आई थी। इसके बाद उसका परिवार मिलने के लिए घर बुलाने लगा। दंपती चाय-नाश्ते के लिए बार-बार घर बुलाने लगे। उस महिला ने बातचीत कर दोस्ती कर शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो बना लिए। इसके बाद उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। हनी ट्रैप के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर परिवार ने ब्लैकमेल कर लाखों रुपए ले लिए। समझाने पर महिला के माता-पिता से बात करने की कही। 13 अप्रेल को रास्ते में आरोपियों ने उसको रोक लिया। रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगे। उसका वीडियो वायरल कर बदनाम करने की बात कही। परेशान होकर पीड़ित ने आरोपियों के सामने ही जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर आरोपियों ने पीड़ित को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।

# अग्रवाल समाज समिति के चुनाव परिणाम जारी करने को लेकर बहस पूरी

**जयपुर,** (का.सं.)। सिविल न्यायालय जयपुर दक्षिण, महानगर प्रथम अदालत में अग्रवाल समाज समिति के गत 19 मई को हुए चुनाव में अनियमिता और फर्जी मतदान की शिकायत के साथ पेश अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र पर बहस पूरी हो गई है। अदालत प्रार्थना पत्र पर शुक्रवार को अपना आदेश देगी। अदालत ने आनंद गुप्ता व अन्य के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए गत 21 मई को मतगणना और चुनाव परिणाम घोषित करने पर अंतरिम रोक लगा दी थी। गत सुनवाई को वादी और प्रतिवादी पक्ष की ओर से बहस पूरी कर ली गई थी। वहीं गुरुवार को नए पक्षकार राजेन्द्र अग्रवाल व आलोक गुप्ता की ओर से बहस की गई। इनकी ओर से अधिवक्ता प्रेमचंद देवंदा ने कहा कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के दिन ही चुनाव समिति ने लखदातार ग्रुप के साथ मिलभगत कर अनियमितता की गई। मतदान दिवस के दिन बिना पोलिंग एजेंट नियुक्त किए पहले बूथों पर फर्जी मतदान कराया गया।

# पूर्व सी.एम.गहलोत की गलत नीतियों का परिणाम भुगत रही प्रदेश की जनता : अरूण चतुर्वेदी

**जयपुर।** प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते पैदा हुए पानी बिजली के संकट पर कांग्रेस नेताओं द्वारा की जा रही ओछी राजनीति पर पलटवार करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक कुलदीप धनखड़ ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि जब मुख्यमंत्री गहलोत के पास प्रदेश के लिए कुछ करने का अवसर था तब उन्होने कुछ किया नहीं, और अब प्राकृतिक प्रकोप पर राजनीति कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गहलोत और डोटासरा को बंद ऐसी कमरों में बैठकर ट्वीट करने के बजाय फिल्ड में जनता के बीच जाना चाहिए और उनकी समस्याएं सुननी चाहिए। गहलोत एक घोषणावीर मुख्यमंत्री है उनके लिए यह मुहावरा सटीक है, "बोया पेड़ बबूल का तो आम कहां से होय"। 15 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में जल समस्या के समाधान की दिशा में ऐतिहासिक जल जीवन मिशन शुरू करने की घोषणा की थी। इस मिशन में भी गहलोत सरकार ने टेंडर घोटाला कर प्रदेश की जनता के साथ अन्याय किया। केंद्र सरकार की ओर से जल जीवन मिशन योजना के तहत राजस्थान को 27 हजार करोड़ फंड दिया गया था, लेकिन गहलोत सरकार ने इस फंड में से महज 6 हजार करोड़ ही खर्च किया। वहीं जल जीवन मिशन के तहत भाजपा सरकार ने 14,361 करोड़ के 42 टेंडर निकाले हैं। राजस्थान देश की कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत पानी खर्च करता है, जबकि हमारे पास पानी की उपलब्धता केवल 1 प्रतिशत ही है।

भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बकाया होने को लेकर कांग्रेसी नेताओं द्वारा पूर्ण रूप से भ्रम फैलाया जा रहा है। जबकि भाजपा की भजनलाल सरकार ने सत्ता में आने के बाद सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रतिमाह पहुंचाने का कार्य किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक कुलदीप धनखड़ ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम में प्रतिदिन मॉनिटरिंग के लिए भाजपा प्रदेश पदाधिकारी एंव अन्य कार्यकर्ता आमजन की शिकायतें सुनकर उनका समाधान करेंगे। प्रदेशवासी 0141-2220841 नंबरों पर फोन कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी, कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक कुलदीप धनखड़ ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

■ 'गहलोत और डोटासरा एसी कमरों में बैठकर ट्वीट करने की बजाय जनता के बीच जाकर उनकी समस्या सुनें'

■ सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर कांग्रेसी नेताओं ने फैलाया भ्रम, भाजपा सरकार ने मार्च 2024 तक जारी की सभी की पेंशन : जोगाराम पटेल

## अग्निबाण रॉकेट की लॉचिंग पर दी शुभकामनाएं

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुनिया के पहले सिंगल पीस 3-डी प्रिंटेड सेमी कार्योजनिक इंजन द्वारा संचालित रॉकेट 'अग्निबाण' की सफल लॉचिंग पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। देश में स्पेस टेक्नालॉजी के क्षेत्र में यह सफलता मील का पत्थर साबित होगी।

## जहरीली गैस के रिसाव से 3 लोगों की मौत पर गहरा दुःख जताया

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर में सीवर टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस के रिसाव से 3 व्यक्तियों की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

शर्मा ने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच एवं आश्रित परिवार को हर संभव राहत प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**खोया पाया**

मेरे आवास संख्या 70/22 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का अदेय प्रमाण- पत्र कहीं गिर/ गुम हो गया है। जिसकी FIR No.2180314/2024 Date 05/28/2024 01:03::34 P.M. है। मिलने पर सूचित करें- अशोक कुमार जोशी 9414858061

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल (1) मोईन खान (2) कबीर खान पुत्रान् अब्दुल कलाम आजाद ने एक आवासीय प्लॉट संख्या 329, संजय नगर-डी, झोटवाड़ा, जयपुर राजस्थान में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 311.11 वर्गगज को क्रय करने का इकरारनामा दिनांक 29/05/2024 को (1) श्री मूल चन्द आशिवाल (2) श्री आनंदी लाल (3) श्री राम किशोर खटीक (4) श्री गुलाब चन्द आशिवाल पुत्रान् स्वर्गीय श्री मांगू राम उर्फ मांगी लाल से किया है। अगर किसी भी व्यक्ति, बैंक, सरकार, संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति व ऐतराज है तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को मय दस्तावेज आगामी 10 दिवस में सूचित करें बाद मियाद आपत्ति अमान्य होगी।
दिनांक: 30 मई सन् 2024 (अजीज खान) एडवोकेट मो.न.-9784959671

**आम सूचना** सर्वसाधारण सूचित रहे कि मेरा अभिभाष्य देवानन्द गौतम पुत्र श्री प्यारे लाल गौतम निवासी प्लाट नम्बर बी 195, रुकमणी नगर, विजयपुरा, लुनियावास, जयपुर का निवासी है। मेरे अभिभाष्य की पुत्री श्रीमति कृष्णा गौतम पत्नी श्री जसंवत सिंह राजपूत हाल निवासी माधोपुरा, सांचोली, बामनवास, सवाईमाधोपुर हाल जिला गंगापुरसिटी (राज.) ने मेरे अभिभाष्य व उसके परिवारजन की बिना सहमति से मनमर्जी बिना बताये घर से भागकर जंसवत सिंह राजपूत पुत्र कल्लूसिंह राजपूत निवासी माधोपुरा, सांचोली, बामनवास, सवाईमाधोपुर हाल जिला गंगापुरसिटी (राज.) से दिनांक 22.03.2024 को शादी कर ली, जिससे मेरे अभिभाष्य एवं उसके परिवारजन का कोई सम्बंध नही रहा है, ना रहेगा तथा मेरे अभिभाष्य व उसके परिवारजन सभी की जयपुर, दौसा, ग्राम बागौर जिला करोली हाल गंगापुरसिटी मे स्थित समस्त चल व अचल सम्पति से उक्त श्रीमति कृष्णा देवी को बेदखल करते है तथा आज के बाद मेरे अभिभाष्य व उसके परिवारजन की समस्त चल व अचल सम्पति से उक्त श्रीमति कृष्णा देवी का कोई लेना देना हक अधिकार नही रहेगा तथा उक्त श्रीमति कृष्णा देवी को आज के बाद मेरे अभिभाष्य की समस्त चल व अचल सम्पति के सम्बंध में किसी प्रकार की कोई कार्यवाही करने का अधिकार भी नही होगा तथा यदि उसके द्वारा कोई कार्यवाही की जाती है तो वह मेरे अभिभाष्य के हक अधिकारो की प्रति अवैध व शून्य होगी, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी तथा मेरे अभिभाष्य जिम्मेदार नही होगा। सूचित रहे।
(गणेश विजयवर्गीय, एडवोकेट) 9314962747

**नाम परिवर्तन**

मैं तनूजा ज्ञानानी पत्नी श्री सुरेश ज्ञानानी निवासी 518, सिन्धी कॉलोनी, जवाहर नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम तनूजा करमचंदानी से बदलकर तनूजा ज्ञानानी रख लिया है। भविष्य में मुझे तनूजा ज्ञानानी के नाम से जाना जाये।

I have changed my name from Dashmeet Kaur Saluja to Dashmeet Kaur for all purpose. R/o plot no- 209 Govind nagar East Amer road Jaipur Raj.

I have changed my name from Rajendra Chaudhari to Rajendra Choudhary for all purpose. R/o plot no-1 Jamuna colony teen dukan dher ka Balaji sikar road Jaipur. RAJ

# जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत, दो घायल

## निजी सेप्टिक टैंक की सफाई कार्य के दौरान एक मजदूर बेहोश होकर टैंक में गिर गया था

**नदबई, (निसं)।** उप तहसील लखनपुर क्षेत्र के गांव नगला मई में गुरूवार को सुबह एक जने के निजी सेप्टिक टैंक की सफाई कार्य के समय एक मजदूर बेहोश होकर टैंक में गिर गया, जिसे बचाने के लिए एक के बाद एक पांच लोग टैंक में उतर गए, जिनमें से टैंक की जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई तथा दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही प्रशासन व पुलिस में खलबली मच गई और गांव में हाहाकार मच गया। प्रशासन ने ग्रामीणों की मदद से टैंक में से तीन लोगों के शव निकाले और दो लोगों को बेहोशी की हालत में निकाला गया। जिन्हें भरतपुर स्थित आरबीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो लोगों का उपचार जारी है। इधर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना की विस्तार से जानकारी लेकर दुःख जताया और मृतकों के परिजन व रिश्तेदारों को ढांढस बंधाया। साथ ही बीमार अन्य दो लोगों की स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



सूचना मिलते ही प्रशासन के अधिकारी व पुलिस मौके पर पहुंची।

- टैंक में गिरे मजदूर को बचाने के लिए एक के बाद एक पांच लोग टैंक में उतर गए थे
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना की जानकारी लेकर दुःख जताया और परिजन को ढांढस बंधाया

प्राप्त जानकारी के अनुसार नदबई उपखण्ड एवं उप तहसील लखनपुर क्षेत्र के गांव नगला मई में इसी गांव निवासी इन्द्र कुमार के घर बने सेप्टिक टैंक की सफाई का कार्य चल रहा था। जहां चार मजदूर कार्य कर रहे थे। एक मजदूर कार्य करते समय बेहोश होकर टैंक में गिर गया। जिसे बचाने के लिए अन्य चार लोग मदद को आए और टैंक से बेहोश मजदूर को निकालने लगे, जो भी बेहोश हो कर टैंक में गिर गये। बताया जा रहा है कि उक्त सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस बन गई थी, जिस जहरीली गैस से ये हादसा हो गया। टैंक में जहरीली गैस से लोगों के मरने की खबर गांव नगला मई सहित आसपास के गांवों में आग भी तरह फैल गई। जिसने भी सुना वह घटना स्थल पर मदद को दौड़ा आया।

हादसे की सूचना जब प्रशासन को लगी तो भरतपुर, नदबई व लखनपुर आदि स्थान से प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया, जिन्होंने ग्रामीणों की मदद से टैंक से पांचों मजदूरों को निकाला, जिनमें से तीन ने दम तोड़ दिया और दो लोगों की हालत चिन्ताजनक बताई गई है। प्रशासन ने टैंक से निकाल कर पांच लोगों को भरतपुर स्थित आरबीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां सेप्टिक टैंक मालिक सहित तीन लोगों को मृतक घोषित कर दिया। जबकि अन्य लोगों का उपचार जारी है। हादसे में सेप्टिक टैंक मालिक एवं मजदूर आकाश व करनसिंह की मौत हो गई। पुलिस व प्रशासन ने मृतकों का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिए।

# चाय की थड़ी पर सिलेंडर फटा, सात साल का बच्चा जिंदा जला

## बताया जा रहा है कि बच्चा फ्रिज के नीचे फंस गया था, इसलिए निकल नहीं सका



हादसे के बाद मौके पर चारों तरफ तबाही का मंजर नजर आया।

**अलवर, (निसं)।** भिवाड़ी में चाय की दुकान पर सिलेंडर फटने के बाद भीषण आग लग गई, जिसमें सात वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। यह दिल दहला देने वाली घटना गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे भिवाड़ी के रीको चौक के व्यस्त इलाके में हुई।

बताया जा रहा है कि बच्चा फ्रिज के नीचे फंस गया था, इसलिए वह निकल नहीं सका और वहां पर जिंदा जल गया। बच्चे का चाचा, जो पास की एक फैक्ट्री में चाय देने गया था, धमाका सुनकर वापस आया लेकिन वहां उसने देखा कि चारों तरफ तबाही का मंजर है। चाय की दुकान पर सिलेंडर फटने से आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैली, जिससे दुकान के ऊपर लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में आग लग गई और वह गिर गया। दुखद बात यह रही कि दुकानदार का भतीजा ऋतिक (7) फ्रिज के नीचे फंस गया और उसकी जलने से मौत हो गई।

- दुकानदार अपने भतीजे को दुकान पर अकेला छोड़कर बाजार में सामान खरीदने गया था

ऋतिक अपने चाचा सुरेंद्र के साथ दुकान पर गया था लेकिन उसने कभी नहीं सोचा था कि यह दुखद घटना होगी। सूचना मिलने पर रीको की दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची, जहां उन्होंने करीब तीस मिनट तक अथक प्रयास कर आग पर काबू पाया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना के दौरान दुकानदार सुरेंद्र अपने भतीजे ऋतिक को दुकान पर अकेला छोडकर बाजार में सामान खरीदने गया था। वापस लौटने पर ऋतिक का जला हुआ शव देखकर सुरेंद्र सदमे में बेहोश हो गया। आसपास खड़े लोगों ने उसे संभाला और शव को तौलिये से ढक दिया।

# दो साल के मासूम को उठा ले गया पैंथर

**राजसमंद, (निसं)।** देलवाडा थाना क्षेत्र के मोडवा गांव में मंगलवार रात को एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां 2 साल के एक मासूम जो कि रात में अपनी मां के पास सो रहा था उसे पैंथर घर से उठाकर ले गया और मार डाला। बच्चे का शव गुरुवार सुबह करीब 2 किलोमीटर दूर जंगल में क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार उदयपुर के कैलाशपुरी स्थित सरखुर्द की रहने वाली सुरेशीदेवी पत्नी केसूलाल गमेती अपने बहन के घर मोडवा गांव आई हुई थी। सुरेशीदेवी अपने दोनों बेटे रोहित व नीतेश को भी साथ लेकर आई थी। घटना की रात सोते समय 2 साल के नीतेश को पैंथर घर से उठाकर ले गया और मार डाला। बच्चें की मां सुरेशी देवी ने इस घटना को अपनी आंखों से देखा। सुरेशीदेवी कुछ समझ पाती उससे पहले पैंथर उसकी आंखों के सामने से गायब हो गया। जब सुरेशीदेवी ने यह सब देख चिल्लाई तो घर के सारे परिजन उठ गए। उसके बाद परिजन व ग्रामीण नीतेश को ढ़ूंढ ने गए मगर नीतेश की कोई खबर नहीं मिली। उसके बाद सूचना पर पुलिस व वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इस घटना से मां सुरशीदेवी सदमे में हैं। वहीं पूरे गांव में दहशत का माहौल है। बेटे के क्षत-विक्षत शव मिलने से मां के होश उड़ गए। मासूम की मां सुरेशीदेवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस घटना से पूरे गांव में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग को पूरे मामले की जानकारी दी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम सहित देलवाडा पुलिस, एसडीएम नाथद्वारा व तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। वन विभाग की टीम ने बच्चें के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

# ए.सी.पी. के नाम पर 60 हजार की रिश्वत लेते एक गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जोधपुर में सहायक पुलिस आयुक्त (ए.सी.पी.) के नाम पर 60 हजार की रिश्वत लेते एक पत्रकार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी जोधपुर इकाई को परिवादी ने शिकायत दी थी। जिसमें बताया था कि पुलिस थाना सरदारपुरा में दर्ज दो मामलों में मदद की एवज में जांच अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त (पश्चिम) वृत के नाम पर दलाल नवीन दत्त एक लाख रुपए की रिश्वत राशि की मांग रहा है। इस पर एसीबी जोधपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। पुलिस निरीक्षक मनीष वैष्णव और सुनीता कुमारी ने कार्रवाई करते हुए बुधवार रात को प्रतापनगर स्थित नेशनल हैंडलूम के पास दलाल नवीन दत्त को परिवादी से साठ हजार की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी खुद को पत्रकार भी बता रहा है। मामले में एसीपी की भूमिका की जांच की जा रही है।

- आरोपी ने खुद को पत्रकार बताया, मामले में एसीपी की भूमिका की जांच शुरु

# छबड़ा में किसान व मजदूर की मौत

**छबड़ा, (निसं)।** भीषण गर्मी और लू क्षेत्र में इस कदर कहर बरपा रही है कि लू से मरने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। छबड़ा क्षेत्र में लू लगने से गुरूवार को भी एक किसान व मजदूर की मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवक की तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।


पुलिस सूत्रों के अनुसार छबड़ा कृषि उपज मंडी में हम्माली करने वाले भूरालाल केवट (40) की भीषण गर्मी में गुरूवार दोपहर को काम करते समय तबीयत बिगड़ गई और मंडी परिसर में ही उसकी मौत हो गई। बापचा थाना क्षेत्र के भीलवाड़ा नीचा गांव में कृषि कार्य करते समय कृष्णमुरारी सुमन (32) पुत्र देवीलाल की तबीयत बिगड़ गई। जिसकी भी मौत हो गई। वहीं खोपर निवासी पंकज शर्मा बेसुध होकर चिकित्सालय रोड़ पर गिर गया। जिसे चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

ग्रेन मर्चेन्ट एसोसिएशन अध्यक्ष किशन कालरा ने हम्माल भूरालाल के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से पांच लाख रुपए के मुआवजे की मांग की है। भीषण गर्मी लू को देखते हुए मंडी अध्यक्ष कालरा ने दोपहर 12 से तीन बजे तक कार्य बंद रखने की बात कही है। वहीं अध्यक्ष ने बताया कि भूरालाल केवट के चार बच्चे हैं, परिवार बेहद गरीब है और 16 जून को उसकी बहिन की भी शादी है। मंडी व्यवसायी भी यथासंभव सहयोग करेंगे। मंडी अध्यक्ष ने मंडी परिसर में मटके रखवाकर पीने के पानी की व्यवस्था प्रारंभ करने की बात कही।

# अजमेर में बड़े ब्रांड का नकली तेल पकड़ा

**अजमेर/जयपुर, (कासं)।** अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा जयपुर राजस्थान के नेतृत्व में जयपुर की स्पेशल केंद्रीय टीम और अजमेर के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने गुरुवार को पार्वती ऑयल मिल्स, श्री राम ऑयल एंड पेट्रोकेमिकल्स और श्री पार्वती एडिबल इंडस्ट्रीज पर्वतपुरा इंडस्ट्रियल एरिया अजमेर के गोदाम पर द्वारा छापा मार कर 18 हजार लीटर नकली तेल बरामद किया है। घटिया क्वालिटी का मिस ब्रांड तेल अगर बाजार में पहुंचता तो लोगों के जनस्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार इन ऑयल मिल्स में विभिन्न प्रसिद्ध ब्रांडों के डुप्लीकेट और अलग-अलग लेवल लगाकर मिस ब्रांड और मिलावट के साथ तैयार किया जा रहे थे। हैरानी की बात यह है कि पार्वती पोस्टमैन प्लस मूंगफली तेल रियल स्टार, पार्वती स्वस्तिक, पार्वती पोस्टमैन प्लस ,रियल फ्रेश, पोस्टमैन प्राइड, पोस्टमैन स्टार, प्रोफिट, रियल फ्रेश लाइट, श्री पार्वती स्वाद, श्री पार्वती स्वास्तिक, पार्वती स्वाद, श्री पार्वती स्वस्तिक, पार्वती प्लस, न्यू पोस्टमैन गोल्ड, पार्वती प्लस, महारथी, पोस्टमैन गोल्ड, ऐसे अनेक ब्रांड मौके पर एक साथ पैक किये जा रहे थे। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं ड्रग कंट्रोल इकबाल खान के निर्देशन एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के निर्देशानुसार गुरुवार को पार्वती ऑयल मिल्स, श्री राम ऑयल एंड पेट्रोकेमिकल्स और श्री पार्वती एडिबल इंडस्ट्रीज पर्वतपुरा इंडस्ट्रियल एरिया अजमेर के गोदाम पर एक साथ छापा मारा गया।



अजमेर के परबतपुरा रीको औद्योगिक एरिया स्थित पार्वती ऑयल मिल पर मारा छापा।

- मौके पर 18 हजार लीटर नकली तेल बरामद किया
- जयपुर फूड कमिश्नर पंकज ओझा के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया

हैरानी की बात ये भी सामने आई कि पार्वती ब्रांड आयल के कार्टून में पोस्टमैन पैक किया जा रहा था। मौके पर मौजूद कर्मचारी किसी तरह का संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। बताया जाता है कि इसके मालिक भगवान दास हरवानी हैं। जिनकी लंबे समय से विभाग को गड़बड़ी की सूचनाएं मिल रही थी। मौके पर लगभग 18 हजार लीटर के आसपास का स्टॉक पाया गया है। जिसको सीज करके सभी ब्रांड के सैम्पल भी लिए गए हैं। यह सम्पूर्ण कार्रवाई अति खाद्य आयुक्त, खाद्य सुरक्षा,पंकज ओझा के नेतृत्व में की गई। मौके पर जयपुर से आयी टीम के एफएसओ विनोद शर्मा, अमित शर्मा, देवेंद्र राणावत और अजमेर की टीम के सुशील चोटवानी, केसरीनन्दन शर्मा और अजय मोयल द्वारा सैंपलिंग और सीजर की कार्रवाई की गई।

# नीट-यूजी 2024 की आंसर की जारी

**कोटा, (निसं)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने (एनटीए) ने गुरुवार सुबह नीट यूजी 2024 की आंसर-की, स्कैन्ड ओएमआर इमेज तथा रिकॉर्डेड रेस्पोंसेज जारी कर दिए। इसके साथ ही एक नोटिफिकेशन जारी करते हुए इसकी सारी प्रक्रिया भी बता दी।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार नीट यूजी 2024 का परिणाम भी अब जल्द ही जारी हो जाएगा। विद्यार्थियों को उनकी ओएमआर शीट की स्कैन कॉपी कैंडिडेट रजिस्ट्रेशन पोर्टल लिंक से मिल सकेगी। इसमें एप्लीकेशन नम्बर व पासवर्ड, जन्मतिथि की जानकारी डालनी होगी। इससे कैंडिडेट रजिस्ट्रेशन लिंक ओपन हो जाएगा। चौलेंज करने वाले कैंडिडेट के द्वारा प्रश्न एवं उनके उत्तरों को सब्जेक्ट एक्सपर्ट द्वारा जारी की जाने वाली आंसर की को ही फाइनल माना जाएगा एवं इसके अनुसार ही रिजल्ट जारी होगा। नीट-यूजी 2024 परीक्षा 5 मई 2024 को हुई थी। जिसमें लगभग 24 लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया था। नीट में शामिल होने वाले विद्यार्थियों का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह परीक्षा भारत के 571 और 14 विदेशी शहरों के 4750 केंद्रों पर संपन्न हुई थी।

# किडनी का गलत ऑपरेशन का मामला : जयपुर में होगा महिला का उपचार

## जिले के प्रभारी सचिव एवं जिला कलेक्टर ने पीड़िता से मुलाकात की

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला मुख्यालय के धनखड़ हॉस्पिटल में किडनी का गलत ऑपरेशन होने से पीड़ित महिला रोगी ईद बानो का उच्च स्तरीय उपचार अब जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर महिला रोगी को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के लिए जयपुर भेजा गया है। गुरूवार को जिले के प्रभारी सचिव डॉ. समित शर्मा एवं जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बीडीके अस्पताल में जाकर पीड़िता से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस पर दोनों ही अधिकारियों की ओर से पीड़िता को बेहतरीन उपचार मुहैया करवाने का आश्वासन दिया।

महिला के उपचार की स्थिति को लेकर मे डिकल बोर्ड गठित किया गया था। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार रोगी को नेफ्रोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट की निगरानी में उच्च स्तरीय उपचार की आवश्यकता है। इसे देखते हुए झुंझुनूं से रोगी को लाइफ सपोर्ट एम्बूलेंस से सवाई मानसिंह अस्पताल भेजा गया। बेहतर उपचार एवं समन्वय की दृष्टि से झुंझुनूं से चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश जाखड़, नर्सिंग अधिकारी शहनवाज कुरैशी, मण्डावा तहसीलदार एवं गिरदावर को रोगी के साथ गए।



झुंझुनूं जिले के प्रभारी सचिव डॉ. समित शर्मा एवं जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने पीड़िता से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली।

- उपचार में कतराने व रोगी को डिस्चार्ज करने पर पीबीएम के दो चिकित्सकों व नर्सिंग ऑफिसर को नोटिस दिया

इससे पहले उपचार में कतराने एवं रोगी को असंवेदनशील तरीके से डिस्चार्ज कर देने पर राज्य सरकार ने बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के दो चिकित्सकों मेडिसिन यूनिट के हैड डॉ. बाल किशन गुप्ता, नेफ्रोलॉजी विभाग के आचार्य डॉ. जितेन्द्र फलोदिया एवं नर्सिंग प्रभारी रमजान तंवर के खिलाफ एक्शन लिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर तीनों को सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर के प्रधानाचार्य ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।


**राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल**
2-2, ए झालाना डूंगरी, जयपुर

**निविदा सूचना**

शैक्षिक वर्ष 2024–25 के लिये मण्डल कार्यालय के भरतपुर, कोटा, झालावाड़, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, पाली, नागौर, बाँसवाड़ा, उदयपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, बाड़मेर, दौसा, अलवर, चूरू और सीकर जिला मुख्यालय स्थित वितरण केन्द्रों से अन्य जिला मुख्यालय स्थित वितरण केन्द्रों तक पाठ्यपुस्तकों के परिवहन कार्य हेतु अनुभवी परिवहनकर्ताओं से परिवहन दरें प्राप्त किये जाने हेतु बोली आमंत्रित की जानी है। बोली से सम्बन्धित विवरण एवं शर्तें वैबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर अपलोड है।

**UBN No. : TBB2425SSRC00001-16**

प्रभारी अधिकारी
बिक्री शाखा

राज.संवाद/सी/24/254

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन.स्वा.अभि.विभाग, खण्ड पोकरण**

क्रमांक-अधि.अभि./निविदा/पोक/2024-25/677-91 दिनांक-27/5/2024

**Notice Inviting Bid**

Bids for Execution of works related to "Repairing of Pump Room, AEN Office, Boundary Wall, Staff Quarter under Sub Division Nachana, Repairing of Pump Room, JEN Office, Boundary Wall, Staff Quarter and Replacement of Suction and Delivery Pipe Work at Rajmathai Head Works, Balance Work for Coverage of Village Nokh thourgh Piped Water Supply Scheme, Repairing & Cleaning of Various Diggies Under Sub Dn. Nachana" are invited from interested bidders upto 06:00 PM 06-06-2024. Other particular of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state, and PHED departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 169.15 Lacs.

UBN No. of NIT No. 01(1)/2024-25: PHE2425WSOB00780
UBN No. of NIT No. 01(2)/2024-25: PHE2425WSOB00781
UBN No. of NIT No. 01(3)/2024-25: PHE2425WSOB00782
UBN No. of NIT No. 01(4)/2024-25: PHE2425WSOB00783

Executive Engineer
PHED Div. Pokaran

DIPR/C/3796/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड कोलायत**

क्रमाक-176-189 दिनांक-27.05.2024

**ई-बोली सूचना संख्या- 13 से 16/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वा. अभि. विभाग के पंजीकृत / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टैण्डरिंग द्वारा बोली आमंत्रित की जाती है। यह बोली website "www.sppp.rajasthan.nic.in" पर देखी जा सकती है तथा बोली प्रपत्र "http:/eproc.rajasthan.gov.in" से दिनांक 28.05.2024 को सायं 06.00 बजे से दिनांक 10.06.2024 को सायं 06.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है तथा ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 10.06.2024 को सायं 06.00 बजे तक रहेगी, उक्त बोली दिनांक 11.06.2024 को दोपहर 01.00 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी।

Egrass (electronic government receipt accounting system web site https://egras.raj.nic.in) के माध्यम से बोली शुल्क बजट मद 0075-00-800-52-01, धरोहर राशि बजट मद 8443-00-108-00-00 जोकि "41485 Executive Engineer, PHED, Division Kolayat" के नाम से एवं ई टैण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क बजट मद 8658-00-102-16-02 जोकि Managing Director, RISL Payable at Jaipur के नाम से एक ही चालान से जमा करवाना आवश्यक होगा। कुल 04 कार्य है जिसकी कुल लागत 138.25 लाख रूपये है जिनमें एक कार्य की अधिकतम लागत रूपये 41.71 लाख है।

| बोलीसंख्या | 13 | 14 | 15 | 16 |
|---|---|---|---|---|
| एसपीपीपीकोड संख्या | PHE2425 WSOB00836 | PHE2425 WSOB00837 | PHE2425 WSOB00838 | PHE2425 WSOB00839 |

(धर्मेन्द्र कुमावत) अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड कोलायत

DIPR/C/3792/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय, बीकानेर**
पी.एन.ई.डी. कैम्पस, इण्डस्ट्रीयल एरिया, के.जी. कॉम्पलेक्स के पास, रानीबाजार, बीकानेर (334001)
फोन-0151-2226475 ई-मेल-pheddriibkn@gmail.com, eediv2,bik,phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक-1132-49 दिनांक-28/05/24

**ई-बोली सूचना संख्या 17 से 24/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वा. अभि. विभाग के पंजीकृत / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टैण्डरिंग द्वारा बोली आमंत्रित की जाती है। यह बोली website "www.sppp.rajasthan.nic.in" पर देखी जा सकती है तथा बोली प्रपत्र "http:/eproc.rajasthan.gov.in" से दिनांक 30.05.2024 को सायं 06.00 बजे से दिनांक 10.06.2024 को सायं 06.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है तथा ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 10.06.2024 को सायं 06.00 बजे तक रहेगी, उक्त बोली दिनांक 11.06.2024 को दोपहर 01.00 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी।

Egrass (electronic government receipt accounting system web site https://egras.raj.nic.in) के माध्यम से बोली शुल्क बजट मद 0075-00-800-52-01, धरोहर राशि बजट मद 8443-00-108-00-00 जोकि "23810 - Executive Engineer, PHED, District (Rural) Division II, Bikaner" के नाम से एवं ई-टैण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क बजट मद 8658-00-102-16-02 जोकि Managing Director, RISL Payable at Jaipur के नाम से एक ही चालान से जमा करवाना आवश्यक होगा। कुल 8 कार्य है जिसकी कुल लागत 138.91 लाख रूपये है जिनमें एक कार्य की अधिकतम लागत रूपये 29.94 लाख है।

| बोली संख्या एसपीपीपीकोड | 17 PHE24 | 18 PHE24 | 19 PHE24 | 20 PHE24 | 21 PHE24 | 22 PHE24 | 23 PHE24 | 24 PHE24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या | 25WSO B00905 | 25WSO B00906 | 25WSO B00908 | 25WSO B00909 | 25WSO B00910 | 25WSO B00911 | 25WSO B00912 | 25WSO B00913 |


(नरेश कुमार रैगर)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर

DIPR/C/3826/2024

# बी-टू-बायपास से टोंक रोड जाने वालों की राह 'सुगम'

## क्लोवर लीफ का कार्य पूरा होने में करीब डेढ़ माह का समय और लगेगा

-कार्यालय संवाददाता-



**जयपुर** । बी-टू-बायपास पर टोंक रोड पर वाहनों की सीधे आवाजाही गुरुवार से शुरू हो गई है। इससे पहले जे.डी.ए. अंडरपास भी शुरू कर चुका है। हालांकि, अभी क्लोवर लीफ का काम पूरा नहीं हो पाया है। माना जा रहा है कि जून के अंत तक जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) क्लोवर लीफ का काम पूरा कर देगा और उसके बाद इस चौराहे पर वाहन बिना रुके निकल सकेंगे।

जे.डी.ए. आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि यातायात सुधारीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य के तहत बी-टू-बाइपास चौराहे पर सड़क निर्माण से लेकर अन्य सिविल वर्क का काम पूरा हो चुका है। दुर्गापुरा एलिवेटेड रोड से सीधे सांगानेर आने-जाने के लिए 300 मीटर का रास्ता खोल दिया गया है। अभियांत्रिकी शाखा के निदेशक देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि टोंक रोड पर सीधी आवाजाही शुरू होने से जवाहर सर्किल पर वाहनों का दबाव कम हो गया है। उन्होंने बताया कि सांगानेर से दुर्गापुरा आने-जाने के लिए वाहन चालक अंडरपास की छत के ऊपर से होकर सीधे निकलेंगे। सांगानेर से मालवीय नगर जाने के लिए वाहन चालक आश्रम मार्ग से निकलेंगे। क्लोवर लीफ के निर्माण होने तक आश्रम मार्ग पर पूर्व की भांति ही ट्रैफिक का संचालन रहेगा। दुर्गापुरा से मानसरोवर जाने के लिए वाहन चालक आश्रम मार्ग से जवाहर सर्किल होते हुए बी - 2 बायपास अंडर पास का उपयोग करते हुए मानसरोवर जा सकेंगे। सांगानेर से मानसरोवर जाने के लिए वाहन चालक स्लिप लेन का प्रयोग करेंगे।

ज्ञात रहे कि जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से बी-2 बाइपास सिग्नल फ्री प्रोजेक्ट को पिछले साल जुलाई तक पूरा किया जाना था, लेकिन प्रोजेक्ट में हुए आंशिक बदलाव की वजह से इसकी समय अवधि बढ़ाकर 30 जून 2024 कर दी गई है। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अब तक प्रोजेक्ट के फेज वन अंडरपास और फेज टू दुर्गापुरा से सांगानेर के रूट को आम जनता के लिए शुरू कर दिया गया है। वहीं अब क्लोवर लीफ का निर्माण बाकी रहा है, जिसके पूरा होने के बाद ही जयपुराइट्स का लंबा इंतजार खत्म होगा।

## स्कूली बच्चों में बढ़ता धूम्रपान का प्रचलन चिंताजनक

**जयपुर** । प्रदेश में 13 से 15 वर्ष के स्कूली बच्चों में तंबाकू एवं धूम्रपान का बढ़ता प्रचलन सभी के लिये चिंता का विषय है।

राज्य में जितने किशोर धूम्रपान करते हैं, उनमें से 93.8 प्रतिशत इसका इस्तेमाल स्कूलों में करते है। यह जानकारी वैश्विक युवा तम्बाकू सर्वे (जीवाईटीएस 2019) में सामने आई है। सवाई मानसिंह चिकित्सालय में ईएनटी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंघल ने गुरुवार को बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू उद्योग के दखल से बच्चों को बचाने का अभियान शुरु किया है। तंबाकू उद्योग मार्केटिंग के नए तरीकों से युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं।

डॉ. सिंघल ने बताया कि जीवाईटीएस के अनुसार तंबाकू उद्योग अपने उत्पादों के प्रचार के नायाब तरीकों से युवा किशोर किशोरियों को अपनी और आकर्षित करते हैं। जिसका सीधा असर युवा वर्ग पर देखने को मिल रहा है। सर्वे में सामने आया कि राज्य में करीब 74.3 प्रतिशत किशोर एवं किशोरियों ने तंबाकू एवं अन्य संबंधित उत्पादों के प्रचार प्रसार को देखा है। वहीं 15.6 प्रतिशत किशोर एवं किशोरियों को ई सिगरेट के बारे में किसी तरह की जानकारी है। इसमें 17.2 प्रतिशत किशोर एवं 13.7 प्रतिशत किशोरियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 13 से 15 वर्ष के बच्चे जो तंबाकू उत्पादों का सेवन करते हैं, उनमें 93.8 प्रतिशत स्कूली बच्चे होते हैं। 16.3 प्रतिशत किशोर तंबाकू उत्पादों का सेवन किसी न किसी रुप में कर चुके हैं।

# निम्स हॉस्पिटल में 57 वर्षीय मरीज की सफल न्यूरो इंटरवेंशन सर्जरी

## मरीज के मस्तिष्क की दो धमनियां पूरी तरह ब्लॉक हो चुकी थी और एक धमनी 80 प्रतिशत ब्लॉक थी, इस कारण उन्हें बार-बार स्ट्रोक आते थे



**जयपुर** । निम्स हार्ट एंड ब्रेन हॉस्पिटल जयपुर द्वारा सफल न्यूरो इंटरवेंशन सर्जरी कर 57 वर्षीय व्यक्ति को ब्रेन स्ट्रोक से बचाया है। हॉस्पिटल के सेंटर चीफ एंड चीफ न्यूरोइंटरवेंशनलिस्ट, डॉ. मदन मोहन गुप्ता के नेतृत्व में एन.एच.बी.एच की टीम ने 57 वर्षीय मरीज मनोज भार्गव की स्टेंटिंग प्रक्रिया द्वारा विकट एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक की है। इस सर्जरी में डिजिटल सब्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी का उपयोग करके, मरीज के मस्तिष्क की ब्लॉक हुई रक्त वाहिका की सटीक पहचान की। मरीज को उनकी दाहिनी इंटरनल कैरोटिड धमनी (मस्तिष्क रक्त वाहिकाओं) के 80 प्रतिशत सिकुडन के कारण बार-बार होने वाले ट्रांसिएंट इस्केमिक अटैक (टीआईए) के लिए भर्ती कराया गया था।

डॉ. मदन मोहन गुप्ता ने बताया कि डिजिटल सबट्रैक्शन एंजियोग्राफी (डीएसए)/ सेरेब्रल एंजियोग्राफी सहित डायग्नोस्टिक इमेजिंग ने तीन धमनियों में पूरी तरह से ब्लॉकिंग दिखाई। जिसमें ब्रेन की दो धमनियां पूरी तरह ब्लाक हो चुकी थी और एक धमनी 80 प्रतिशत ब्लॉक थी। जिसकी वजह से मरीज को बार-बार स्ट्रोक आते थे। इससे पहले मरीज की धमनी की समस्याओं के कारण हार्ट की बाईपास सर्जरी भी हो चुकी है।

डीएसएब्लड वेसल्स में जाकर जांच करने में, सिर की नसों और पेट में जमने वाला थक्के को हटाने में, ब्रेन की नसों से ब्लॉकेज हटाने में, ज्यादा खून बहने पर लकवा मारने से रोकने में, ब्रेन और पेट की एंजियोग्राफी में, नसों को सिकुड़ने से रोकने में, ट्यूमर की जांच में, स्त्री रोगों की जांच के लिए किया जाता है। यह प्रक्रिया कैथ लैब में बिना चीर फाड़ के की जाती है, इसमें पैर की धमनी में एक कैथेटर (एक छोटी, पतली ट्यूब) डालना और इसे मस्तिष्क में रक्त वाहिकाओं तक पहुंचाना शामिल है। कैथेटर के माध्यम से एक कंट्रास्ट डाई इंजेक्ट की जाती है और ब्लड वेस्स्लेस का एक्स-रे किया जाता है।

डॉ. मदन मोहन गुप्ता ने बताया कि मनोज भार्गव की सफल सर्जरी से हम बहुत उत्साहित हैं। हमने सभी जांच करने के बाद, विशेष रूप से उनके सुगर को ध्यान में रखते हुए ही हाई रिस्क प्रोसीजर को करने का फैसला किया। और जाँच में पता चला कि मरीज को ब्रेन में खून की नसों में ब्लॉकेज होने से कभी भी बड़ा स्ट्रोक हो सकता था, बल्कि जान भी जा सकती थी, निम्स हार्ट एंड ब्रेन हॉस्पिटल हमेशा स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी भागीदारी के लिए तत्पर रहता है। मरीज को अस्पताल द्वारा रेगुलर मोनिटरिंग कर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है और वो अगले सप्ताह से कही भी ट्रेवल कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अस्पताल ने स्वीकृति दे दी गयी है। मरीज भार्गव ने डॉ. मदन मोहन गुप्ता और उनकी टीम को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "मैं सर्जरी से बहुत संतुष्ट हूं। अब मैं बिना किसी जटिलता के यात्रा कर सकता हूं। डॉक्टरों ने मेरे लिए समस्या को सरल बना दिया और यहां की टीम वास्तव में विशेषज्ञ है।"

## बेसहारा लोगों के लिए 6 स्थायी आश्रय स्थलों पर इंतजाम

**जयपुर** । नगर निगम ग्रेटर द्वारा भीषण गर्मी से गरीब, बेसहारा, आश्रयविहीन लोगों को राहत देने के लिये पहल की गई है। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित 6 स्थायी आश्रय स्थलों को हीटवेव से बचाने के लिये आश्रय स्थल बनाये गये है। इन आश्रय स्थलों में कूलर, पंखे, पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ ओआरएस के पैकेट भी रखे गये है। यह आश्रय स्थल मालवीय नगर जोन, सांगानेर जोन, मानसरोवर जोन, जगतपुरा जोन में संचालित है। उपायुक्त एनयूएलएम रजनी माधीवाल ने बताया कि मालवीय नगर जोन के अन्तर्गत गांधी घर, बांगड़ अस्पताल परिसर जेएलएन रोड, लालकोठी महिला छात्रावास के पीछे, पुलिस मुख्यालय के पास सांगानेर जोन में स्टेडियम रोड पर स्थित है इसके अतिरिक्त जगतपुरा जोन के जगतपुरा रेलवे स्टेशन, मानसरोवर जोन का पुराना पंचायत भवन, भांकरोटा में संचालित स्थायी आश्रय स्थलों में गरीब, बेसहारा, आश्रयविहीन लोगों को हीटवेव से बचाये जाने के उपाय किये गये है। इन आश्रय स्थलों पर गरीब, बेसहारा, आश्रयविहीन परिवार, वृद्ध महिला पुरूष बच्चों के रहने की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है।

# "तपते हुए तन को मिल जाये तरुवर की छाया"

## कड़ी धूप और लू के थपेड़ों में पेड़-पौधों की छांव का सहारा ढूंढ रहे राहगीर

**जयपुर** । नौतपा के छठे दिन भी जयपुर में गर्मी तेज रही। शहर का तापमान गुरूवार को 46 डिग्री दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के बीच लू के थपेड़ों ने आमजन का हाल-बेहाल कर रखा है। एयर-कंडीशनर और कूलर भी फेल साबित हो रहे हैं।

तेज धूप के कारण सड़कों पर लोग गर्मी से परेशान होते दिखे। बस स्टॉप पर खड़े लोगों का हाल


■ **जयपुर का पारा 46 डिग्री पर रहा, मौसम विभाग के मुताबिक अगले 3 दिन धूलभरी आंधी के साथ बारिश की संभावना है**

ज्यादा बुरा है, यहां छांव की व्यवस्था नहीं होने क कारण गंतव्य स्थानों पर जाने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। गुरूवार को कनक घाटी स्थित काल महादेव बावड़ी और गलताजी कुंड पर लोगों की भीड़ नजर आई। यहां स्थानीय लोग गर्मी से राहत पाने के लिए नहाने पहुंचे।

जयपुर में पिछले 6 दिनों से दिन की तरह रात भी गर्म रही है। यहां रात का तापमान 30 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया जा रहा है। एक दिन पहले न्यूनतम तापमान 33.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। आज 0.6 डिग्री की गिरावट के साथ 32.6 दर्ज किया गया।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस 31 मई से उत्तर भारत में एक्टिव होगा। इस सिस्टम के प्रभाव से पाकिस्तान, राजस्थान, पंजाब की सीमा पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनेगा। इस सिस्टम के प्रभाव से जयपुर में 31 मई, 1 जून और 2 जून को दोपहर बाद धूलभरी आंधी चल सकती है। इसके साथ ही मेघगर्जन के साथ जयपुर में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की भी संभावना है।

मौसम विभाग की मानें तो गुरूवार को फतेहपुर शेखावाटी में 48.4, पिलानी में 48.2, चूरू में 47.7, अलवर और करौली में 47.5, धौलपुर में 47.3, वनस्थली में 47.2, फलौदी में 47, जयपुर में 46, कोटा में 46.3, जैसलमेर में 46.5, बीकानेर में 46.2, श्रीगंगानगर में 46.9, हनुमानगढ़ में 46.3, सीकर में 45.3, अंता-बांरा में 45, बाड़मेर में 42.8 डिग्री पारा रिकॉर्ड हुआ।



**भीषण गर्मी में सड़क पर खड़े रहकर अपने गंतव्य स्थान के लिए वाहन का इंतजार कर रहे इस व्यक्ति को डिवाइडर पर लगे इस पौधे की छांया ऐसे ही सकून दे रही हैं, जैसे भगवान की शरण में मन को सकून मिलता है।** फोटो: दिनेश भारद्वाज

## ग्लेनमार्क ने उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूक किया

**जयपुर** । ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स कंपनी ने मई माह को हाइपरटेंशन अवेयरनेस मंथ (उच्च रक्तचाप जागरूकता माह) के रूप में मनाया है। इसके लिए ग्लेनमार्क ने देशभर के 250 से अधिक शहरों और कस्बों के 1000 से अधिक हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के साथ साझेदारी की।

इसके साथ ही, 400 से अधिक सार्वजनिक जागरूकता रैलियों और जाँच शिविरों का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप के बारे में लोगों को जागरूक करना रहा। इन रैलियों में जानकारी के लिए सामान्य सत्र शामिल थे, जिनका नेतृत्व एचसीपी द्वारा किया गया। इस पहल के माध्यम से, ग्लेनमार्क ने 60 लाख लोगों तक अपनी पहुँच स्थापित की और इस बीमारी के बारे में उन्हें जागरूक किया। ग्लेनमार्क इंडिया फॉर्म्यूलेशन्स के हैड और अध्यक्ष आलोक मलिक ने बताया कि भारत में 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं और भारतीय आबादी को उच्च रक्तचाप की बीमारी से होने वाले खतरे से अवगत कराना बेहद महत्वपूर्ण है। कंपनी ने यह जागरूकता अभियान शुरू करने के बाद दुनिया का पहला हाइपरटेंशन जागरूकता प्रतीक "द बीपी" लोगो लॉन्च किया था।

## सार-समाचार

### उपमुख्यमंत्री से मिले किसान प्रतिनिधि



**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा से गुरूवार को फागी एवं दूदु से आए सैकडों किसानों के प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाकात की। किसानों ने उपमुख्यमंत्री को फसलों से हुए नुकसान से अवगत कराया। किसानो ने उपमुख्यमंत्री से फसलों को हुए नुकसान के लिए प्रधानमंत्री कृषि योजना के तहत् मुआवजा दिलवाने की मांग की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान अन्नदाताओं का प्रदेश है। प्रदेश सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है। उन्होने किसानों को उनकी हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### मोटे अनाज के व्यंजन बनाना सीखा



**जयपुर** । मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान की ओर से सीतापुरा स्थित नोवोटेल होटल में एक दिवसीय व्यंजन व कुकिंग प्रशिक्षण रखा गया । महासचिव दुर्गा वर्मा ने बताया महिलाओं को मोटे अनाज से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाना सिखाया गया जिसमें उन्होंने मठरी, ढोकला, पापड़, जेम, बिस्किट के साथ-साथ अचार व केक बनाना भी सीखा। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में वरिष्ठ आचार्य एवं ट्रस्ट मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने अवगत कराया कि एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 35 महिलों ने भाग लिया जिसमें विभिन्न उत्पादों को बनाने संबंधित जानकारियां प्रदान की गई । इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करना व स्वावलंबन तथा आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित करना है । ट्रस्ट द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलवाकर आर्थिक सशक्त बनाने के साथ साथ उनमें क्षमता निर्माण भी किया जा रहा है। होटल निदेशक जूही पेट्रीक ने पोषक तत्वों से भरपूर भोजन के साथ ही स्वस्थ जीवन शैली के लिए भी प्रेरित किया गया । इस अवसर पर संगीता सक्सेना, अंजू वर्मा, विद्या देवी, ज्योति, मीनाक्षी, ममता देवी, पुष्पा, होटल प्रबंधक प्रतिभा जायसवाल, दिपेश सिंह राव आदि उपस्थित रहे ।

### 'सेवानिवृति ग्रेच्युटी बढ़ाए राज्य सरकार'

**जयपुर** । केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों अधिकारियों के लिए महंगाई भत्ता 46 परसेंट से 50 प्रतिशत किए जाने के संदर्भ में एक आदेश निकालकर सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख कर दी है। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने इसका स्वागत करते हुए व्यक्तव्य जारी किया कि केंद्र सरकार द्वारा महंगाई भत्ता 50 प्रतिश हो जाने पर गए सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी की सीमा अधिकतम 20 लाख से बढ़कर 25 लाख किया, जो प्रशंसनीय है । यद्यपि इसी के अनुरूप 50 प्रतिशत महंगाई भत्ते को मूल वेतन में शामिल करते हुए अन्य भत्ते भी बढ़ाए जाने हैं। राज्य कर्मचारियों के लिए प्रतिदिन कभी वेशभूषा, तो कभी हाजिरी और कभी अनिवार्य सेवा निवृत्ति के आदेश निकालने वाली सरकार ने अभी तक विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियां दूर करने एवम् अन्य मांगों के समाधान की कार्यवाही तो प्रारंभ नहीं की है लेकिन अपेक्षा है कि ऐसा ही एक आदेश तुरंत राज कर्मियों के लिए भी निकाले। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका ने भी मांग की है कि राज्य सरकार द्वारा भी राज्य कर्मियों के लिए सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को 20 लाख से बढ़कर 25 लाख किए जाने के आदेश तत्काल प्रभाव से निकाले जाने चाहिए जो की केंद्र के समान राज्य कर्मियों के लिय भी एक जनवरी 2024 से लागू हो।

### फायर सेफ्टी में कमी पर चालान काटा

**जयपुर** । नगर निगम हैरिटेज ने अग्निशामक सुरक्षा यंत्रों में खामी पाए जाने पर गुरुवार को 25 कॉमर्शियल भवनों के खिलाफ कार्रवाई की है। आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर आदर्श नगर जोन एवं फायर उपायुक्त युगांतर शर्मा के नेतृत्व में चालानी कार्रवाई की गई है। इस संबंध में उपायुक्त फायर युगांतर शर्मा ने बताया कि निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर फायर शाखा के अधिकारियों के साथ गुरुवार को हेरिटेज निगम क्षेत्र में चारों जोन में 70 कॉमर्शियल भवनों का औचक निरीक्षण किया गया। जिनमें 22 भवनों में फायर सेफ्टी में खामी नजर आई। ऐसे में हेरिटेज निगम की ओर से सभी 25 भवनों का 5-5 हजार रूपए का चालान किया गया। उन्होंने भवन मालिक का सख्त निर्देश भी दिए कि भविष्य में खमियां नहीं सुधारी गई तो सीजर की कार्रवाई की जाएगी।

# जयपुर में देशभर के 200 मनोविशेषज्ञ जुटेंगे

## राजधानी में 'राजमिडसाइकोन' कॉफ्रैंस 1 व 2 जून को आयोजित होगी

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में अनंता रिसोर्ट में राजमिडसाइकोंन का 1 व 2 जून को आयोजन किया जा रहा है। जिसकी थीम कंसल्टेशन लाइजन साइकियाट्रि है। इस कॉन्फ्रेंस में देश के लगभग 200 मनोविशेषज्ञ भाग लेंगे जिसमे से लगभग 100 पीजी रेजिडेंट्स भी शामिल हैं ।

जयपुर के अशोक क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इण्डियन साइकियाट्रिक सोसाइटी राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश जैन व राजमिडसाइकोंन 2024 के अध्यक्ष डॉ. अनिल ताम्बी ने बताया कि कंसल्टेशन लाइजन साइकियाट्रि में मेडिकल कॉलेज एवं जनरल हॉस्पिटल के मनोचिकित्सकों की आपसी भागीदारी के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी। मनोचिकित्सकों का दूसरे विभागों जैसे मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी के साथ कैसे आपस में सामंजस्य बिठाया जा सकता है तथा कैसे आवश्यकता अनुसार मनोरोगियों को रेफर किया जा सकता है। इस पर चर्चा होगी।

इसके अलावा नशारोगों के उपचार पर भी पैनल डिस्कशन एवं ओपन हाउस द्वारा चर्चा होगी। जिसमें की रिटायर्ड जज, अधिवक्ता एवं सीनियर मनोचिकित्सकों का पैनल रहेगा। डॉ. अनिल ताँबी व तुषार जगावत ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में मनोचिकित्सकों द्वारा डीएडिक्शन एवं अन्य मनोरोगों के उपचार के लिए आवश्यकता अनुसार जो दवाईयां दी जाती हैं, उनको लेकर जो भ्रम की स्थिति है उस पर भी ओपन हाउस चर्चा होगी। इसमें रिटायर्ड जज, अधिवक्ता व सीनियर मनोचिकित्सक एवं पीजी स्टूडेंट्स विस्तारपूर्वक विचार विमर्श करेंगे। डॉ. अनिल ताम्बी व डॉ. अखिलेश जैन ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस के दौरान सिंपोजियम, गेस्ट लेक्चर, ओपन हाऊस डिस्कशन, पैनल डिस्कशन, पीजी क्वीज तथा पीजी रेजिडेंट्स द्वारा पेपर व पोस्टर भी प्रस्तुत किए जायेंगे। कांफ्रेंस में सचिव डॉ. जितेंद्र जिंगर, एवं सचिव डॉ. तुषार जागावत तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

■ **कॉन्फ्रेंस में लगभग 100 पीजी रेजिडेंट्स भी शामिल**



**इण्डियन साइकियाट्रिक सोसाइटी राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश जैन व राजमिडसाइकोन 2024 के अध्यक्ष डॉ. अनिल ताम्बी व तुषार जगावत ने कॉफ्रेंस के बारे में जानकारी दी।**

# नृसिंह भगवान की दहाड़ से गूंजेगा चांदपोल

**जयपुर** । चांदपोल बाजार के नींदड़ रावजी का रास्ता स्थित मंदिर श्री नृसिंह जी अग्रवाल पंचायत समिति का तीन दिवसीय पाटोत्सव 1 से 3 जून तक मंदिर महंत पं. मनमोहन शर्मा के सान्निध्य में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा।

अग्रवाल पंचायत समिति, जयपुर के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को आयोजन से जुड़े लोगों की बैठक हुई। मंत्री कैलाश अग्रवाल और कार्यक्रम संयोजक मनोज अग्रवाल की अगुवाई में समिति के सभी पदाधिकारी आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। आयोजन के अंतर्गत एक जून को शाम छह बजे नृसिंह लीला होगी। भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए भगवान नृसिंह खंब फाड़कर प्रकट होंगे। गाजे-बाजे के साथ नृसिंह भगवान की स्वरूप झांकी मंदिर से रवाना होकर चांदपोल के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। मार्ग में रंगीन आतिशबाजी की जाएगी। चांदपोल बाजार स्थित रामचंद्रजी मंदिर, हनुमानजी मंदिर, सतगुरु मंदिर सहित जगह-जगह नृसिंह भगवान की आरती की जाएगी। विभिन्न मार्गों से होते हुए नृसिंह भगवान पुन: मंदिर पहुंचेंगे। यहां महाआरती होगी। दूसरे दिन दो जून को वराह लीला का मंचन होगा। धरती को रसातल में जाने से बचाने के लिए भगवान विष्णु वराह का अवतार लेंगे। इस झांकी का भी सजीव मंचन होगा। पाटोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन भगवान नृसिंह का सुबह नौ बजे से अभिषेक किया जाएगा। पं. उमेश मिश्रा के आचार्यत्व के पांच विद्वान दूध, दही, घी, शहद, बूरा, फलों के रस, सर्वोषधि, गंगा जल, केवड़ा जल सहित अनेक सुगंधित द्रव्यों से अभिषेक करेंगे। शाम को मंदिर में फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी। विभिन्न मंदिरों के संतों-महंतों के सान्निध्य में संगीतमय महाआरती होगी। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, व्यापार मंडल पदाधिकारी व गणमान्यजन मौजूद रहेंगे।

■ **नृसिंह मंदिर का तीन दिवसीय पाटोत्सव कल से**

# छोटों ने किया साष्टांग प्रणाम तो बड़ों ने दिया आशीर्वाद



**जयपुर।** नया दृष्टिकोण वाले शिविर में गुरुवार को भवानी निकेतन परिसर सीकर रोड में अनूठा दृश्य देखने को मिला। यहां मंच से सन टू ह्यूमन की ओर से मां गार्गी ने परिवार का महत्व बताया और बड़ों को परिवार में सभी को कैसे मार्गदर्शन करना है यह भी समझाया। इस मौके पर उपस्थित अपने से कम उम्र के लोगों ने बड़ों को साष्टांग प्रणाम किया वहीं बड़ों ने भी आशीर्वाद देते हुए उन्हें गले लगा लिया। ऐसा दृश्य सबके सामने था, जिसमें सभी अपने बन गए और गले लगकर एक दूसरे का अभिवादन किया। इस अपनेपन के भावों के साथ ही कई साधकों की आंखों से आंसू टपक पड़े।

मां गार्गी ने बताया कि हम आज मोबाइल, कंप्यूटर और ऐशो- आराम के कारण अपनों को भूल गए है। लंबे समय तक परिवार में बातचीत नहीं होना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। आज व्यक्ति को मशीनरी से इतना लगाव हो गया है कि वह अपने बच्चों से भी बात करने का समय नहीं निकाल पा रहा है, इससे दूरियां बढ़ रही है। मां गार्गी ने शरीर के मुख्य भाग ब्रेन के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा आंखों की उर्जा ब्रेन तक लेकर जाना, हर समस्या का समाधान हमारा ब्रेन ही करता है इसी को समाधि कहा गया है। हम सोचते हैं कि समाधि का मतलब क्या है। जिस व्यक्ति को हर समस्या का समाधान आता है, वह बहुत ही गहरा व्यक्ति है। उन्होंने कहा सबसे बडी समस्या तो वह है जो आप लोग हर दिन क्रिएट करते हैं, आपको यही पता नहीं कि भोजन कैसे करना है, हर दिन नई बीमारी को नासमझी के कारण अपने अंदर प्रवेश करवाते हैं। जिस चीज को भोजन में शामिल नहीं करना उसे नासमझी के कारण ले लेते हैं। मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया कि इस दौरान गार्गी मां ने शरीर को सही रखने के प्रयोग भी करवाएं। आयोजन से जुड़े संजय महेश्वरी अजय मित्तल नरेंद्र वैद्य आलोक तिजारिया राजेश नागपाल विवेक लड्ढा प्रमोद मालपानी ने बताया। सभी साधकों ने मां गार्गी के निर्देशन में सूर्य वंदना, नटराज ध्यान, नाभि झटका और लंबी गहरी श्वास के प्रयोग करवाएं। इस दौरान मंच पर लोगों से ऊर्जा से संबंधित प्रश्न- उत्तर भी किए।



## Web Designer Day

Did you know there's a special day just for those magic makers behind the screens? Celebrated every May 31st, this day shines a light on the creative geniuses, who make the internet a visually stunning and user-friendly place. So, why do we tip our hats to these unsung heroes of the digital world? For starters, imagine the internet without them. It's like a day without sunshine, right? Web designers craft the websites we visit every day, pouring their creativity and skill into ensuring that these sites look good and work smoothly, too.

#SUMMER FRUIT


# Are You Also A Lychee Lover?

Sweet, juicy, and full of fibre, lychee is a summer fruit that nobody can resist. Here's how much lychee you should eat in a day. Know benefits and best time to eat.



If there is any summer fruit that can compete with mango's heavenly taste, it's *lychee*. Many of us have childhood memories of sitting together with cousins and peeling litchis and enjoying the wonderful taste while juice dripped off the forearms. The small and juicy fruit is an ideal snack for scorching hot days as it can replenish energy levels and boosts mood. Lychee or litchi fruit is particularly high in Vitamin C, potassium, copper, magnesium, folate and other wonderful nutrients.

Lychee is sweet, juicy, and has an incredible taste. With high water content and fibre, lychee can work wonders for constipation and help regulate bowel movement. Compelling reasons to make lychee a part of your summer diet are,



### Hydration boost

Lychee has a high water content, making it an excellent choice for *hydration*. During the hot summer months, staying hydrated is crucial, and consuming lychee can help replenish fluids, keeping you cool and refreshed.

### Rich in Vitamin C

A single serving of lychee provides more than 100% of your daily requirement of *vitamin C*. This powerful antioxidant is essential for immune function, skin health, and collagen formation. Vitamin C also helps in protecting the body against free radicals and aids in the absorption of iron.

### Digestive health

Lychee contains a good amount of dietary fibre, which promotes *healthy digestion*. Regular consumption can help prevent constipation and ensure smooth bowel movements, which is, particularly, important when our digestive systems are more prone to sluggishness in the heat.

### Energy boost

Lychee is a natural *energy booster* due to its high carbohydrate content, including natural sugars like fructose and sucrose. These sugars provide a quick energy release, making lychee an ideal snack to keep fatigue at bay during long, hot days.

### Anti-inflammatory

Lychee is rich in polyphenols and other antioxidants that possess *anti-inflammatory properties*. These compounds can help reduce inflammation in the body, potentially lowering the risk of chronic diseases such as heart disease and cancer.

### Weight management

For those mindful of their weight, lychee can be a great addition to the diet. It is low in calories and fat, and its fiber content helps promote satiety, reducing overall food intake. A moderate serving of lychee can satisfy your sweet cravings without contributing to weight gain.

### Skin health

The rich vitamin C and antioxidant content in lychee can help maintain *healthy skin*. These nutrients combat oxidative stress, which can lead to premature ageing, and support the production of collagen, keeping your skin firm and youthful.

### How many lychee you can have to avoid weight gain?

To reap the benefits of lychee while maintaining a healthy weight, it is recommended to consume 10-12 lychees per day. This quantity provides essential nutrients without an excessive intake of sugars and calories.

### Best time to eat lychee

The ideal time to enjoy lychee is in the morning or as a mid-morning snack. Eating lychee on an empty stomach can maximize nutrient absorption. Additionally, having it as a snack between breakfast and lunch can keep energy levels up and prevent unhealthy snacking.



# Ustadji Of Heeramandi

I got a call for audition for this character of '*Ustaad ji*.' So, my first few questions are who is the character, what is the age, where is the character from, what kind of language does the character speak, what does he do, is he grey or positive or negative. So, if you know all these things about the character, you get a framework in your mind. I, like most actors, am a very acute observer of people. When I go out and talk to people, I am always noticing the little nuances about people, like the way they speak, their pauses, their hold with their language, their listening power and patience, how they walk, how they eat.





Indresh Malik with his wife and sons.



Indresh Malik with Sanjay Leela Bhansali.



Indresh Malik with Farida Jalal.



Indresh Malik with Sanjay Leela Bhansali.



Indresh Malik with Sonakshi Sinha in the series *Heeramandi*.



Manisha Koirala, Sanjeeda Sheikh, Aditi Rao, Sonakshi Sinha, Sharmin Segal as courtesans in Sanjay Leela Bhansali's *Heeramandi*.



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

When I first saw *Indresh Malik* as '*Ustaad ji*' in the series *Heeramandi*, I really didn't like him much. He seemed like a conniving fellow, who was busy instigating the *tawaifs* against each other for his own interests. However, slowly as the series progressed, *Ustaad ji* became more human with his follies. Indresh's Malik effortless acting of this '*LGBTQ man*' made one believe that he was, indeed, a real person, who would have, perhaps, walked the lanes of the infamous '*Heeramandi*' or the Diamond Market. Until now, no one really knew who Indresh Malik was but Heeramandi has catapulted this Delhi guy to the dizzy heights of stardom. When I caught up with him for the telephonic interview, he was as candid as a *Dilli wala* would be. Some excerpts from the conversation are,



Indresh Malik with Jason Shah in the series *Heeramandi*.

## #INDRESH MALIK

### How did you venture into acting?

I was born in Ludhiana, Punjab. My mother is from Delhi. My forefathers were from Rawalpindi and Lahore and migrated to India after the partition. I spent my childhood in Delhi and then later studied in Kirori Mal College, Delhi, where I also trained in theatre under Kewal Arora and Ebrahim Alkazi. I got married when I was about 20 years. My wife is a businesswoman. My parents decided to get me married early because I used to often be featured in newspapers for my portrayal of various characters in plays in college. Though, they were happy about my success in theatre but they didn't want me to get into acting. My father was a very successful businessman, so, we had no dearth of money. Now when I think of it, they probably were right in their own way. They probably thought I didn't have the required height or the body and acting was such an unsure field at the time. So, one fine day, I was introduced to this girl, who was a family friend, and we got married. Though after marriage, I did not actively pursue theatre but still I was passionate about it. So, in those years, I found different ways to remain involved with theatre. For example, I used to sponsor my college plays. My father had multiple business ventures in the 90s like iron and steel, international call centres. We also used to deal in computer parts. But I didn't have any interest in these businesses, though, I used to help my father in his business but only half-heartedly. I used to find excuses to stay away from business and used to spend my time doing theatre.

Looking back, I really don't think I had that 'business acumen.' A lot of losses in the business happened because of me. People used to cheat me or run away with my money. My business would fail. Then, I used to go to my father and he used to start another venture for me. He was adamant that he would make me a very successful businessman. My wife, Leena Malik, on the other hand, has been a very successful businesswoman. She used to work in her father's firm, which used to export leather to Russia and Europe. After marriage, I became a dad in a year and got involved with my child. Slowly, my business also started booming. However, I didn't have that shrewdness that is required of a businessman. My heart was always elsewhere. Then, I found another outlet for my creativity. I started designing clothes and got my first order from the well-known designer Rohit Bal. Though, I didn't have any formal education in design but from my childhood, I have loved playing with fabrics and designs because I have a knack with them.

After my father's passing, my wife and my brother helmed the business. My wife encouraged me to pursue my passion. Though, I call her *Simran* after marriage, it was she, who said the famous dialogue from *DDLJ*, "*Ja Simran ja, jeele apni zindagi!*"

In 2012, I got a call from my collegemates, Seema and Sudhir, who were heading a company called Sunshine Productions. They told me that they wanted me to do a role, which would just require five-six days of shooting in Delhi for a series called *Karol Bagh*. Since it was in Delhi, I agreed. But then, my character was liked so much by the viewers that my role lasted for about two years, and I got nominated and even won many awards for it. Then, I bagged another daily soap, which required me to shoot in Mumbai. So, for about 1.5 years, I used to travel from Delhi to Mumbai almost every day, and shoot both these serials simultaneously.

With time, I got more assignments and I had to shift my base to Mumbai. But my entire family, including my mother, my brother and his wife, weren't very happy about it because they felt that I was leaving an established business. It was difficult for me too because I come from a joint family and by then, I had already my second son and I, too, wasn't happy about leaving my entire family back in Delhi. It was almost like uprooting my entire existence from Delhi to Mumbai. The only consolation was that I didn't have to struggle in showbiz as I was already a 'household' name because of my serials. When I came to Mumbai, the *rickshaw* also didn't take any money from me because he was a follower of my serial. Soon, I got more work and within a year, I got my wife and children here in Mumbai.

### What do you like doing in your free time?

I like writing poetry. I talk to fruits and vegetables. I like gardening. I love delving in astrology.

### How do you get into a psyche of a character? Tell us about your character '*Ustaad ji*.'

Half of the work is done if you are given the right briefing. I got a call for audition for this character of '*Ustaad ji*.' So, my first few questions are who is the character, what is the age, where is the character from, what kind of language does the character speak, what does he do, is he grey or positive or negative. So, if you know all these things about the character, you get a framework in your mind. I, like most actors, am a very acute observer of people. When I go out and talk to people, I am always noticing the little nuances about people, like the way they speak, their pauses, their hold with their language, their listening power and patience, how they walk, how they eat. There was a time I used to stare at strangers. I remember during the wedding season in Delhi, where the newly wedded couples used to come to the *Gurudwara* to pray, I used to keep watching these couples. My folks used to scold me for staring. It was like even if someone is crying, instead of pacifying the person, I would be observing how this particular person was crying. My friends used to admonish me and even tell me that I would get beaten up someday for staring like this.

For my role as *Ustaad ji* in *Heeramandi*, I already knew Urdu since my father and mother's family had migrated from Lahore and Rawalpindi in Pakistan. So, I was well-versed with the pronunciations and the little nuances of the language. My grandmother was a retired principal, who had worked in Lahore. Playing *Ustaad ji* was interesting because it was a multilayered character and not just a LGBTQ character. Though, he had shades of grey and was a conniving person, but he also had a warm, human side to him. He had, probably, faced a lot of physical and mental exploitation because of which he had a very vengeful attitude. In the world, not every one gets everything as they say "*Kissi ko mukamal jahan nahin milta*." So, the poor soul is searching for his *mukamal jahan*!

### Is playing such complex characters emotionally taxing?

Yes. I am a very happy-go-lucky person. But let's say I go for work and I am asked to do a scene, where I have to cry my heart out. So, I have to force my mind to come to that level. In the series, I had a scene with *Sonakshi Sinha* where I had to cry, and it so happened that even after the director, *Sanjay Leela Bhansali*, said 'cut' and the shot was over, I still kept crying. The director hugged me and even gave me 500 rupees note as a token of appreciation. But my crying didn't stop even then. It was almost like I had gone to someplace else in that state.

### What's the best piece of advice that you have been given ever?

My father used to always tell me not keep an elephant because if I lose the elephant, I would lose everything but to keep many small goats because even if I lose a couple of goats, I would still have the remaining goats with me. Basically, he wanted to say that make small investments instead of putting everything on one investment. Why are more and more men playing female characters or third gender? Is it a sign of growing empathy towards women? I think it is just a trend. Why would women need empathy? I think women are more powerful than men. I don't understand why people forget that because every man is born from a woman in the first place.

rajeshsharma1049@gmail.com




Indresh Malik with Sonakshi Sinha.

#SPACE

# Venus might have active volcanoes

Present-day volcanism on Venus is rather widespread



The surface of *Venus* is littered with thousands of volcanoes, some of which may still be active until today. A fresh look at 30-year-old radar images, captured by the Magellan spacecraft, revealed that new lava flows on Venus, suggesting that the planet was *volcanically* active between 1990 and 1992.

NASA's Magellan mission arrived at Venus in 1990 and became the first spacecraft to image the entire surface of the planet before plunging into the *Venusian* atmosphere on October 12, 1994. Since its dramatic ending, no other spacecraft has been dedicated to exploring Venus. Although, the radar images captured by Magellan are more than three decades old, scientists have developed new instruments to probe at the data and weave new discoveries about the hellish planet.

Thirty-two year old Davide Sulcanese, a graduate student at the Universita d'Annunzio in Italy and lead author of a new paper on Venus' volcanism, jokes that the radar images examined by him and his team are of his exact age. "This is very old data but with the new technology, we can still make it very useful even for new discoveries," Sulcanese told Gizmodo.


The team poured over two sets of Magellan radar data obtained in 1990 and 1992 to look for evidence of volcanic activity. In the images, team members found surface changes in two areas, the western flank of *Sif Mons*, a volcano on Venus, and in western *Niobe Planitia*, a large volcanic lowland province on the planet. Scientists have previously found volcanic-related features on both of those areas, but the team, behind the new study, discovered variations in the radar backscatter between different images, taken by Magellan, over a period of two years. The variations are likely indicative of new lava flows on the surface of Venus, according to the study published in *Nature Astronomy*.

The new findings not only support an earlier study on Venus' volcanic activity, but also suggest that present-day volcanism on Venus is rather widespread. In March 2023, a group of scientists found a *volcanic vent* on Venus, changing shape, and increasing significantly in size in less than a year.


That was the first indication of recent volcanic activity on Venus, but now scientists can better understand the scale of Venus' volcanism. "Our findings allowed us to estimate the flow rate, and it turned out that Venus is actually much more active than expected and the level of activity is comparable, or similar, to Earth," Sulcanese said.

Studying active volcanoes can help scientists understand how a planet's interior can shape its crust and affect its habitability over the years. Venus is sometimes referred to as Earth's twin because both planets are almost the same size and mass, and have similar composition.

"By studying Venus, we can better understand Earth," Sulcanese said. "It's a volcanic world, so, it's a very hostile environment, at least to us. I hope not, but maybe, this is something that will happen to Earth."



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अंतर्राज्जीय गैंग के सरगना सहित चार बदमाश गिरफ्तार

## 16 लाख के जेवर व कार बरामद, सरगना फौजी सौ से अधिक वारदातों में शामिल

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** मदनगंज थाना पुलिस एवं जिला स्पेशल टीम ने सयुंक्त कार्रवाई कर कुख्यात अंतर्राज्जीय गिरोह के सरगना सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार कर करीब 16 लाख कीमत के जेवर बरामद किये। बदमाशों ने मदनगंज थाना क्षेत्र में तीन वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है। हत्या, डकैती, लूट की संगीन वारदातों में शामिल सरगना फौजी के खिलाफ जयपुर, अलवर, दिल्ली, हरियाणा में सौ से अधिक मामले दर्ज है।

पुलिस की गिरप्त में आये आरोपियों में शातिर अपराधी कासन मानेसर हरियाणा निवासी सतपाल सिंह उर्फ फौजी (43) पुत्र ओमपाल सिंह, माखर झुंझुनू निवासी विकास शर्मा उर्फ पवन (36) पुत्र दामोदर शर्मा, खेड़ी तलवाना महेन्द्रगढ़ हरियाणा निवासी विक्रमजीत सिंह (31) पुत्र रामचंद्र सिंह व हेलीमंडी रोडापुर गुरुग्राम, हरियाणा निवासी जितेन्द्र सोनी उर्फ जॉनी पुत्र मुरारीलाल सोनी (39) शामिल है। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि गत 23 मार्च को अज्ञात बदमाश दिनदहाड़े आरके कॉलोनी निवासी वीरेन्द्र सिंह सोढा के सूने मकान में घुस गये और सेंधमारी कर 75 हजार की नगदी सहित करीब



मदनगंज थाना पुलिस एवं जिला स्पेशल टीम ने बदमाशों को गिरफ्तार किया।

21 तोला सोने के जेवरात व चांदी जेवरात चुराकर फरार हो गये थे। पुलिस उप अधीक्षक महिपाल चौधरी के निर्देश पर मदनगंज थाना इंचार्ज घनश्याम सिंह एवं जिला स्पेशल टीम को बदमाशों को पकड़ने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। आदतन अपराधी सतपाल फौजी संदेह के दायरे में आ गया। काफी मशकक्त के बाद उपरोक्त चारों गुनाहगारो को पकड़कर हवालात में डाल दिया। पूछताछ के दौरान गैंग ने मदनगंज थाना क्षेत्र के आरके कॉलोनी, मंगलम अपार्टमेंट व गणपति एनक्लेव में चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर करीब 16 लाख कीमत

■ **बदमाशों ने मदनगंज थाना क्षेत्र में तीन वारदातें कबूली, गूगल पर पॉश कॉलोनियों को चिन्हित कर करते थे चोरी**

के जेवरात व कार बरामद की है।

बताया जाता है कि आरोपी सतपाल सिंह उर्फ फौजी ने सेना की नौकरी छोड़कर अपराध की दुनिया में कदम रख दिया। इसके बाद वह हत्या, लूट डकैती की वारदातों को अंजाम पर पहुंचाता रहा। यह गूगल पर पॉश कॉलोनी को चिन्हित कर सूने मकान की रैकी करने के बाद चोरी किया करते थे। पूछताछ से इनसे कई और वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। बदमाशों को पकड़ने वाली टीम में मदनगंज थाना प्रभारी घनश्याम सिंह, हैड कां. हनुमान जाजड़ा, फतेहसिंह, करतार सिंह, कालूराम मीणा, जयराम, दातार व गौतम शामिल रहे। जिला स्पेशल टीम में हैड कां. आशीष गहलोत, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, राजाराम, मनोज सिंह के अलावा साइबर सैल से दुर्गेश सिंह, मुकेश कुमार, सुरेन्द्र ने सहयोग किया।

# भतीजी के साथ रेप करने का आरोपी चाचा गिरफ्तार

## आरोपी जयपुर में सत्संग करने चला गया था

**मकराना, (निसं)।** भतीजी के साथ रेप करने के आरोपी चाचा को गिरफ्तार पुलिस ने जयपुर से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार छह साल की भतीजी से रेप करने के बाद आरोपी जयपुर में सत्संग करने पहुंच गया।

पुलिस ने दरिंदे को जयपुर के करधनी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आइसक्रीम दिलाने के बहाने 25 साल के चाचा ने मासूम के साथ रेप किया। बच्ची रोते हुए घर पहुंची तो घरवालों के होश उड़ गए। घटना के बाद परिवार के लोगों ने आरोपी कानाराम पुत्र कैलाशचंद बंजारा को पकड़कर बांध दिया। आरोपी की बहन ने पानी पिलाने के बहाने हाथ खुलवा दिए। आरोपी चकमा देकर फरार हो गया और जयपुर में सत्संग कार्यक्रम में पहुंच गया। मामला नगौर जिले के मकराना थाना इलाके का है। वारदात मंगलवार दोपहर 2.30 बजे हुई। मकराना पुलिस उपाधीक्षक भवानी सिंह



पुलिस ने रेप करने के आरोपी चाचा को गिरफ्तार किया।

ने बताया कि मंगलवार को रिश्ते के चाचा ने भतीजी के साथ रेप किया। आरोपी शादीशुदा है। उसकी पत्नी कुछ समय से पीहर में रह रही है।

# मुख्यमंत्री की भतीजी शिवानी ने 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**भरतपुर, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ससुराल कुम्हेर उपखण्ड के गांव बबूला में है। जहां उनके साले विनोद कुमार कटारा की पुत्री शिवानी कटारा ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 वीं में 600 में से 565 अंक प्राप्त कर 94.17 प्रतिशत बना कर डीग जिले में टेन टॉप और भरतपुर संभाग की 50 टॉप की सूची में स्थान प्राप्त किया है।

परीक्षा परिणाम आते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दूरभाष पर शिवानी कटारा से पूछा की कैसा रहा परीक्षा परिणाम और कितनी प्रतिशत बनी। शिवानी कटारा ने कहा कि फूफाजी मेरी 94.17 प्रतिशत बनी है और मेरी ओर से आपको एवं बुआजी को राधे-राधे, जय श्री गिर्राज जी महाराज की। तभी मुख्यमंत्री



शिवानी कटारा।

भजनलाल शर्मा ने पूछा कि बेटी शिवानी आपका भविष्य में क्या बनने का लक्ष्य है। तो शिवानी कटारा ने कहा कि मेरा आईएएस बनने का लक्ष्य है। अभी मुझे कक्षा 11 वी एवं 12 वीं की पढ़ाई पर ध्यान देना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दूरभाष पर शिवानी कटारा के पिता विनोद कुमार कटारा एवं उसकी मां अनिता देवी से बातचीत कर बेटी शिवानी कटारा की पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए बोला और राजीखुशी पूछी।

इधर मुख्यमंत्री शर्मा के साले विनोद कुमार कटारा की पुत्री शिवानी कटारा के कक्षा 10 वीं में 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त होने पर सन्तोष कटारा, डोरी लाल शर्मा, राजू कटारा, हरस्वरूप सरपंच, सेठ हरिचरण लाल अग्रवाल के पौत्र व उद्योगपति यश अग्रवाल, गौरव बंसल छोटू, भाजपा जिला महामंत्री मोहन रारह सरपंच, पूर्व जिला प्रमुख द्वारिका प्रसाद गोयल आदि ने शिवानी कटारा और उनके पिता विनोद कुमार कटारा को बधाई दी।

# विवाहिता को धमकी देकर पांच माह तक बलात्कार

**अजमेर, (कासं)।** अलवर गेट थाना इलाके में रहने वाली एक विवाहिता को धमकी देकर पांच माह तक उसके साथ बलात्कार करने का मामला सामने आया है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई को शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर अलवर गेट थाना पुलिस ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करके पीड़ित महिला का बलात्कार संबंधी मेडिकल जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के फोरेंसिक विभाग से कराया है तथा आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि पीड़ित महिला के पिता के साथ आरोपी काम करता था तथा घर आने-जाने के दौरान दोनों के बीच संपर्क हुआ था। पीड़िता का पिता कलर पेंट का काम करता है जिसके साथ वह आरोपी भी काम करने जाया करता था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि

■ **पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की**

जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई को दी गई शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह शादीशुदा है और शादीशुदा होने के बावजूद आरोपित ने प्रेम सिंह उसे डराया और धमकाया करता था, जिसके चलते पीड़िता डरी और सहमी रहती थी। इसके अलावा लोकलाज के भय भी वह चुप रही जिसका फायदा उठाकर आरोपी प्रेम सिंह 1 जनवरी से लेकर 28 मई 2024 तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।

अलवर गेट थाना पुलिस ने जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई के निर्देशों पर आरोपी प्रेम सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पीड़िता का जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के फोरेंसिक विभाग से बलात्कार संबंधी मेडिकल कराया है। इसके अलावा आरोपी युवक की तरह शुरू कर दी है।

## लापरवाही से प्रसूता की मौत

**डीडवाना, (निसं)।** जिले के छोटी खाटू कस्बे में निजी अस्पताल पर प्रसव के दौरान निजी चिकित्साकर्मी की लापरवाही से एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रूंवा गांव निवासी बलबीर बावरी की पत्नी कंचन को प्रसव पीड़ा हुई तो उसने छोटी खाटू कस्बे स्थित निजी क्लीनिक पर महिला को प्रसव के लिए भर्ती करवाया गया। निजी अस्पताल संचालिका मोनिका ने कंचन को भर्ती कर उसको प्रसव के लिए इलाज देना शुरू किया मगर लापरवाही के चलते महिला की हालत बिगड़ गई। महिला की ज्यादा हालत बिगड़ने पर महिला को जायल के निजी अस्पताल भेजा गया, मगर बीच रास्ते में ही महिला की जायल पहुंचने से पहले मौत हो गई। बाद में परिजनों ने मृतक महिला कंचन को डीडवाना के राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल में लाया गया जहां चिकत्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार महिला की अस्पताल पंहुचने के एक घंटे पहले ही मौत हो चुकी थी। वहीं महिला की मौत से नाराज परिजनों ने छोटी खाटू के निजी क्लीनिक संचालक मोनिका पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

# अज्ञात कारणों से महिला ने आत्महत्या की

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर कॉलेज के पास कृष्णा नगर में एक महिला ने पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के शरीर से बदबू आने लगी तो आसपास के लोगों की सूचना पर उदेई मोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतार कर जिला अस्पताल की मॉच्यूरी में रखवाया, जहां पर पुलिस ने मेडिकल बोर्ड की टीम से पोस्टमार्टम कराकर शव ससुराल पक्ष को सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार मृतका सीमा (35) पत्नी लखन सिंह निवासी सोप करौली और हाल निवासी गंगापुर सिटी राजकीय कॉलेज के पास कृष्णा नगर में एक मकान में किराए से कमरा लेकर रह रही थी। वहीं दूसरी ओर घटना के दौरान मृतक के दो बच्चे ननिहाल गए हुए थे। सीमा का पति लखन सिंह बिजली विभाग जोधपुर में कार्यरत है और घर पर वह भी नहीं था। पीछे से सीमा ने पंखे में चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

उन्होंने बताया कि शव एक दिन

■ **बदबू आने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचित किया**

■ **मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा**

पुराना है और जब इसमें से बदबू आने लगी तो आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे उदेई मोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे को खोलकर फंदे से लटके हुए शव को नीचे उतारा और इसके बाद शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल लेकर आई। यहां पर शव को मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने बुधवार शाम को परिजनों को सूचना दी और परिजनों के आने के बाद मेडिकल बोर्ड की टीम से पोस्टमार्टम करा कर शव ससुराल पक्ष को सुपुर्द कर दिया।

# तेज अंधड़ ने तबाही मचाई, सिंधोलिया में ओले गिरे

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी क्षेत्र के लावा में गुरूवार की दोपहर बाद अचानक बिगड़े मौसम के बाद चली धूलभरी आंधी के साथ आये तेज अंधड़ ने तबाही मचाते हुये कहर बरपाया।

तेज अंधड़ से सुरेश लक्षकार के मकान की दीवार टूट गई। रतनी देवी खारोल के मकान की पट्टियां टूटकर गिरने से महिला चोटिल हो गई। लालाराम खारोल के मकान की दीवार भी अंधड़ से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं गांव में लगा एक मोबाईल टावर अंधड़ से मकानों पर गिर जाने से कई मकानों को भारी नुकसान हुआ। तकरीबन आधा घंटे तक चले अंधड़ से पंचायत भवन में लगा टावर गिरने के साथ-साथ मकानों के विद्युत तार व छज्जे टूट गये। कई पेड़ भी धराशाही हो गये तो कच्चे मकानों



अंधड़ से लावा गांव में भारी नुकसान हुआ।

पर लगे लोहे के टीनशेड अंधड़ में उड़ गये। आधा घंटा धूल भरी हवाओं के साथ फिर से बदले मौसम के मिजाज से हल्की बरसात भी हुई तो सिंधोलिया गांव में झाडी के बेर के आकार के ओले भी गिरे।

## शातिर चोर को ट्रैक्टर चोरी कर भागते पकड़ा

**भीलवाड़ा, (नीसं)।** शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस को ट्रैक्टर मालिक ने भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद और अजमेर सहित विभिन्न जिलों में चोरी सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे चुके एक शातिर चोर को ट्रैक्टर चोरी कर भागते रंगे हाथों ट्रैक्टर मालिक ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। प्रताप नगर पुलिस का कहना है कि मैन सेक्टर शास्त्री नगर निवासी राजेश पुत्र आशाराम सैनी की एक ट्रैक्टर-ट्रॉली है, जो उसकी पत्नी के नाम से रजिस्टर्ड है। यह ट्रैक्टर अभी कमला विहार में चल रहा था। शाम साढ़े पांच बजे वह अपना ट्रैक्टर कमला हाइट के नीचे खड़ा कर घर चला गया। रात करीब सवा एक बजे एक मजदूर ने सैनी के मित्र रामप्रसाद को बताया कि पार्किंग का ताला तोड़कर दो-तीन चोर ट्रैक्टर चुरा ले जा रहे हैं। इस पर रामप्रसाद मीणा ने सैनी को सूचना दी।

# 14 चिकित्सा कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई

**रामगंजमंडी, (निसं)।** कोटा की सुकेत (सीएचसी) में दो नवजात बच्चों की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में एक महिला स्वास्थ्यकर्मी को निलंबित कर दिया गया है और बीसीएमओ को भी एपीओ किया गया है। इसके अलावा 12 अन्य कर्मियों को नोटिस दिया गया है। कोटा के सुकेत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में दो नवजात की मौत के प्रकरण में चिकित्सा विभाग ने एक्शन लेते हुए 14 चिकित्सा कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। चिकित्सा विभाग ने एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया है। वहीं ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एपीओ कर दिया है।

चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि सुकेत सीएचसी में चिकित्सा कार्मिकों की लापरवाही से दो नवजात की मौत का प्रकरण सामने आने पर चिकित्सा विभाग कोटा जोन के संयुक्त निदेशक से तत्काल जांच करवाकर सख्त एक्शन लिया है। प्रकरण में बीसीएमओ की तीन सदस्यीय कमेटी से बच्चों की मौत के कारणों की जांच करायी गयी थी। जिसमें कर्मियों की लापरवाही सामने आई थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में दोनों नवजात की मृत्यु लू-तापघात से होना नहीं पाया है, लेकिन कमेटी ने पाया कि सीएचसी में चिकित्सा कार्मिकों की ओर से विभिन्न स्तरों पर काफी समय से लापरवाही की जा रही थी। इसके चलते चिकित्सा विभाग की ओर से एक साथ कई कार्मिकों के विरूद्ध एक्शन लिया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि स्वेच्छा से अनुपस्थित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता चंद्रावती शर्मा को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। बीसीएमओ डॉ. रईस खान को लापरवाही और राज्य सरकार के आदेशों की अवहेलना पर एपीओ किया गया है। सीएचसी में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ.अर्पित गुप्ता को बिना अवकाश स्वीकृत अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस देते हुए सीसीए नियम-16 के तहत कार्रवाई की जा रही है। वहीं प्रसविका पुष्पलता सक्सेना और नर्सिंग ऑफिसर बजरंग लाल मीणा, हेमन्त, राहुल शर्मा, आशिक, फराज बेग, विजय कुमार पंचौली, नितेश वर्मा तुषार यादव द्वारा कर्तव्य में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस देते हुए सीसीए नियम-16 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार डॉ. नेहा सुवालका एवं डॉ. परमजीत सिंह के विरूद्ध कर्तव्य के प्रति लापरवाही पायी जाने पर कारण बताओ नोटिस देते हुए सीसीए नियम -17 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

## अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा हॉस्पिटल केयर टेकर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत 7 मई 2024 को जारी की गई अतिरिक्त विचारित सूची में सम्मिलित, किंतु काउंसलिंग दिनांक 20 मई एवं 21 मई 2024 में अनुपस्थित रहे 16 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। इन अभ्यर्थियों को 4 जून को प्रातः 9.30 बजे आयोग कार्यालय में आवश्यक रूप से पात्रता जांच के लिए उपस्थित होना होगा। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा के तहत पात्रता जांच हेतु 11 अक्टूबर 2023 को विचारित सूची जारी की गई थी। इसमें अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों के अधिक संख्या में अपात्र पाए जाने के कारण 82 अभ्यर्थियों को अस्थाई रूप से विचारित सूची में सम्मिलित किया गया था। इन अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का आयोजन 20 एवं 21 मई 2024 को निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोग कार्यालय में किया गया। इस दौरान अनुपस्थित रहे 16 अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा पात्रता जांच का अंतिम अवसर दिया गया है। इस अवसर पर भी अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी एवं परिणाम के लिए विचारित नहीं किया जाएगा।

# एक करोड़ के माल से भरा कंटेनर लूट का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाश चालक के साथ मारपीट कर कंटेनर लूट ले गए थे ,जिसका पुलिस ने पर्दाफाश किया है।

प्रकरण के अनुसार 18 मई को पीड़ित कंटेनर चालक उदयसिंह पुत्र मदनसिंह राजपूत निवसी ढाणी कच्छावा गांव राजनगर खेतड़ी झूंझनू ने प्रतापनगर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 15 मई को एसी का सामान भर कर कंटेनर लेकर मैं बोम्बे से पंजाब मोहाली जा रहा था, जहां 17 मई को बीच रास्ते देबारी पावर हाउस घाटा वाली माता के समीप जाम लगने के दौरान गाड़ी धीमी चल रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात बदमाश ने अवाज लगाई। इस पर मैने गर्दन बाहर निकाली तो बदमाश ने सिर

■ **कंटेनर व वारदात में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त, चालक से कंटेनर लूटा था**

पर लोहे की राड़ मारी। जिससे खून बहने से रूकने पर गाड़ी में चढ़ गए तथा एक बदमाश ने मेरे सिर पर हमला किया जिससे में अचेत हो गया। इस दौरान बदमाश ने मेरा मोबाईल व नकदी छीन ली, एटीएम मांगा तो इनकार करने पर मारपीट कर मुझे नीचे उतार कर कंटेनर लेकर फरार हो गए।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर फलिस टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर गौरव भारती पुत्र शिव भारती निवासी सुथारों का मोहल्ला सालेरा कला डबोक, मुकेश मीणा पुत्र केवलराम निवासी भमरासिया घटी डबोक को बापर्दा व लूट हुए माल को छुपाने में सहयोगी करने वाले महेन्द्र डांगी पुत्र जीतमल डांगी निवासी रणछोड़पुरा वल्लभनगर, मोतीलाल पुत्र दौलतराम डांगी निवासी बावडी सालेरा कला डबोक हाल धुणीमाता को पूछताछ बाद गिरफ्तार किया। पूछताछ में गौरव भारती व मुकेश ने अपने साथी लोकेश डांगी निवासी धनवारेट के साथ मिलकर कंटेनर के चालक के साथ मारपीट कर लूटने व अन्य साथी महेन्द्र व मोतीलाल के सहयोग से माल छुपाया था। इस पर पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही से कंटेनर सहित माल व माल को छुपाने में प्रयुक्त एक अन्य पिकअप वाहन को बरामद किया। इस मामले में लोकेश डांगी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## रेलवे कार्मिक की घर में हत्या

**कोटा, (निसं)।** रेलवे कॉलोनी थाना इलाके में हत्या का मामला सामने आया है। जिसमें रेलवे कार्मिक की देर रात घर में घुसकर एक व्यक्ति ने हत्या की और घर से फरार हो गया। इस रेलवे कार्मिक ने उस व्यक्ति का पीछा भी किया, लेकिन गंभीर रूप से घायल हो जाने के चलते घर की बाउंड्री वाल के नजदीक ही गिर गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोटा शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, एडिशनल एसपी संजय शर्मा और प्रशिक्षु आईपीएस पंकज यादव सहित रेलवे कॉलोनी थाने का जाप्ता मौके पर पहुंचा। इसके अलावा एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया। एमओबी टीम भी मौके पर आकर साक्ष्य एकत्रित किये। कोटा के पुलिस उपाधीक्षक द्वितीय राजेश सोनी ने बताया कि मृतक 35 वर्षीय शंभू दयाल पुत्र नंदकिशोर भील रेलवे में मैकेनिकल डिपार्टमेंट में कार्यरत है।

# साइबर ठगी का खुलासा, दस गिरफ्तार

## मोबाइल, दोपहिया, चारहिया वाहन, क्रेडिट व डेबिट कार्ड जब्त किए

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** अलवर के नवगठित खैरथल तिजारा जिले के मेवात में गोकशी के बड़े खुलासे के बाद किशनगढ़ बास पुलिस ने साइबर ठगी का बड़ा खुलासा करते हुए गुरूवार को 10 आरोपी पकड़े। वहीं अब तक 26 आरोपियों को पकडकर हवालात में बंद किया है। पुलिस ने साइबर अपराधियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में मोबाइल, दोपहिया, चौपहिया वाहन व क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड जब्त किए हैं। मोबाइल में ओएलएक्स व फर्जी प्रोफाइल बनाकर ठगी करने के तथ्य मिले हैं। साइबर ठगी मामले में पकड़े गए अधिकांश आरोपी युवा है।

साइबर ठगी के मामले में पकड़े

■ **मोबाइल में ओएलएक्स व फर्जी प्रोफाइल बनाकर ठगी करने के तथ्य मिले**

गए आरोपियों का खुलासा करते हुए खैरथल एसपी मनीष चौधरी ने किशनगढ़ बास पुलिस थाने पर प्रेस वार्ता में कहा या तो अपराधी साइबर क्राइम का काम छोड़ेंगे या फिर गांव छोड़ेंगे क्योंकि पुलिस अब साइबर ठगी करने वालों को छोडने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम से जुड़े अपराधियों व अपराधियों के गांवों को चिन्हित कर लिया गया है। पुलिस की टीम अपराधियों के पीछे लगी हुई है।

किशनगढ़ बास पुलिस थाना अधिकारी जितेंद्र शेखावत ने बताया कि एसपी मनीष चौधरी के निर्देशन में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मेवात के गांवों से 10 आरोपियों को ओएलएक्स एवं नटराज पेंसिल तथा अन्य एप के द्वारा ऑनलाइन ठगी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इससे एक दिन पहले एक साथ 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मौसम उर्फ मौसमदीन पुत्र रमजान निवासी थानाघोडा, सुनील कुमार पुत्र मामचंद मेघवाल निवासी पडासला, आसिफ उर्फ पीटी उर्फ अप्पा पुत्र नूरमोहम्मद निवासी धमूकड़, सोनू पुत्र सुखपाल प्रजापत निवासी रघुनाथगढ़ नौगांवा, दीपक पुत्र रतिराम धानका निवासी दौलतपुर कोटकासिम ,सोमदेव प्रजापत पुत्र पतराम निवासी कोलाणी थाना नौगांवा, जुल्फान पुत्र हकुमुद्दीन निवासी थानाघोड़ा हाल बाघोड़ा किशनगढ़ बास, ताहिर पुत्र सुभान निवासी रावका किशनगढ़ बास सेकूल पुत्र अली मोहम्मद निवासी रावका किशनगढ़ बास, शरीफ उर्फ शरी पुत्र अलीमोहम्मद निवासी रावका किशनगढ बास को गिरफ्तार किया है।

## संक्षिप्त

### शिविर में 45 यूनिट रक्त संग्रहण

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के पुतली कट स्थित जीवन धारा ब्लड बैंक द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड बैंक प्रभारी दिनेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंदी पत्रकारिता दिवस पर कोटपूतली के चौथे स्तंभ पत्रकारों ने रक्तदान शिविर में बढ चढ कर भाग लिया और गर्मी के मौसम में निरंतर बढ़ रही मौसमी बीमारियों में रक्तदान के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया कि हर जरूरतमंद तक रक्त की सुलभता हो और रक्त के अभाव में किसी को बेवजह परेशान ना होना पडे। ब्लड बैंक प्रभारी के अनुसार रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। जिसमें स्वतंत्र पत्रकार आनंद पंडित, अनिल शरण बंसल, बालकृष्ण शुक्ला, अनिल शर्मा, अमित यादव, दिनेश सिंह राठौड, विक्रांत शर्मा, सुमित शर्मा, सीताराम गुप्ता, जितेंद्र जलेन्द्रा, महेश सैनी, गिरिराज नायक एवं लक्ष्मी नारायण कुमावत सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

### ठगी से बचने के निर्देश

**टोंक, (निसं)।** शुभ शक्ति योजना में राशि स्वीकृत कराने एवं पैसे डालने की एवज में पैसो की डिमांड कर आमजन को ठगे जाने की शिकायत श्रम विभाग को प्राप्त हुई है। वर्तमान में विभाग द्वारा शुभ शक्ति योजना की स्वीकृति एवं राशि भुगतान पर रोक है। अतः सभी हिताधिकारियों को सूचित किया जाता है की किसी प्रकार के बहकावे एवं प्रलोभन में न आवे तथा ऐसे फर्जी ठगी गिरोह को राशि हस्तांतरित ना करे। सहायक श्रम आयुक्त कमल सिंह चांदोलिया ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के पंजीयन एवं विभागीय योजनाओं के आवेदन पोर्टल पर अपलोड करने के लिए दी गई सेवाओं के विरूद्ध यदि कोई ई-मित्र या अन्य कोई व्यक्ति राज्य सरकार द्वारा तय शुल्क से अधिक राशि या स्वीकृत हितलाभ राशि में से कुछ अंश देने की मांग करता है तो ऐसे ई-मित्र या व्यक्ति की सूचना आमजन श्रम विभाग, पुलिस थाना एवं टोल फ्री नंबर 18001800999 पर दे सकते है।

### 40 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन

**मालपुरा, (निस)** रोटरी क्लब मालपुरा सीटी एवं जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग से गुरूवार को शहर के आदिनाथ धर्मशाला मे निःशुल्क मोतियाबिन्द जांच एवं नैत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया गया। क्लब अध्यक्ष डॉ. अंकित कुमार जैन व डॉ. राकेश जैन, एडवोकेट रवि कुमार जैन,मथुरा लाल गुर्जर,डॉ. रोहिणी, ने दीप प्रज्जवल्लित कर शिविर का शुभारम्भ किया। क्लब सचिव डॉ. राजाराम शर्मा ने बताया कि शिविर मे 150 नैत्र रोगियों की जांच कर 40 गंभीर नैत्र रोगियों का जयपुर में निःशुल्क ऑपरेशन के लिये चयन किया। क्लब द्वारा आयोजित शिविर में ऑपरेशन के लिये चयनित नैत्र रोगियों को निःशुल्क परिवहन सेवा भी क्लब परिवार की और से दी जायेगी। इस दौरान एडवोकेट पवन सोनी, डॉ. शुभम जैन,बलराम सोलंकी,श्रीराम शर्मा, सौभाग्य सिंह आदि ने शिविर में अपनी सेवाऐं दी।

### परिंडा लगाओ अभियान की शुरुआत

**मनोहरपुर, (निसं)।** गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों के लिए एयू बैंक द्वारा परिंडा लगाने का अभियान परमानंद धाम के महाराज हरिओम दास जी के सानिध्य में शुरू हुआ। महाराज श्री ने बताया कि एयू बैंक टीम द्वारा गांव के चौराहों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाना बहुत उत्तम कार्य है। इस दौरान एयू सीएसआर टीम के मनोज यादव ने बताया कि बैंक टीम द्वारा 60 पंचायतों में लगभग 2000 परिंडे लगाए जायेंगे, जिससे इस भीषण गर्मी में पक्षियों को भी पानी मिल सकेगा। इस दौरान रणवीर सेवा समिति के अध्यक्ष विजय चौहान, जतिन जांगिड, अध्यापक शिम्भू दयाल यादव, अनुज यादव, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

### राजकीय अस्पताल को कूलर भेंट

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में वार्डो में लगाये जाने के लिये दो बड़े कूलर पूर्व पीएमओ डॉ. अश्वनी गोयल, भामाशाह गौरव गोयल व संजय गुप्ता के द्वारा उपलब्ध करवाये गये जो अस्पताल के शिशु वार्ड में लगाये जायेगें। इस पर पीएमओ डॉ. सुमन कुमार यादव ने उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. अशोक कुमार भ्रमर, नर्सिंग अधीक्षक अशोक शर्मा, वार्ड प्रभारी पूरण सिंह समेत स्टॉफ सदस्य जयप्रकाश, कृष्ण गुर्जर, ईश्वर स्वामी आदि मौजूद रहे।

# बिजली, पानी की समस्या का अधिकारी शीघ्र निदान करें : नकाते शिवप्रसाद

- जिला प्रभारी सचिव ने रात्रि चौपाल में सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिये निर्देश

**खैरथल, (निसं)।** खैरथल तिजारा जिले के कोटकासिम उपखंड के गांव हरसोली में जिला प्रभारी सचिव नकाते शिवप्रकाश मदान की उपस्थिति में जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला सहित अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इससे पहले जिला प्रभारी सचिव व रीको प्रबंध निर्देशक नकाते शिवप्रसाद मदन ने जिला सचिवालय पर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए पानी बिजली सहित मूलभूत सुविधाओं की फीडबैक लेते हुए समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए जिला प्रभारी एवं प्रबंध निदेशक रीको नकाते शिवप्रसाद मदन ने कहा कि पंचायत पर रात्रि चौपाल कार्यक्रम आयोजित करने का सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि प्रशासन गांव में पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करें। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा प्रभारी सचिव को बताया गया कि जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा निरंतर रात्रि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है तथा ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन में हुए कार्य के बाद क्षतिग्रस्त रोड की मरम्तीकरण, घर के ऊपर से निकलने वाले तारों को हटाने, बोरवेल सही कराने, शमशान पर विद्युत व्यवस्था करने, अतिक्रमण, पीएचसी में स्टाफ लगाने, पुलिस गस्त बढाई जाने अतिक्रमण संबंधी सहित कुल 57 प्रकरण प्रभारी सचिव के समक्ष प्रस्तुत किए गए जिसमें प्रकरणों के समाधान हेतु मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए।



57 प्रकरण प्रभारी सचिव के समक्ष प्रस्तुत किए गए जिसमें मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए।

खैरथल जिला सचिवालय पर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ले रहे जिला प्रभारी सचिव व रीको प्रबंध निदेशक नकाते शिवप्रसाद ने विभाग वाइज अधिकारियों से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जल अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता से कहा कि जिले में पेयजल आपूर्ति की नियमितता बनाये रखें तथा गांव के अंतिम छोर तक पेयजल पहुंचना चाहिए।

बिजली समस्या की समीक्षा करते हुए कहा कि यथासंभव बिजली पीक घंटे में पावर कट न करें तथा मेंटेनेंस का कार्य सुबह के समय पर करें बार-बार ट्रिपिंग नहीं हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। शुद्ध के लिए युद्ध चलाए गए अभियान को लेकर उन्होंने अतिरिक्त जिला कलेक्टर व सीएमएचओ को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। रसद अधिकारियों को आमजन को मोटे अनाज के प्रति जागरूक करने हेतु फूड इंस्पेक्टर की सहायता से जिले में मेलों का आयोजन करने के निर्देश दिए तथा मेलों में मौके पर पोस्टिक आहार बना आमजन को प्रदान करने के निर्देश भी दिए। पशुपालन विभाग को आवारा पशुओं के लिए चारा, पानी की व्यवस्था सुचारू रखने तथा पक्षियों के लिए परिंडे लगवाने के लिए भामाशाहों का सहयोग लेने के लिए कहा तथा गौशालाओं को समय पर अनुदान जारी करने, पशुओं की दवाओं की उपलब्धता रखने के निर्देश दिए।

### सरकारी स्कूल ने फिर लहराया परचम

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत खण्डेल में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा के बोर्ड परिणाम में शत् प्रतिशत परिणाम देकर विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए व्याख्याता ताराचन्द जाजोरिया ने बताया कि विद्यालय के अध्यापकों द्वारा लगातार कड़ी मेहनत और उनके विश्वास पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने शत् प्रतिशत परिणाम देकर विद्यालय गांव और अपने माता पिता सहित गुरुजनों का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि विद्यालय में कुल 25 विद्यार्थी पंजीकृत थे। जिसमे 8 विद्यार्थीयों ने प्रथम श्रेणी वहीं 15 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी और 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास होकर इतिहास रचा है। इसके चलते मीनाक्षी कनखेडिया ने 86.33 प्रतिशत, आशा कुमावत ने 84.5 प्रतिशत और किरण प्रजापति ने 82.17 प्रतिशत बनाकर सफलता हासिल की है। इस दौरान ग्रामीणों ने विद्यालय के अध्यापकों व विद्यार्थियों तथा परिजनों को बधाई दी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल की तैयारियों का निरीक्षण कर व्यवस्था जांची

**अलवर, (निसं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता ने बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में पहुंचकर लोकसभा आम चुनाव के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कक्ष, सीसीटीवी कैमरों, बैरिकेटिंग्स, वाहन पार्किंग, प्रवेश द्वार, सुरक्षा व्यवस्था आदि का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नगर विकास न्यास, पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना स्थल एवं मतगणना कक्ष की सभी व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन की पालना करते हुए कराई जावे। उन्होंने मतगणना कक्षों में मजबूत वायरमेस लगाने, फर्नीचर आदि की व्यवस्था पर्याप्त संख्या में करने तथा गर्मी के मद्देनजर आवश्यकता अनुसार कूलिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि मतगणना स्थल पर बैरिकेटिंग, टेंट, कुर्सी आदि की व्यवस्था के साथ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखी जावे। मतगणना स्थल पर विद्युत की आपूर्ति निर्बाध रूप से सुनिश्चित करावे। उन्होंने नगर निगम के आयुक्त को निर्देश दिये कि मतगणना स्थल पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करावे। उन्होंने डीओआईटी के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिये कि ईटीपीबीएस गणना स्थल सहित इन सभी स्थानों पर ब्रॉड बैंड इंटरनेट कनेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करावे। साथ ही निर्देश दिये कि मतगणना स्थल से बाहर आमजन को ट्रैंड टीवी के माध्यम से मतगणना की चरणवार सूचना की जानकारी हेतु एलईडी स्क्रीन लगाई जावे जहां छाया व कूलर आदि की व्यवस्था कराई जावे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र वर्मा, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री सोनू कुमारी, एडीएम शहर बीना महावर, नगर निगम के आयुक्त बजरंग सिंह चौहान, डीटीओ सुरेश यादव, यूआईटी की विशेषाधिकारी संजय दीक्षित, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता एम.एल मीना, सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक सुरेन्द्र शर्मा, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक चारू अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता ने बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# जनसुनवाई में पारिवारिक विवाद, जमीन विवाद आदि की शिकायतें मिली

- जयपुर पुलिस आयुक्त ने जनसुनवाई कर दी परिवादियों को राहत

**जयपुर, (निसं)।** जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार को चौमूं थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र विश्नोई, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम नीरज पाठक, सहायक पुलिस आयुक्त चौमू अशोक चौहान सहित संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस सकारात्मक पहल से आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए सभी थानों में भी प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, जमीन के डबल पट्टे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट, धमकी सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि इससे पहले पुलिस आयुक्त ने शिप्रापथ, कानोता, करधनी, विद्याधरनगर, शिवदासपुरा एवं बगरू थाने में जनसुनवाई कर सैकड़ों परिवादियों को राहत दी थी। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान जयपुर (पश्चिम) पुलिस थाना चौमू, हरमाड़ा, विश्वकर्मा एवं दौलतपुरा क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताकर समाधान पाया।



जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने चौमूं थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी।

### जिला प्रभारी सचिव से मिले ग्रामीण, सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली, (निसं)।** ग्राम मोहनपुरा-जोधपुरावासियों का अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ पिछले 539 दिनों से लगातार अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। धरणार्थियों ने जिला कलेक्टर कार्यालय पर जिला प्रभारी सचिव शिव प्रसाद नकाते को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। ग्रामीणों ने कहा कि प्लांट द्वारा पिछले 4-5 दिनों से बिना प्रशासन की अनुमति के क्रेशर चलाया जा रहा है। इस पर जिला प्रभारी सचिव ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। वहीं बिना अनुमति के चलाये जा रहे क्रेशर को बंद करवाने के एसडीएम को निर्देश दिये। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास, संघर्ष समिति उपाध्यक्ष सतपाल, कैलाश प्रभुदयाल, हरभगत बाबू, कानाराम यादव, जयराम यादव, मूलचंद योगी, रामनिवास योगी, मदन योगी, अजय योगी, भूप सिंह धानका समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।

# पौधारोपण से पहले सभी विभाग जरूरी तैयारियां पूरी करें : कलेक्टर

- मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 व पौधारोपण अभियान की समीक्षा

**कोटपूतली, (निसं)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को पौधारोपण अभियान तथा मुख्यमंत्री जल स्वावलंब अभियान 2.0 के कार्यो की समीक्षा बैठक का जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजन हुआ। जिसमें जिला कलेक्टर ने आगामी मानसून सत्र के लिए सघन एवं सुनियोजित वृक्षारोपण करने हेतु तथा मुख्यमंत्री जन स्वावलंबन अभियान 2.0 के कार्यो की समीक्षा की गई तथा प्रगति में सुधार लाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान शुरु होने से पहले जिला स्तर और उपखंड स्तर पर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं ताकि मानसून सत्र के दौरान वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा सके। अभियान के तहत राजकीय कार्यालयों के साथ-साथ आमजन द्वारा भी पौधारोपण किया जायेगा। उन्होंने समस्त राजकीय कार्यालयों में जल संरक्षण के लिए भी विशेष गतिविधियां करने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि पौधारोपण से संबंधित विभाग कार्ययोजना के अनुसार निर्धारित समयावधि में कार्यवाही सुनिश्चित करें। रेंजर सतपाल यादव ने पौधारोपण अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग द्वारा जिले की 8 नर्सरियों में 9 लाख से अधिक पौधे तैयार किये जा रहे हैं। पौधारोपण के लिए वन विभाग, महिला बाल विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, कृषि, उद्यान, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजीविका, पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को नोडल बनाया गया है। इनके द्वारा अभियान के तहत अधीनस्थ परिसरों में सघन एवं सुनियोजित वृक्षारोपण से पूर्व तैयारी कर विभिन्न गतिविधियां की जायेंगी।

जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों, अभियंताओं एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की बैठक में जिला कलेक्टर ने योजना की प्रगति की समीक्षा की। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास ने बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंब अभियान 2.0 के तहत 06 पंचायत समितियों के 43 ग्राम पंचायत के 88 गांव सम्मिलित हैं। जिसमें 06 विभागों के कुल आवंटित 1251 कार्यों के लक्ष्य के विरूद्ध बहुत ही कम कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त होने को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शेष प्रस्ताव शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की प्राथमिकता में सम्मिलित योजना है। जिसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने पंचायती राज, ग्रामीण विकास, जल संग्रहण, वन विभाग आदि के कार्यों की वर्गीकृत सूची तैयार करने को कहा और प्रस्तावित कार्यों की लोकेशन संबंधित किसी भी विसंगित को दूर करने के लिए विभागीय समन्वय पर जोर दिया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, रेंजर सतपाल यादव, सहायक खनिज अभियंता अमित चंद्रा दुहरिया, आईसीडीएस उपनिदेशक कीर्ति बरोलिया, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक एम के जैन, हॉर्टिकल्चर उपनिदेशक सरदारमल यादव, रीको के रीजनल मैनेजर आरके सिंह, एस आई हसन समेत सभी विकास अधिकारी व सहायक अभियंता उपस्थित रहे।



पौधारोपण तथा मुख्यमंत्री जल स्वावलंब अभियान 2.0 के कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई।

## सार-समाचार

### 10 बीघा जमीन गौशाला को समर्पित



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** प्रचण्ड गर्मी में गौवंश की जरूरत के तहत श्रीराम गऊ नंदीशाला के संचालक बनवारी लाल मीणा ने बताया कि, स्व. श्री गीगाराम सैनी, माता स्वर्गीय मुरली देवी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र बाबूलाल, सीताराम, पप्पूराम व रामोतार (कालू राम ) सैनी, (खंडोलिया) निवासी ढाणी चौकडीवाली श्रीमाधोपुर हाल निवास मुंबई ने गौवंश की सेवार्थ पुण्य कार्य के तहत पानी की बडी टंकी निर्माण का शुभारंभ किया गया हैं, जिसकी कीमत लगभग 80 हजार आयेगी। इससे पहले इन्होंने श्रीराम गऊ नंदीशाला को सिर्फ हरे चारे के लिए अपनी तकरीबन 10 बीघा जमीन समर्पित की है। इस मौके पर सीताराम सैनी अपनी अर्धांगनी, भाभी, भतीजियों, पोते व दोयते के साथ गऊशाला में आकर अपने हाथों से पानी की टंकी की नींव के पत्थर रखे। उन्होंने बताया कि गऊशाला में आये हुए सभी भामाशाह परिवार के सदस्यों का सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर आभार प्रकट कर सर्वशक्ति गऊ माता से इनके परिवार के उज्ज्वल, स्वस्थ भविष्य की प्रार्थना की है।

### रामलाल शर्मा को सौंपा ज्ञापन



**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** शहर के सुभाष सर्किल स्थित भाजपा कार्यालय पर गोविन्दगढ़ फीडर में रात्रि के बजाय दिन में विद्युत सप्लाई देने को लेकर क्षेत्र के किसानों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गोविन्दगढ पॉवर हाउस के अन्तर्गत आने वाले सभी फ़ीडरों में किसानों को रात्रि में विद्युत आपूर्ति की जा रही है, जिससे किसानों को काफ़ी परेशानी हो रही है। पूर्व विधायक शर्मा ने किसानों की समस्या के निराकरण को लेकर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को पत्र लिखकर जल्द ही किसानों की समस्या के समाधान करवाने की बात कही। भाजपा सरकार किसानों की हितों की रक्षा के लिए पूर्ण जवाबदेह और संवेदनशील है। इस मोके पर पूर्व सरपंच नाथूराम जाट, पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, पूर्व सरपंच सरदार जाखड, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रहलाद शेरावत, भाजपा मंडल महामंत्री जितेंद्र सिंह, सहकारी समिति अध्यक्ष भँवर देवंदा, रामेश्वर बिरानिया, ओमप्रकाश बुनकर, बनवारी लाल, करण सिंह, अवतार लोरा, हरलाल सिंह, सीताराम यादव, बंशीधर, सॉँवरमल आदि किसान उपस्थित रहे।

### मंदिर की 26.5 बीघा जमीन का कब्जा दिलाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में 30 मई गुरुवार को राजस्व टीम द्वारा पटवार मंडल हाथीदेह के ग्राम देवीपुरा में स्थित मंदिर श्री आत्माराम महाराज के नाम दर्ज 26.5 बीघा खातेदारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा कब्जा वर्तमान महंत हनुमान दास जी महाराज को सुपुर्द किया। महंत हनुमान दास जी ने बताया कि वर्ष 2018 में मंदिर की खातेदारी भूमि पर उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर द्वारा पत्थरगढ़ी के आदेश पारित किए गए थे, परंतु पिछले 6 साल से अतिक्रमण होने के कारण पत्थरगढ़ी नहीं हो पाई। गत सप्ताह वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि शीतल कुमार के साथ तहसीलदार श्रीमाधोपुर से मिलकर मंदिर भूमि पर अतिक्रमण की समस्या से अवगत कराया गया था, जिस पर गुरुवार को तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा पत्थरगढ़ी व कब्जा सुपुर्दगी की गयी है। इस कार्यवाही के दौरान पटवारी हल्का गढ टकनेत विनोद कुमार, पटवारी हल्का अजीतगढ बलबीर सिंह, पटवारी हल्का जुगराजपुरा बलबीर सिंह पारोडा, पटवारी हल्का हथोरा राजदीप यादव, भू-अभिलेख निरीक्षक झाडली धन्नाराम वर्मा, उपप्रधान अजीतगढ़ सायरमल गुर्जर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। अतिक्रमण हटने पर ग्रामीणों द्वारा तहसील प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

### जिला प्रभारी सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के कलेक्टर सभागार में गुरुवार को जिला प्रभारी सचिव संदीप वर्मा ने जिला एवं उपखंड अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक ली। राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत के निर्देशानुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं सवाई माधोपुर जिला प्रभारी सचिव संदीप वर्मा ने बैठक में उपस्थित सभी जिला एवं उपखंड अधिकारियों को कुल 12 बिंदुओं पर विशेष ध्यान देकर कार्य करने के निर्देश दिए प्रभारी सचिव ने कहा कि राजस्थान सरकार की मंशा के अनुसार जिले के प्रत्येक नागरिक एवं पशु पक्षियों के लिए गर्मी में शुद्ध पेयजल बिजली की सूचारू आपूर्ति एवं चिकित्सा व स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करना है। प्रभारी सचिव संदीप वर्मा ने कहा कि आमजनों द्वारा पानी, बिजली व चिकित्सा व्यवस्था के बारे में कोई भी शिकायत कंट्रोल रूम के नंबर पर प्राप्त होने पर उनका तत्काल समाधान किया जाए एवं भीषण गर्मी में होने वाले विवाह व अन्य समारोह पर खाद्य सामग्री की गुणवता सुनिश्चित करने के निर्देश खाद्य निरीक्षकों को दिए।

# 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान



90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान किया।

**नारायणपुर, (निसं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया। वही कस्बे में कोलाहेडा मोड पर स्थित साइंस गुरुकुल एकेडमी ने गुरुवार को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को संस्था की ओर से विद्यालय परिसर में मिठाई खिलाकर एवं साफा व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान विजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 10वीं के परीक्षा परिणाम में नारायणपुर तहसील में साइंस गुरुकुल संस्था ने हिंदी माध्यम में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ 7 विद्यार्थियों ने 95 से अधिक व14 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करके क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। वही छात्र रवि सैनी ने अधिकतम 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहा हैं। इस अवसर पर अध्यापकों ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। वही क्षेत्र में शानदार परीक्षा परिणाम देने पर सभी अध्यापकगणों का संस्था प्रधान के द्वारा साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। बता दे कि साइंस गुरुकुल एकेडमी नारायणपुर क्षेत्र की साइंस संकाय में संचालित एकमात्र विद्यालय हैं जहाँ 12वीं के साथ-साथ नीट, आईआईटी फाउंडेशन की कक्षा संचालित हैं। इस दौरान व्यवस्थापक धूनीलाल सैनी, रामकुमार यादव, महेंद्र सिंह, घनश्याम योगी, प्रदीप चौधरी, हरेन्द्र सिंह, संतोष वर्मा, सुंदर लाल आदि अध्यापक व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## संक्षिप्त

### नवरत्न ने किया गांव का नाम रोशन

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। उनियारा उपखंड क्षेत्र चौरू में बुधवार को



नवरत्न सैनी

कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम जारी हुए तो क्षेत्र में खुशी की लहर दौड गई, जब क्षेत्र के लोगों को पता चला कि चौरू के राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त करते हुए चौरू क्षेत्र में टॉप रहे। विद्यार्थियों ने अपना स्थान कायम किया है। राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल अरुण कुमार जैन ने बताया कि एक ओर जहां आज के आधुनिक युग में लोग निजी विद्यालयों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं वहीं अगर शिक्षा के स्तर से देखें तो सरकारी विद्यालय निजी विद्यालयों से कहीं कम नहीं हैं। इसका जीता जागता उदाहरण दसवीं कक्षा के आए परिणाम में हैं। जिसमें चौरू के सरकारी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। वहीं,विद्यालय का छात्र नवरत्न सैनी पुत्र घनश्याम सैनी 90.83 सत प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल चौरू विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं अंक प्राप्त करने वाल छात्र नवरत्न सैनी के पिता पेशे से एक साधारण किसान हैं।

### लू की चपेट में आये किसान की मौत

**टोंक,** (निसं)। पीपलू उपखण्ड के बरोनी थाना क्षेत्र में एक वृद्ध की लूं ओर गर्मी की चपेट में आने से



हरिचंद

झुलसने से मौत हो गई। सोहेला निवासी हरिचंद उर्फ हरचंन्दा पुत्र कल्याण जाती गुर्जर उम्र 67 वर्ष निवासी सोहेला रोजाना की तरह बुधवार को भी खेत पर काम करने गया हुआ था । शाम तक किसान घर नहीं लौटने पर परिजनों ने किसान की तलाश शुरू की। परिजनों ने किसान को खेत पर बेहोश पाया। बेहोश पडे किसान का शरीर धूप से झुलस गया। ग्रामीणों के सहयोग से किसान को सहादत अस्पताल टोंक पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने किसान को मृत घोषित कर दिया। गुरुवार सुबह किसान का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### बाथरूम में युवक का शव मिला

**दूदू,** (निसं)। जिला मुख्यालय दूदू के वार्ड नंबर आठ में एक युवक का शव घर के बाहर बाथरूम में पडा मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश कुमार जगरवाल निवासी दूदू का शव बाथरूम में मिलने के बाद पुलिस थाना दूदू में सूचना दी गई। मौके पर थाना निरीक्षक इंद्र प्रकाश यादव ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा मृतक के शव को बाद पोस्टमार्टम परिजनों को सौंप दिया। मौत के कारण का कोई पता नहीं लगा।

### भेड़ चोरी के फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**दूदू,** (निसं)। स्थानीय थाने की पुलिस ने नकबजनी के 2 वर्ष पूर्व दर्ज प्रकरण में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा ने बताया कि दूदू थाना क्षेत्र के अधीन गांव से 2 वर्ष पूर्व भेडे चुराने का प्रकरण दर्ज किया गया था के बाद आरोपी फरार चल रहे थे। उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल व थाना निरीक्षक इंद्रप्रकाश यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई के बाद खोजबीन की जाकर आरोपी महेंद्र उर्फ गुर्जर बंजारा निवासी नर्सिगा शाहपुरा व मोर सिंह बंजारा निवासी कंवलियास को गिरफ्तार कर लिया।

### रेलवे स्टेशन पर लगाये 30 परिंडे

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने 30 परिंडे लगाए तथा उनकी देखभाल का भी जिम्मा लिया। विमल पबडी ने बताया कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों की भी देखभाल जरूरी है। इसलिए श्रीमाधोपुर जन सेवा समिति ने रेलवे स्टेशन पर 30 परिंडे लगाकर पुन्य का काम किया है। इस मौके पर विमल मीणा, महेंद्र सेन, सतीश खुटेटा, लाला ठठेरा, गौतम धोबी, पूरण, राजू भडभज्या, ग्यारसी लाल पटवा, चंद्रेश शर्मा, विशाल सहित कई कार्यकर्ता

# कलेक्टर ने बंदियों से सुनी समस्याएं, बिजली कटौती मुख्य समस्या रही

- वर्षा ऋतु से पूर्व पौधा रोपण करने पर की चर्चा
- जेल के अंदर की व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया

**किशनगढ़बास,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने गुरुवार औचक निरीक्षण पर पहुंचकर उप कारागृह जेल का अवलोकन कर जायजा लिया और बंदियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। जेल के अंदर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला कलेक्टर ने जेल प्रभारी के साथ अंदर व बाहर परिसर का जायजा लिया और जेल प्रभारी को प्रदेश में चल रही हीट वेब को लेकर निर्देश दिए।

गुरुवार को किशनगढ़बास उप कारागृह जेल का निरीक्षण के लिए पहुंची जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में हीट वेब चल रहा है। उसको ध्यान में रखते हुए जेल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का देखा गया है। जेल के बैरक में जाकर बंदियों से बातचीत की उनकी समस्याएं सुनी है। बंदियों की ओर से कोई शिकायत नहीं बताई केवल उनकी एक शिकायत थी कि बिजली की बार-बार कटौती हो रही। बिजली कटौती की समस्या का समाधान कराया जाएगा।



कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने किशनगढ़बास जेल का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मुलाकात कक्ष बैरक स्टोर रसोई पानी व सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी सिस्टम कंट्रोल रूम पंजिकाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा गया जो सही पाई है। जेल के अंदर साफ सफाई की व्यवस्था भी ठीक मिली है। जेल के अंदर हों रहे बैरेक निर्माण का अवलोकन किया गया है। कार्य की प्रगति पर ध्यान रखने के लिए जेल प्रभारी को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा पूर्व में एसडीम एवं अन्य अधिकारियों की ओर से किए गए निरीक्षण का अवलोकन किया गया।

बंदियों की बिजली की समस्या को देखते हुए अधीक्षण अभियंता को समाधान किए जाने के लिए कहा गया तथा जेल प्रभारी को सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने बताया कि वर्षा ऋतु से पहले जेल परिसर में वृक्षारोपण कर पेड पौधे लगाए जाने के लिए जेल परिसर के चारों तरफ का जेल प्रभारी के साथ खुली जगह का भ्रमण कर अवलोकन किया गया है। जेल प्रभारी से वर्षा ऋतु से पहले पेड़ पौधे लगाने के लिए चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### पुस्तक चर्चा और काव्य गोष्ठी आयोजित

**टोंक,** (निसं)। कस्बे में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संदर्भ केंद्र पर साहित्य संगम पचेवर के तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर कालू खान देशवाली मेडता की राजस्थानी कृति "राजस्थानी आडियां में जनजीवन" की पुस्तक चर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन रमेश चंद्र राही पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में तथा मुख्य अतिथि सुभाष चंद्र शर्मा पूर्व संयुक्त शिक्षा निर्देशक अजमेर, विशिष्ट मुख्य अतिथि अब्दुल हाकीम अय्यूबी जयपुर, डॉक्टर कालू खान देशवाली मेडता के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें राजस्थान के जाने-माने साहित्यकार शामिल हुए जयपुर से सुभाष चंद्र शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व संयुक्त शिक्षा निदेशक अजमेर, रमेश राही राजस्थानी साहित्यकार एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी,आर.एल. दीपक वरिष्ठ कवि मालपुरा, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार डॉक्टर कालू खान देशवाल, मेड़ता, अब्दुल समद, दिनेश दिवाकर मालपुरा, ने पुस्तक चर्चा एवं काव्य पाठ किया।

# हीटवेब से पशुओं को बचाने के लिये लगाया पशु स्वास्थ्य शिविर

**मालपुरा,** (निसं)। प्रदेश में बढती भीषण गर्मी व हीटवेब से पशुओं का सुरक्षित बचाने के उदेश्य को लेकर केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर द्वारा गुरूवार को मलिकपुर ग्राम पंचायत के बालापुरा मे पशु स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर की मौजूदगी में संस्थान के डॉक्टर व वैज्ञानिकों की टीम ने पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में मौजूद खेरी भेड की नस्ल के रजिस्ट्रेशन के लिये राष्ट्रीय पशु संस्थान ब्यूरो कर्नाल के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. इन्द्रजीत सिंह गांगुली, डॉ. आशीष चोपडा द्वारा खेरी भेड की उत्पादन क्षमता के साथ विभिन्न शारीरिक गुणों का प्रदर्शन देखा व जांचा गया। खेरी भेड की शुद्ध नस्ल के लिये किसानों को आवश्यक सुझाव दिये गये। बालापुरा गांव मे गुर्जर जाति के 18 भेड पालको के एक हजार से अधिक पशुओं



हीटवेब से पशुओं को बचाने के लिये अविकानगर संस्थान की ओर से पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

को डॉ. दुष्यंत शर्मा, डॉ. सृष्टि सोनी, डीके यादव ने किसानों व पशुपालकों द्वारा बताई गई पशुओं की पीडा के साथ-साथ वर्तमान मौसम को देखते हुये आवश्यक दवाईयां व मिनरल मिक्सर ईंट का वितरण किया गया। साथ ही पशुओं में नस्ल सुधार प्रजनन तकनिकी आदि पर वैज्ञानिको ने चिकित्सकों से खुलकर चर्चा की। डॉ. महला द्वारा 40 भेड व 5 बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान के लिये मद स्माकलन किया गया। डॉ. लीलाराम, डॉ. सत्यवीर डांगी, अमर सिंह मीणा, रंगलाल मीणा, रणजीत गोदारा के साथ-साथ विभिन्न विभागों के कार्मिक मौजूद रहे। हीटवेब जैसे समय में अविकानगर संस्थान द्वारा लगाये गये शिविर में मौजूद विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी गई चिकित्सकीय सेवाओं पर संस्थान का आभार जताया तो संस्थान निदेशक तोमर ने भविष्य में भी इसी प्रकार समय-समय पर शिविर लगाने का विश्वास दिलाया। डॉ. तोमर ने दोपहर बाद पशुओं को धूप से बचाने के लिये घने पेड की छांव में रखने व एक-एक घंटे के अंतराल में पानी पिलाने तथा पर्याप्त दाना-पानी देने पर जोर दिया।

# बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त बालिकाओं का सम्मान



श्रेष्ठ अंक प्राप्त मेधावी बालिकाओं का पुष्पहार पहनाकर हार्दिक अभिनंदन किया।

**सांभरझील,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने फर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रशासन की ओर से मेधावी बालिकाओं का पुष्पहार पहनाकर हार्दिक अभिनंदन किया गया। छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर उनका हौसला बढाया गया। छात्रा प्रियंका बासीवाल विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। स्कूल प्रशासन में बताया कि दसवीं बोर्ड परीक्षा में 18 छात्राओं ने 75प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर गार्गी पुरस्कार के लिए चयनित हुई है। इसके अंतर्गत 39 छात्राएं प्रथम, 21 छात्राएं द्वितीय व 7 छात्राएं तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। विद्यालय परीक्षा परिणाम 91 प्रतिशत रहा है। । इसी प्रकार 12वीं विज्ञान वर्ग में तमन्ना कुमावत , कलावर्ग में लवीना सोनी तथा वाणिज्य वर्ग में योगिता माहेश्वरी विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान उप प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल मीणा, व्याख्याता रचना मोदी, लविका छीपा, विनोद दुलारिया, प्रेम प्रकाश जांगिड, अनिल माहेश्वरी, कुंदनमल राजोरा ,गीता जाखड, मुकेश मौर्य, रामप्रसाद शर्मा ने मेधावी बालिकाओं को शुभकामनाएं दी।

### दुष्कर्म के आरोपी शिक्षक की जमानत याचिका खारिज

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। सवाई माधोपुर परिवार व पोक्सो न्यायालय ने एक निजी शिक्षण संस्थान में पढाने वाले शिक्षक द्वारा एक नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर बार-बार दुष्कर्म करने के आरोपी शिक्षक हितेश कुमार अकोदिया उर्फ महेंद्र बैरवा का मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

पीडिता एवं राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ठ लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया की जिले के एक थाने में कक्षा 9 में पढने वाली 13 वर्षीय नाबालिग ने मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि मेरे पिता गरीब हैं एवं मजदूरी का कार्य करते हैं। आरोपी पास में ही रहता था वह आया और तीनों बहनों को ट्ययूशन पढने के लिए बोला। इस पर हम उसके यहां पढने जाने पर 30 वर्षीय आरोपी हितेश उर्फ महेंद्र बैरवा ने मेरे अश्लील वीडियो बना लिए एवं उनको वायरल करने की धमकी देकर बार-बार देह शोषण व दुष्कर्म करता रहा। मेरा रिश्ता हो जाने पर भी आरोपी ने पीछा नहीं छोडा। इससे मजबूर होकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद आरोपी को 17 मार्च 2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में है।

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली,** (निसं)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में चयनित परिवारों की ई-केवाईसी राशन डीलर्स से कराए जाने का विरोध प्रदेश भर में मुखर होता जा रहा है। इसी कडी में कोटपूतली के ऑल इंडिया उचित मूल्य दुकान डीलर्स फेडरेशन ने तहसील अध्यक्ष मुकेश कुमार गुर्जर के नेतृत्व में प्रमुख शासन सचिव खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग के नाम जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर हरिश सैनी, हंसराज पायला, कृष्ण कुमार सैनी, ललित शर्मा, अशोक सेहरा, विजय रावत, योगेश कुमार सहित राशन डीलर्स मौजूद रहे।

# नकबजनी के मुख्य आरोपी सहित दो बदमाश गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। गत 8 मई को परिवादी जिनेन्द्र कुमार जैन निवासी उनियारा ने रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया कि सदर बाजार उनियारा में कपडें की दुकान पर रोजाना की भांति 7 मई कों सांयकाल अपनी दुकान बन्द कर गया था, अगले दिन सुबह 8 मई को प्रार्थी मॉर्निग वाक पर गया तो देखा की दुकान का शटर टूटा हुआ है। अन्दर जाकर देखा तो काउन्टर ओर गल्ले को चेक किया तो वहॉ रखे लगभग सवा 3 लाख रूपये गायब थे। जिसको अज्ञात व्यक्ति दुकान का शटर व गल्ले को तोडकर चुरा ले गये।

इस पर पुलिस अधीक्षक टोंक ने घटना को गम्भीरता से लेते हुये निर्देश दिये। जिस पर सलेह मोहम्मद वृताधिकारी उनियारा व थानाधिकारी उनियारा धर्मेश दायमा के नेतृत्व में साईबर सैल टोंक से राजेश शर्मा कानि0 व डीएसटी से एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम ने घटना से संबधित जानकारियॉ जुटाई, सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल तथ्यो के आधार पर अपराधियों को चिन्हित कर उनके बारे में आसुचना संकलित कर व घटना में प्रयुक्त वाहनों आदि की जानकारी जुटाई गई।




टोंक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

साईबर सैल व विशेष टीम द्वारा लगभग 7 दिन आसुचना संकलन कर लगातर वहां जगंलों में डेरा जमाये रखकर लोकल जानकारी जुटाई जाकर मुलजिम रामअवतार को सुनाडिया के पास जंगल से तथा मुख्य आरोपी गोपाल उर्फ गोपाराम पुत्र श्रवण बागरियां उम्र 53 साल निवासी सुनाडिया थाना दूद को शिकारपुरा थाना सांगानेर सदर से डिटेन कर थाना उनियारा पर लाकर सुपुर्द किया। जहां उनसे पूछताछ के दौरान वारदात का पर्दाफाश किया गया। जिन्हे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमाण्ड लिया गया।

### हीटवेव से ड्राइवर की मौत

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। शहर में एक ट्रक ड्राइवर की हीटवेव की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर हरिराम योगी निवासी अरनियामाल टोंक ट्रक को लेकर श्रीमाधोपुर आया था और जालपाली मोड पर अचानक उसकी तबीयत खराब होने पर उसने ट्रक को सडक के किनारे लगाकर दवाई लेकर वह ट्रक में सो गया। काफी समय बाद ट्रक में जाकर साथी खलासी जितराम ने देखा तो वह बेहोशी की हालत में ट्रक में पडा हुआ था जिसे खलासी ने तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक तौर पर चिकित्सकों ने बताया कि अत्यधिक गर्मी की वजह से मौत होना लग रह रहा है। मौत का पूरा खुलासा तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। इधर पुलिस को ट्रक ड्राइवर के ताऊ के लडके गणेशाराम योगी ने मृग रिपोर्ट दी है जिस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सार-समाचार

### उत्कृष्ट विद्यार्थियों का किया सम्मान



**खाटूश्यामजी,** (निसं)। कस्बे की श्री श्याम विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को जयपुर से काठमांडू तक हवाई यात्रा करवाई जाएगी। संस्था के प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद योगी व संस्था सचिव रमेश योगी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा हाल ही में जारी परीक्षा परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थी कमल राज सिंह पुत्र जालिम सिंह मिल निवासी अलोदा ने 94.35 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय और कस्बे का नाम रोशन किया, वहीं कोमल सोनी पुत्री जितेंद्र सोनी ने 91.33 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान व गुंजन पुत्री राजेंद्र पूनिया ने 91प्रतिशत लाकर तीसरा स्थान बनाया। विद्यालय का नया सत्र शुरू होते ही प्रधानाचार्य और विद्यालय के सचिव ने विद्यार्थियों को घोषणा की थी कि जो विद्यार्थी 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लेकर आएगा उन्हें जयपुर से काठमांडू तक हवाई जहाज द्वारा यात्रा करवाई जाएगी। जिसमें तीन विद्यार्थियों का 90 या 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर हवाई जहाज यात्रा में चयन हुआ है। इस दौरान विद्यालय परिसर में तीनों विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया।

### बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



**टोंक,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा गुरुवार को घोषित किया, जिसमें 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में दीनदयाल पब्लिक माध्यमिक विद्यालय सोहेला तहसील पीपलू ने कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमें छात्र लोकेंद्र गुर्जर ने 88.33 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर तनिषा जैन ने 86.83, तृतीय स्थान पर कृष्णा चौधरी ने 86 अंक प्राप्त कर विधालय का नाम रोशन किया। इन्होन अपनी सफलता का श्रेय शाला निर्देशक भंवर लाल चौधरी सहित शाला के अध्यापकों व अपने माता-पिता को दिया।

### समर कैम्प का समापन

**दौसा,** (निसं)। ज़िला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित समर कैम्प का गुरूवार को समापन हुआ। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि लोकेश सोनवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लालसोट, दौसा शहर के पुलिस उपाधीक्षक रवि शर्मा एवं ज़िला खेल अधिकारी मानसिंह उपस्थित रहे। इन सभी का संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने माला और साफ़ा पहनाकर स्वागत किया। लोकेश सोनवाल ने कहा कि में भी क्रिकेट का खिलाड़ी रहा हूँ और क्रिकेट के साथ साथ खिलाडी अपने जीवन में संयम ,धैर्य अनुशासन सीखता है जिसको अपने जीवन में आत्मसात भी करता है। रवि शर्मा ने खिलाडियों का हौंशला अफजाई किया साथ ही खिलाडियों को लगन से मेहनत करने और जीवन का उद्देश्य के बारे में बताया। संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने कहा कि खिलाडियों को जल्द से जल्द दौसा ज़िले में क्रिकेट के लिये आधारभूत संसाधन उपलब्ध कराने और छह माह के भीतर क्रिकेट ऐकेडमी तैयार करने की बात कही साथ ही बताया कि पूर्व पदाधिकारियों ने पिछले 35 सालों से संघ पर क़ब्ज़ा कर रखा था क्रिकेट के नाम पर ज़िले में कुछ नहीं किया ।हमेशा आरसीए के चुनाव में ज़िले का वोट बेचा गया और अपने स्वार्थ की पूर्ति की परन्तु अब ऐसा नहीं होगा और दौसा ज़िले को उचित प्रतिनिधित्व मिलने की बात कही। यह कैम्प गत 17 मई से प्रारंभ हुआ और इस कैम्प में पूरे ज़िले से लगभग 130 खिलाडियों ने प्रतिदिन अभ्यास में भाग लिया। इस समर कैम्प में अनुभवी कोच द्वारा खिलाडियों को प्रशिक्षण दिया गया। अंत में संघ की अध्यक्ष शोभना गुर्जर ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### वकीलों ने पक्षियों के लिए जलपात्र लगाये

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर बार एसोसिएशन की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश कुमार पारीक के सानिध्य में वकीलों ने न्यायालय परिसर में अनेक जगहों पर पक्षियों के लिए जल पात्र का इंतजाम कर सकारात्मक संदेश भी जारी किया। पारीक ने कहा कि प्रकृति के संतुलन में बेजुबान पक्षियों का खास योगदान है। पक्षियों की चहचाहट के बिना सब कुछ सूना है। इस सत्र में जिस प्रकार से भीषण गर्मी चल रही है उसको दृष्टिगत रखते हुए हमें प्रकृति और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम भी उठाने होंगे। इन बेजुबान पक्षियों के लिए जल और चुगा पात्र लगाने से हमारी आत्मा को भी सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि "चिड़िया चोंच भर ले गई नदी न घटिया नीर, दान करे से धर्म बढे कह गए दास कबीर"। इस मौके पर श्यामसुंदर पारीक, लक्ष्मण सिंह खंगारोत, हेमराज कुमावत, सुरेश शर्मा, महेंद्र कुमावत, दिव्य राजवीर गुर्जर, योगेश शुक्ला, निशांत शर्मा, लक्ष्मीकांत दाधीच, रमेश शर्मा, लोकेश शर्मा, गोपीचंद कुमावत, मुंशी राजेश कुमार शर्मा सहित अनेक की मौजूदगी रही।

### ललित सैनी बने अध्यक्ष

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)।ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजि.) की प्रदेश स्तरीय बैठक में ललित सैनी श्रीमाधोपुर को राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह सैनी द्वारा जिला नीमकाथाना के जिला अध्यक्ष हेतु नियुक्त कर शीघ्र तहसील अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी का गठन करने का निर्देश दिया साथ ही अपेक्षा की गई कि ललित सैनी के नेतृत्व में समाज हित में शीघ्र ही शैक्षिणक राजनीतिक विषयों पर सकारात्मक निर्णय किए जाएंगे। इस अवसर पर सैनी समाज के गणमान्य लोगों द्वारा सैनी को बधाई देकर समाज हित में लिए निर्णय में पूर्ण सहयोग देने की बात कही । सैनी समाज मे कक्षा 10वीं व 12वीं के 90प्रतिशत अंक प्राप्त विधार्थियों को घरों पर जाकर सम्मान करने का निर्णय कर 2 जून रविवार को सुबह 10 बजे तारा काम्प्लेक्स, पृथ्वीपुरा रोड, शिव कालोनी श्रीमाधोपुर मे समाज की मिटिग रखी गईं हैं। इस अवसर पर दिनेश कटारिया, पार्षद विनेश सैनी, ओम प्रकाश प्रधान, बाबूलाल कटारिया,पूरण सैनी, राकेश सिंगोदिय, नरेंद्र सैनी, सागरमल सैनी, ओमप्रकाश, राजू बागवान उपस्थित रहे।

### निराश्रित पशुओं को पकड़ने की मांग

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा नगर पालिका क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा पार्षद एवं कार्यकर्ताओं ने पालिका अधिशासी अधिकारी तेजराम मीणा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र की विभिन्न सडकों, चौक-चैराहों व गली-मौहल्लों में काफी संख्या में निराश्रित गोवंश, बन्दर व आवारा कुत्ते घूम रहे है। वहीं आगे बताया कि उक्त निराश्रित गौवंश पशु व आवारा कुत्ते आये दिन राहगीरों व वाहन चालकों सहित बच्चों-वृद्ध व महिलाओं को अपना निशाना बनाकर हमला कर देते है। इसके चलते सडकों पर वाहन चालकों के लिए हादसे का कारण बन रहे है। इसके साथ ही आगे बताया कि नगर पालिका व सम्बन्धित विभाग क्षेत्र की उक्त समस्या की गंभीरता से अवगत होते हुए भी इसका हल करवाने में नाकाम साबित हो रहे है। इसके चलते ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत करते हुए बताया कि जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द इन निराश्रित पशुओं, बन्दरों, कुत्तों को पकडकर उचित स्थान पर भिजवाने का आग्रह किया है। साथ ही आये दिन हो रही परेशानियों से निजात दिलाने की मांग की है। इस अवसर पर पालिका प्रतिपक्ष नेता संजय पारीक, पूर्व मण्डल अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजोरा, पार्षद श्रवण वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, यतेन्द्र झांकड़ा, संजय वार्ष्णेय, राजकुमार, कमल शर्मा(कन्नु),राजकुमार देवाल सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।



हम पहली बार न्यूयॉर्क में नए विकेट्स पर खेलेंगे, ये एक नया चैलेंज है। क्रिकेट दुनियाभर में ग्रो हो रहा है और यूएसए में भी हम ऐसा देख पा रहे हैं। नए पिच और नया सेटअप तैयार हुआ है और मौसम भी अलग है तो हम इसके आदी हो रहे हैं।

– ऋषभ पंत

भारतीय विकेटकीपर, अपनी चोट से उभरने के बाद बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — सौरव गांगुली



राहुल द्रविड़ का बतौर कोच टीम इंडिया के साथ कार्यकाल टी20 वर्ल्ड कप 2024 तक का ही है। ऐसे में बीसीसीआई नए कोच की तलाश में हैं। कुछ रिपोर्ट्स सामने आईं है कि गौतम गंभीर को टीम इंडिया के नए हेड कोच के लिए चुन लिया गया है। हालांकि, बीसीसीआई ने अभी तक इसका अधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया है। इस बीच टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बोर्ड को नए कोच को चुनने को लेकर एक हिदायत दी है। उनका कहना है कि कोच की भूमिका किसी भी व्यक्ति के भविष्य को आकार देती है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## एमिटी और शक्ति ने अपने-अपने मुकाबले जीते

नई दिल्ली, 30 मई। डीएसए ए डिवीजन लीग में एमिटी नेशनल एफसी और शक्ति एफसी ने अपने अपने मैच जीत कर पूरे अंक अर्जित किए। एमिटी ने हितेश और प्लेयर ऑफ द मैच विकास दलाल के गोलों से नॉर्दन यूनाइटेड को 2-1 से और शक्ति एफसी ने गुड विल को 5- 2 से पराजित किया। इस जीत के साथ एमिटी चार मैचों में दस अंकों के साथ सबसे आगे चल रही है। नॉर्दन यूनाइटेड का इकलौता गोल हेमंत ने किया। लेकिन बढ़त लेने के बाद यूनाइटेड रक्षात्मक प्रदर्शन रहा। वहीं शक्ति की जीत में टंगपु और किप्पेन ने दो-दो किये। अनमोल का आत्मघाती गोल शक्ति के लिए तोहफा रहा। पराजित गुड विल के लिए जुल्फीक ने दो गोल जमाए। विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर खेली जा रही सीनियर डिवीजन लीग के सुपर सिक्स मुकाबलों का समापन 31 मई को खेले जाने वाले मैचों के साथ होगा। नेशनल यूनाइटेड स्पोर्ट्स क्लब और हिंदुस्तान एफसी नौ नौ अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर हैं। भारत यूनाइटेड के सात और शास्त्री के पांच अंक हैं। चैंपियन का फैसला अंतिम दिन के नतीजों के आधार पर होगा। हिंदुस्तान एफसी और शास्त्री के बीच शाम को चार बजे तथा यूनाइटेड भारत और नेशनल यूनाइटेड के बीच मुकाबला साढ़े छह बजे खेला जाएगा।

## ओलंपियकोस ने पहली बार जीता यूरोपा कांफ्रेंस लीग का खिताब

एथेंस, 30 मई। यूनान के फुटबॉल क्लब ओलंपियाकोस ने यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग फाइनल मुकाबले में इटली के फिओरेंटीना क्लब को 1-0 से हराकर पहला यूरोपीय क्लब खिताब अपने नाम किया। बुधवार को एईके एरिना स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में ओलंपियाकोस के फॉरवर्ड अयूब एल काबी ने अतिरिक्त समय के 115वें मिनट में गोल दाग कर रेड्स ऑफ पिरियस को जीत दिलाई। ओलंपियाकोस के इतिहास में यूनान के किसी भी फुटबॉल क्लब का पहला यूरोपीय खिताब है। यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ओलंपियाकोस ने इतिहास रच दिया। क्लब और पूरे यूनान फुटबॉल के लिए एक शानदार शाम।

## मैच पर आतंकी साया! न्यूयॉर्क में पुख्ता की गई सुरक्षा व्यवस्था

नई दिल्ली, 30 मई। इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन ने भारत और पाकिस्तान के बीच अगले महीने न्यूयॉर्क में होने वाले टी20 विश्व कप मैच के खिलाफ एक धमकी जारी की है। न्यूयॉर्क के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि वे सुरक्षा बढ़ा रहे हैं। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि उन्होंने "न्यूयॉर्क राज्य पुलिस को उन्नत सुरक्षा उपायों में संलग्न होने का निर्देश दिया है, जिसमें कानून प्रवर्तन की उपस्थिति, उन्नत निगरानी और संपूर्ण स्क्रीनिंग प्रक्रियाएँ शामिल हैं"। न्यूयॉर्क शहर की सीमा से लगे नासाउ काउंटी, जहां मैच होगा, के प्रमुख ब्रूस ब्लेकमैन ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हम संभावित रूप से उत्पन्न होने वाली हर स्थिति से शीर्ष पर हैं। अब उस अंत तक, हमने कई सावधानियां बरती हैं। उन्होंने कहा कि हम हर धमकी को गंभीरता से लेते हैं। हर खतरे के लिए समान प्रक्रियाएँ हैं। हम खतरों को कम नहीं करते। हम अपने सभी सुरागों का पता लगा रहे हैं। इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन जिसे इसके नाम से जाना जाता है, आईएस ने एक ब्रिटिश चैट साइट पर नासाउ काउंटी के आइजनहावर पार्क में क्रिकेट स्टेडियम की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें ड्रोन उड़ रहे हैं, जिसमें दिनांक, "9/06/2024", भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख दिखा रहा है।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने पाक को 178 रनों से हराया

चेम्सफर्ड, 30 मई। नेट सायवर ब्रंट के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे और आखिरी एकदिवसीय मुकाबले में पाकिस्तान की महिला टीम को 178 रनों विशाल अंतर से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से जीत ली हैं। बुधवार को काउंटी ग्राउंड में इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में पांच विकेट पर 302 रन का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और आठवें ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज टैमी बोमॉन्ट (11) गवां दिया। उसके बाद 11वें ओवर में माया बूशेर (34) भी आउट होकर पवेलियन लौट गई। तीसरे विकेट के रूप में कप्तान हैदर नाइट (12) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद नेट सायवर ब्रंट और डेनिएल वायट ने पारी को संभाला। नेट सायवर ब्रंट ने नाबाद (124) की शतकीय पारी खेली। वहीं डेनिएल वायट (44), एमी जोंस (27) रन बनाकर आउट हुयी। ऐलिस कैप्सी ने नाबाद 39 रन बनाये। पाकिस्तान की ओर से उम्मे हानी ने दो विकेट लिये। डायना बेग, निदा डार और फातिमा सना ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद इंग्लैंड की गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन का मुजाहिरा करते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 29.1 ओवर में 124 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसकी सलामी बल्लेबाज सदफ शम्स (2)को बेल ने दूसरे ही ओवर में बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद सिदरा अमीन (10) रन पर बेल का शिकार बन गई। पाकिस्तान के विकेट लगातार गिरते रहे उसका कोई भी बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सका। मुनीबा अली ने सर्वाधिक (47) रन बनाये। आलिया रियाज (36), आएशा जफर (13), रन बनाकर आउट हुई। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

## आर. प्रज्ञानानंद ने क्लासिकल शतरंज में रचा इतिहास

### वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को दी मात



नई दिल्ली, 30 मई। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने क्लासिकल शतरंज में वर्ल्ड चैंपियन मैग्रस कार्लसन को शिकस्त देकर इतिहास रच दिया है। प्रज्ञानानंद ने ये जीत नॉर्वे चेस टूर्नामेंट 2024 में 29 मई को दर्ज की है, जो नोर्वे के स्टावेंजर में चल रहा है।18 वर्षीय प्रज्ञानानंद ने वर्ल्ड चैंपियन मैग्रस कार्लसन को उनके ही घर में जाकर हराया है। सफेद मोहरों से खेलते हुए भारतीय स्टार ने पिछले साल के एफआईडीई वर्ल्ड कप विजेता कार्लसन को कांटे की टक्कर में हराया था। इसी के साथ भारतीय ग्रैंडमास्टर ने टूर्नामेंट के ओपन सेक्शन में एकल बढ़त हासिल कर ली है। क्लासिकल शतरंज को धीमे शतरंज के रूप में भी जाना जाता है और इसमें खिलाडी को चाल चलने के लिए पर्याप्त समय मिलता है और आम तौर पर एक खिलाडी के पास कम से कम एक घंटे का समय होता है। इस प्रारूप में कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी। प्रज्ञानानंदा की बहन आर वैशाली भी महिला वर्ग में शीर्ष पर चल रही हैं। उनके भी 5.5 अंक हैं।

## जूनियर हॉकी : भारतीय पुरुष टीम ने शूट आउट में जर्मनी को हराया



नई दिल्ली, 30 मई। भारत ने जूनियर हॉकी टीमों के यूरोप दौरे का समापन जर्मनी पर शूट आउट में पुरुष टीम की जीत के साथ किया जबकि महिला टीम ने ऑरेंज रूड क्लब के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। बुधवार को यहां ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश में नियमित समय में मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद पुरुष टीम ने पेनल्टी में 3-1 से जीत हासिल की। गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने शूट आउट में गोल किए। इससे पहले नियमित समय में मुकेश टोप्पो ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर गोल किया।

भारतीय जूनियर पुरुष टीम नियमित समय में जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन मैच खत्म होने से चार मिनट पहले जर्मनी ने बराबरी हासिल कर ली जिससे मैच में रोमांच बढ़ गया और नतीजे के लिए शूट आउट का सहारा लेना पड़ा। यह जूनियर पुरुष टीम की दौरे के पांच मैचों में दूसरी जीत है।

टीम ने 20 मई को एंटवर्प में अपने शुरुआती मैच में बेल्जियम को पेनल्टी के जरिए 4-2 (2-2) से हराया था। टीम को तीन हार का सामना भी करना पड़ा। टीम को बेल्जियम (2-3), ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश (4-5) और जर्मनी (2-3) के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। महिला टीम ने बुधवार को ऑरेंज रूड के खिलाफ ड्रॉ खेलने के अलावा दो जीत दर्ज की जबकि उसे दो हार का भी सामना करना पड़ा। ऑरेंज रूड के खिलाफ संजना होरो (18वें मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई।

ऑरेंज रूड को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने दोनों हमलों को नाकाम कर दिया जिससे टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी। ऑरेंज रूड ने तीसरे क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर पर दो बार गोल करके 2-1 की बढ़त बनाई। भारत ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में स्कोर बराबर कर दिया जब अनीशा साहू (58वें मिनट) ने अंतिम क्षणों में गोल किया। भारत ने इससे पहले ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश (2-0) और बेल्जियम को 4-2 (2-2) से हराया था। उसे बेल्जियम और जर्मनी के खिलाफ शिकस्त भी झेलनी पड़ी।

## पीवी सिंधु स्पेन की कैरोलिना मारिन से हारी



नई दिल्ली, 30 मई। पीवी सिंधु को अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ 18.15 की बढत बनाने के बाद सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा। पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही सिंधु ने एक घंटे आठ मिनट तक चला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 का यह मुकाबला 21.13, 11.20, 20.22 से गंवाया। डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में हुई बहस के बाद दोनों खिलाड़ी सात महीने में पहली बार एक दूसरे का सामना कर रही थी। पहला गेम गंवाने के बाद दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन ने शानदार वापसी करते हुए लगातार छह अंक बनाये और 17.7 की बढत बना ली। इसके बाद सिंधू को वापसी का मौका नहीं देकर मैच को निर्णायक गेम तक खींचा। निर्णायक गेम में सिंधू ने बढत बनाई लेकिन मारिन ने वापसी करके जीत दर्ज की। यह सिंधू के खिलाफ 17 मैचों में उनकी 12वीं जीत थी।

### यशस्वी जायसवाल को बड़ा फायदा

## टी-20 वर्ल्ड कप से पहले आईसीसी रैंकिंग में छठे पायदान पर पहुंचे



नई दिल्ली, 30 मई। टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज तैयार है। इस टूर्नामेंट का आगाज 2 जून से हो रहा है। वहीं, रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत आयरलैंड के खिलाफ 5 जून को करेगी। इसके बाद भारत और पाकिस्तान की टीमें 9 जून को आमने-सामने होगी। बहरहाल, इस टूर्नामेंट से पहले टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, भारतीय टीम के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने आईसीसी रैंकिंग्स में बड़ी छलांग लगाई है। यशस्वी आईसीसी टी20 रैंकिंग्स में छठे पायदान पर पहुंच गए हैं।

हालांकि, भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पहले नंबर पर बने हुए हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के ओपनर ट्रेविस हेड को आईसीसी रैंकिंग्स में बड़ा फायदा मिला है। दरअसल, ट्रेविस हेड रैंकिंग में 16वें नंबर पर काबिज हैं। साथ ही वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स और ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड की रैंकिंग में सुधा हुआ है। भारतीय टीम के ताबड़तोड़ फिनिशर रिंकू सिंह और आईसीसी टी20 रैंकिंग्स में 32वें नंबर पर काबिज है।

## बायर्न म्यूनिख ने विंसेंट कोम्पनी को मुख्य कोच नियुक्त किया

बर्लिन, 30 मई। बायर्न म्यूनिख ने बेल्जयम के पूर्व फुटबॉलर विंसेंट कोम्पनी को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्लब ने बुधवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से इसकी पुष्टि की है।

बायर्न म्यूनिख क्लब ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से बताया कि पूर्व फुटबॉलर 38 वर्षीय कोम्पानी तीन साल जून 2027 तक बायर्न म्यूनिख के साथ जुड़े रहेंगे। बायर्न ने कहा कि कॉम्पनी ने तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

बायर्न के अध्यक्ष जान-क्रिश्चियन ड्रेसेन ने कहा, क्लब में हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि विंसेंट कोम्पानी एफसी बायर्न के लिए बहुत ही मुनासिब कोच हैं और हम उनके साथ काम करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। मैक्स एबरल और क्रिस्टोफ़ फ्रेंड ने कभी हार नहीं मानी और एक ऐसे कोच को खोज निकाला है, जो बायर्न को सफलता की ऊंचाई की ओर ले जा सकते हैं। कोम्पनी बिल्कुल वैसी ही एकजुटता और टीम भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसकी हमें ज़रूरत है।

जर्मनी बोलने वाले कोम्पानी ने 2006 से 2008 तक हैम्बर्ग एस.वी. के साथ बुंडेसलीगा में दो साल तक खेले थे। बेल्जियम के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने मैनचेस्टर सिटी में 11 साल तक खेले, जहां उन्होंने स्काई ब्लूज के साथ कुल 10 खिताब जीतकर अपना लौहा मनवाया था।

कोम्पानी ने कहा, मैं बायर्न के साथ आने वाली चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। इस क्लब के खिलाड़ियों का मुख्य कोच के तौर पर काम करने मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में बायर्न एक संस्था है। मैं अब सबसे बुनियादी चीजों में सुधार के साथ काम कर रहा हूं। खिलाड़ियों के बीच में सामंजस्य बढ़ाना और एक टीम भावना से खेलने के लिए खिलाड़ियों को तैयार करुंगा। एक बार टीम में सुधार या टीम का आधार बन जाएगा तो सफलता अपने आप कदम चूमने लगेगी।

## विराट कोहली ने रूककर फैंस के साथ फोटो खिंचवाई

इंग्लैंड, 30 मई। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले सेल्फी की डिमांड पर भारत और पाक के 2 बड़े क्रिकेटर्स के रिएक्शन देखने को मिले हैं। एक में पाक के कप्तान बाबर आजम फैंस पर झल्लाते नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरे में भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सुरक्षाकर्मियों के मना करने के बाद भी फैंस के साथ फोटो खिंचवाई।

पहला मामला इंग्लैंड के कार्डिफ का है, जहां पाकिस्तानी टीम तीसरा टी-20 खेलने पहुंची है, जबकि दूसरा मामला मुंबई के जुहू एयरपोर्ट का है। पाकिस्तान टीम वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड दौरे पर है। तीसरे मुकाबले के लिए मंगलवार को कप्तान बाबर कार्डिफ की सड़कों पर नजर आए। बाबर को देख लोग उनसे सेल्फी की डिमांड करने लगे। जिसके जवाब में बाबर ने झल्लाकर फैंस को कहा- सिर पर मत चढ़ो, 2 मिनट का समय दो। काफी इंतजार कराने के बाद उन्होंने फैंस के साथ फोटो खिंचवाईं।

पाकिस्तान मंगलवार को रात 11:00 बजे से इंग्लैंड के खिलाफ कार्डिफ में टी-20 सीरीज का तीसरा मुकाबला खेलेगी। फिलहाल, टीम 4 मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है। पहला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था। वहीं, दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान को 23 रन से हार का सामना करना पड़ा।

एलिमिनेटर में राजस्थान से हारने के बाद बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली मुंबई वापस लौटे। उन्होंने जुहू एयरपोर्ट पर सुरक्षाकर्मियों के रोकने के बावजूद फैंस के साथ रुककर फोटो खिंचवाईं। वर्ल्ड कप के लिए भारत के कुछ खिलाड़ी न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं। हालांकि, विराट अभी टीम के साथ नहीं जुड़े हैं। उनके 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले वॉर्मअप में नहीं खेलने की संभावना है।

## कम्पाला की झुग्गियों से टी-20 विश्व कप तक लंबा सफर तय किया युगांडा के क्रिकेटरों ने




नई दिल्ली, 30 मई। युगांडा की राजधानी कम्पाला में करीब 60 फीसदी आबादी झुग्गियों में रहती है और तेज गेंदबाज जुमा मियागी उनके लिये प्रेरणास्त्रोत हैं।

फुटबॉल के शौकीन यहां के निवासी उनकी वजह से चाव से क्रिकेट देखते हैं और आईसीसी टी20 विश्व कप में युगांडा क्रिकेट टीम का पदार्पण उनके लिये किसी सपने से कम नहीं। मियागी कम्पाला के बाहरी इलाके में नागुरू झुग्गी बस्ती में बड़े हुए। दो साल तक युगांडा की अंडर 19 टीम के लिये खेलने के बाद अब वह एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में सीनियर टीम की गेंदबाजी की कमान संभालेंगे।

युगांडा ने पिछले साल नवंबर में पहली बार क्रिकेट विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया। अब तक 21 टी20 मैचों में 34 विकेट ले चुके मियागी झुग्गियों में बड़े हुए और अभी भी अपने परिवार के साथ वहीं रहते हैं।

टी20 विश्व कप में शामिल सिमोन सेसाजी और रिजर्व खिलाड़ी इनोसेंट एमवेबाजे भी झुग्गी से ही निकले हैं।उनके इलाकों में पीने का साफ पानी , सीवेज की व्यवस्था नहीं थी और ना ही स्वास्थ्य सुविधायें थी। उनकी कठिनाइयों की कहानी ने युगांडा के भारतीय कोच अभय शर्मा को भी विचलित कर दिया जो टी20 विश्व कप से पहले ही टीम के साथ जुड़े हैं। ऐसा नहीं है कि शर्मा ने कभी झुग्गी बस्ती देखी नहीं है लेकिन कम्पाला की झुग्गियां मुंबई की धारावी से अलग हैं। खिलाड़ियों के साथ समय बिताकर शर्मा का उनके प्रति सम्मान कई गुना बढ गया। उन्होंने त्रिनिदाद से पीटीआई से कहा ,"मैंने सोचा नहीं था कि वे इन हालात में रहते हैं। वे अपने कोचों का काफी सम्मान करते हैं और उन्हें लगता है कि हम उनकी जिंदगी बदल सकते हैं।"

## ऋषभ या संजू किसे मिलेग टी-20 वर्ल्ड कप प्लेइंग इलेवन में मौका




नई दिल्ली, 30 मई। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में इस बार संजू सैमसन और ऋषभ पंत दोनों को ही मौका मिला है। जिसे लेकर आने वाले समय में कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के लिए परेशानी हो सकती है। वहीं फैंस के बीच भी एक ही सवाल उठ रहा है कि, टी20 वर्ल्ड कप प्लेइंग इलेवन में दोनों विकेटकीपर में से किसे मौका मिलेगा। 18 महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। जिस कारण उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया है। वहीं दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन का प्रदर्शन भी काबिले तारीफ रहा।

हालांकि, टी20 इंटरनेशनल में अगर दोनों विकेटकीपरों के प्रदर्शन की बात करें तो पंत संजू पर भारी पड़ते हैं। पंत ने टी20 में अभी तक 56 पारियों में 987 रन बनाए हैं। जबकि संजू सैमसन ने टी20 की 22 पारियों में अभी तक 374 रन बनाए। इन आकंड़ों को देखने के बाद अंदाजा लगाया जा सकता है कि टी20 वर्ल्ड कप प्लेइंग इलेवन में किसे जगह मिल सकती है। हां ये अलग बात है कि, संजू सैमसन को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पंत से ज्यादा मौके नहीं मिले। लेकिन जितने भी मौके उन्हें मिले वो उन्हें भूनाने में कामयाब नहीं हुए।

## नेपाली क्रिकेटर लामेछाने को नहीं मिला वीजा

### अमेरिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली, 30 मई। आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले नेपाल क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, संदीप लामिछाने को यूएसए ने वीजा देने से इनकार कर दिया है। जिसके बाद हजारों नेपाली क्रिकेट फैंस ने काठमांडू की सड़कों पर अमेरिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। इस मेगा इवेंट में संदीप के प्रभाव को देखते हुए नेपाल के क्रिकेट फैंस सड़कों पर उतर आए हैं और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। फैंस ने बड़े-बड़े बैनर पकड़े हुए थे, जिन पर लिखा था कि, संदीप लामिछाने के लिए वीजा। वे चाहते हैं कि अमेरिकी सरकार स्पिनर को वीजा दे। बता दें कि, कुछ दिन पहले संदीप लामिछाने को रेप केस में कोर्ट से क्लीन चिट मिली थी। ऐसे में नेपाल क्रिकेट बोर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 15 के बजाय केवल 14 खिलाड़ी ही स्क्वॉड में शामिल किए थे। इस संबंध में चनय समिति के सदस्य दीपेंद्र चौथरी का कहना था कि उन्होंने वर्ल्ड कप के लिए केवल 14 प्लेयर्स का स्क्वॉड घोषित किया।

## श्रद्धा, उप्रतीएशियाई टेटे चैम्पियनशिप में भारतीय लड़के और लड़कियों ने जीते स्वर्ण पदक

नई दिल्ली, 30 मई। भारत की अंडर-19 और अंडर-15 लड़के और लड़कियों ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंतिम दिन एकल और युगल स्पर्धा के सभी संभावित स्वर्ण पदक जीते। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, श्रीलंका के कैंडी में कल रात खेले गए मुकाबलों में भारतीय लड़कों और लड़कियों ने स्वर्ण पदक के साथ एकल मुकाबलों में अपने खाते में चार रजत पदक भी जीते।

अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में अंकुर भट्टाचार्जी ने जश मोदी को 11-8, 5-11, 11-9, 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जश मोदी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पाकिस्तान और बंगलादेश ने कांस्य पदक जीते। वहीं लड़कियों के वर्ग में सायाली वानी ने प्रीथा वर्तिकार को 11-9, 10-12, 11-4, 11-8 से हराकर खिताब जीता, जिससे प्रीथा दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इस वर्ग में पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका को कांस्य पदक मिला।

अंडर-15 लड़कों में सोहम मुखर्जी एकल चैंपियन बने, उन्होंने सार्थक आर्य को 11-7, 11-8, 11-7 से हराया, जबकि कांस्य पदक पाकिस्तान के दो पैडलर्स अब्बास अमजद खान और अब्दल मोहम्मद खान के खाते में गया।

लड़कियों के अंडर-15 एकल में सिंड्रेला दास ने हमवतन दिव्यांशी बोमिक को 12-10, 8-11, 11-8, 11-9 से हराया। नेपाल की सुभाश्री श्रेष्ठा और श्रीलंका की योशिनी जयवर्धने को कांस्य पदक के लिए संघर्ष करना पड़ा।

अंडर-19 लड़कों के डबल्स में अंकुर और जश ने मिलकर पाकिस्तानी जोड़ी शायन फारूक और ताहा बिलाल को 11-6, 13-11, 11-9 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि तनीषा कोटेचा और रिशा मीरचंदानी ने नेपाली जोड़ी बिनाका राय और इवाना थापा मगर को 11-3, 11-6, 11-5 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

अंडर-15 लड़कों के डबल्स में साहिल रावत और रूपम सरदार ने अबुल हाशम हसीब और मोहम्मद थमिदुर रहमान को 11-8, 11-6, 11-8 से हराकर शीर्ष पर रहे। लड़कियों की श्रेणी में काव्या भट्ट और अंकोलिका चक्रवर्ती ने श्रीलंका की जोड़ी योशिनी और शान्या मुथुली को 11-6, 11-5, 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंकुर ने अंडर-10 मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने प्रीथा वर्तिकार के साथ मिलकर मालदीव की अख्यार अहमद खालिद और फातिमा धीमा अली की जोड़ी को 11-9, 12-10, 11-8 से हराया। इसके बाद, सार्थक आर्य और सिंड्रेला दास ने श्रीलंका के अकियन बोजित और योशिनी को 11-8, 3-11, 11-2, 12-10 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले, भारतीय पैडलर्स ने अंडर-15 लड़के और लड़कियों के अलावा अंडर-19 लड़की वर्ग में भी टीम खिताब जीते थे।

# ‘चुनाव परिणाम आने के 48 घंटे के भीतर प्र.मंत्री का चयन कर लेगा इंडिया गठबंधन’

## कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि, इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन स्पष्ट एवं निर्णायक जनादेश हासिल करेगा

■ **जयराम रमेश ने इस बात की ओर भी इशारा करते हुये कहा कि, जब इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलेगा तो एन.डी.ए. के कई घटक दल भी हमारे साथ आ सकते हैं।**

नई दिल्ली, 30 मई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि, इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन स्पष्ट एवं निर्णायक जनादेश हासिल करेगा और नतीजों के 48 घंटे के भीतर प्रधानमंत्री का चयन कर लिया जाएगा। लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण के मतदान से पहले, प्रचार के आखिरी दिन साक्षात्कार में रमेश ने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन में जिस पार्टी को सबसे अधिक सीट मिलेंगी, वही पार्टी अगली सरकार के नेतृत्व के लिए स्वाभाविक दावेदार होगी। उनका यह भी कहना था कि इंडिया जनबंधन के घटक दलों को जनादेश मिलने के बाद नैशनल डैमोक्रैटिक अलायंस (एन.डी.ए.) के कुछ घटक भी इस गठबंधन में शामिल हो सकते हैं, हालांकि कांग्रेस आलाकमान को यह तय करना होगा कि उन्हें गठबंधन में शामिल किया जाए या नहीं। बता दें कि सातवें और आखिरी फेज की वोटिंग एक जून को होनी है, जबकि चार जून को नतीजों का ऐलान होगा।

रमेश ने कहा कि, इंडिया गठबंधन स्थिर, पारदर्शी और जिम्मेदार सरकार देने को प्रतिबद्ध है। यह पूछे जाने पर कि, क्या चुनाव के बाद जनता (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार और तेलुगू देसम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू जैसे भाजपा के सहयोगियों के लिए इंडिया गठबंधन के दरवाजे खुले रहेंगे, कांग्रेस नेता ने कहा, नीतीश कुमार पलटी के उस्ताद हैं। चंद्रबाबू नायडू 2019 में कांग्रेस के साथ थे। मैं बस इतना ही कहूंगा कि जब इंडिया जनबंधन के घटक दलों को जनादेश मिलेगा, तो इंडिया में राजग के कुछ घटक भी शामिल हो सकते हैं।

इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया, कांग्रेस आलाकमान खरगे, सोनिया और राहुल को फैसला करना होगा। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन और एनडीए (राजग) में सिर्फ दो शब्दों का फर्क है। इंडिया से दो आई निकाल देने पर एनडीए बचेगा। इन दो आई का मतलब इंसानियत और ईमानदारी है। जिन पार्टियों में इंसानियत और ईमानदारी है वो इंडिया गठबंधन में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोगों से जनादेश मिलने के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार अधिनायकवादी नहीं, बल्कि शासनवादी होगी। लोकसभा चुनाव के छह चरणों के मतदान के बाद जमीनी स्थिति से जुड़े सवाल पर रमेश ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा के पक्ष में कोई लहर नहीं, सिर्फ निवर्तमान प्रधानमंत्री का जहर रहा है।

उनके मुताबिक 20 साल बाद इतिहास फिर दोहराया जाएगा और विपक्षी गठबंधन को स्पष्ट एवं निर्णायक जनादेश मिलेगा। रमेश ने कहा, मैं संख्या के बारे में बात नहीं करना चाहता, लेकिन सिर्फ इतना कह रहा हूं कि हमें निर्णायक बहुमत मिलेगा। 272 स्पष्ट बहुमत का आंकड़ा है लेकिन यह निर्णायक नहीं है। जब मैं निर्णायक जनादेश कहता हूं, तो मेरा मतलब 272 सीट से काफी ऊपर की संख्या है।

रमेश ने दावा किया कि कांग्रेस राजस्थान, कर्नाटक और तेलंगाना में अच्छी बढ़त हासिल करेगी और महाराष्ट्र में फायदे की स्थिति में होगी। उनका कहना था कि उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस को फायदा होगा और भाजपा 2019 की अपनी 62 सीट से आगे नहीं जा पाएगी।

## ‘मुस्लिम समाज काशी और मथुरा की मस्जिदों पर से दावा छोड़ दे’

नई दिल्ली, 30 मई। भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि मुसलमानों को काशी के ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा में शाही ईदगाह पर दावा करना छोड़ देना चाहिए। इन जगहों को हिंदुओं के लिए छोड़ देना चाहिए। ऐसा करने से इस्लामोफोबिया खत्म हो जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि तथाकथित धर्मनिरपेक्ष बुद्धिजीवी इसका मुकाबला नहीं कर पाएंगे।

इंटरव्यू में सरमा ने कहा, यदि आप मथुरा में शाही ईदगाह बनाना जारी रखते हैं तो वहां जाने वाले हिंदू स्वाभाविक रूप से नाराज होंगे। उन्हें शाही ईदगाह को किसी अन्य स्थान पर ले जाना चाहिए। इसके बाद जब कोई हिंदू मथुरा आएगा तो वह मुस्लिम समुदाय के प्रति कृतज्ञता के साथ वापस अपने घर आएगा।

सरमा ने यह भी कहा कि मस्जिद को बलपूर्वक नहीं हटाया जा सकता है, बल्कि हिंदुओं और मुसलमानों के बीच परामर्श के माध्यम से ही संभव यह हो सकता है। असम के सीएम ने कहा, अब मोदीजी काशी कॉरिडोर का निर्माण कर रहे हैं। हर कोई वहां जाता है।

# विधि विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति रद्द करने के आदेश पर पुनर्विचार से इन्कार

## हाई कोर्ट ने लॉ युनिवर्सिटी के कुलपति नियुक्त किए गए डॉ. देव स्वरूप की पुनर्विचार याचिका खारिज की

■ **हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस विनोद भारवानी की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि, डॉ. भीमराव अंडेबकर लॉ युनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. देवस्वरूप ने याचिका दायर होने के बाद इस्तीफा दिया था।**

जयपुर, 30 मई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय में वाइस चांसलर (वी.सी.) के तौर पर डॉ. देवस्वरूप की नियुक्ति रद्द करने के संबंध में दिए आदेश पर पुनर्विचार करने से इन्कार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने इस संबंध में दायर पुनर्विचार याचिका को निस्तारित कर दिया है। चीफ जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की पीठ ने यह आदेश देवस्वरूप की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि, उन्होंने याचिका दायर होने के बाद अपना इस्तीफा दिया था। इसके अलावा अदालत ने याचिका में यह बिंदु तय किया था कि, कानून की पृष्ठभूमि नहीं रखने वाले को विधि विश्वविद्यालय (वि.वि.) का कुलपति नियुक्त नहीं किया जा सकता। ऐसे में आदेश पर पुनर्विचार करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया है कि, न्यायालय ने उस आदेश में उनकी शैक्षिणक उत्कृष्टता पर कोई टिप्पणी नहीं की है और अदालत की टिप्पणी उन्हें किसी अन्य विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्त करने के आड़े नहीं आएगी।

रिव्यु याचिका में कहा गया कि, अदालत के आदेश देने से पूर्व ही उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में अदालत को उनकी नियुक्ति रद्द करने का आदेश देने की जरूरत ही नहीं थी।

गौरतलब है कि, खंडपीठ ने प्रोफेसर के.बी. अग्रवाल की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए देवस्वरूप की विधि विश्वविद्यालय के कुलपति के तौर पर की गई नियुक्ति को रद्द कर दिया था। अदालत ने कहा था कि, विधि विश्वविद्यालय के कुलपति को विधि शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव रखने वाला होना चाहिए। यह एकल विषय का विश्वविद्यालय है, ऐसे में अन्य एकल विषय के वि.वि. की तरह विधि वि.वि. के कुलपति को कानून शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव रखने वाला होना चाहिए।

# 72 दिनों में प्र.मंत्री मोदी ने 200 से ज्यादा रैलियां व 80 इंटरव्यू किये

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव आचार संहिता लागू होने के पहले से ही देश भर के लगभग सभी राज्यों के मैराथन दौरे कर रहे थे

नई दिल्ली, 30 मई। इस बार का लोकसभा चुनाव सात चरणों में संपन्न हो रहा है और चुनाव का नतीजा 4 जून को घोषित होगा। 16 मार्च को चुनाव आयोग की तरफ से लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई थी। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव आचार संहिता लागू होने के पहले से ही देश भर के लगभग सभी राज्यों का मैराथन दौरा कर रहे थे। लेकिन, चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ देश के दक्षिण छोर से शुरू हुआ उनका प्रचार अभियान उत्तर में स्थित पंजाब के होशियारपुर में आकर समाप्त हुआ। जहां पीएम मोदी ने गुरुवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया।

इस चुनाव में पार्टी के पक्ष में पीएम मोदी की मेहनत साफ नजर आई। विपक्ष के फायर ब्रांड नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे नेता एक तरफ और पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान नरेंद्र मोदी एक तरफ सबको अपनी ऊर्जा से टक्कर देते नजर आए। आंध्र प्रदेश के पालनाडु से चुनाव प्रचार की शुरुआत कर पीएम मोदी ने इस अभियान का समापन 30 मई को पंजाब के होशियारपुर में किया। यानी 75 दिन की इस अवधि में पीएम मोदी ने 180 रैलियां और रोड शो किए हैं।

पीएम मोदी की रैलियों के साथ उनके रोड शो और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने का आंकड़ा देखें तो यह संख्या 206 है। इसके साथ ही उन्होंने इस दौरान 80 से ज्यादा मीडिया चैनलों, अखबारों, यूट्यूबरों, ऑनलाइन मीडिया माध्यमों को अपना साक्षात्कार दिया। मतलब औसतन हर दिन पीएम मोदी ने दो से ज्यादा रैलियां और रोड शो के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं, पीएम मोदी मार्च में चुनाव की घोषणा से पहले फरवरी और मार्च की 15 तारीख तक 15 रैलियां कर चुके थे।

पीएम मोदी ने सबसे ज्यादा 22 जनसभाएं और कुल 31 चुनावी कार्यक्रम यूपी में किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कर्नाटक में 11, तेलंगाना में 11, तमिलनाडु में 7, आंध्र प्रदेश में 5 और केरल में 3 रैलियां की हैं। पीएम मोदी ने बिहार में 20 चुनावी कार्यक्रम और महाराष्ट्र में 19 चुनावी कार्यक्रम के साथ पश्चिम बंगाल में 20 रैलियों को संबोधित किया। इसके साथ ही पीएम ने ओडिशा और मध्य प्रदेश में 10 चुनावी कार्यक्रम किए। वहीं, पीएम का फोकस झारखंड पर भी रहा।

## शशि थरूर का असिस्टैंट तस्करी करते गिरफ्तार

नई दिल्ली, 30 मई। केरल के तिरुवंतपुरम से कांग्रेस के सांसद शशि थरूर के असिस्टेंट को दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया है। ऐसी जानकारी है कि मामला सोने की तस्करी से जुड़ा हुआ है। उन पर तय सीमा से ज्यादा सोना रखने का आरोप है। वह दुबई से लौट रहे थे। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, इस पूरे में थरूर ने कहा है कि पकड़ा गया व्यक्ति उनके स्टाफ का पूर्व सदस्य था।

सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने मामले में जानकारी देते हुए कहा कि शशि थरूर के सहायक शिव कुमार को दुबई से लौटते हुए दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ा गया। दिल्ली कस्टम ने बुधवार 29 मई को दिल्ली हवाई अड्डे पर सोना तस्करी मामले में थरूर के पीए शिव कुमार समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। शिव कुमार के कब्जे से कुल 500 ग्राम सोना बरामद किया गया।

■ **सांसद शशि थरूर के असिस्टैंट को दुबई से लौटते वक्त दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया है। यह मामला सोने की तस्करी से जुड़ा हुआ है। असिस्टैंट पर तय सीमा से ज्यादा सोना रखने का आरोप है।**

सूत्रों के मुताबिक, अधिकारियों ने शिव कुमार से बड़ी मात्रा में सोना जब्त किया है और उनसे बरामद सोने से जुड़े दस्तावेज भी मांगे हैं। सोने की सच्चाई का पता लगाने के लिए जांच भी शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि सीमा शुल्क विभाग ने शिव कुमार के पास से करीब 30 लाख कीमत का सोना बरामद किया है। कथित सोने की तस्करी के मामले में दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़े गए शिव कुमार के बारे में कांग्रेस नेता शशि थरूर ने प्रतिक्रिया दी है।

# कश्मीर में पर्यटकों की बस खाई में गिरी, 21 लोगों की मौत

## सभी यात्री हाथरस (यू.पी.) के थे, दुर्घटना में 60 से अधिक लोग घायल भी हुये हैं

■ **बस लुढ़ककर 150 फीट गहरी खाई में चली गई थी। घटना की खबर लगते ही तुरंत राहत अभियान शुरु किया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

अखनूर, 30 मई। उत्तर प्रदेश के हाथरस से यात्रियों को लेकर आ रही एक बस जम्मू के अखनूर के टांडा क्षेत्र में सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिर गई, जिससे 21 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के कालीधार इलाके में हुई। बस करीब 150 फीट नीचे खाई में लुढ़क गई थी।

जम्मू के जिला मजिस्ट्रेट ने एक्स पर बताया, ''उत्तर प्रदेश के हाथरस से यात्रियों को लेकर जा रही एक बस जम्मू के अखनूर के टांडा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। बचाव अभियान जारी है।'' वाहन तीर्थयात्रियों को शिव खोरी क्षेत्र ले जा रहा था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, ''जम्मू के पास अखनूर में हुई बस दुर्घटना में लोगों की मौत का समाचार मिला। इस क्षित को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।''

घायलों को अखनूर अस्पताल और जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक नरिंदर सिंह ने कहा, ''सीएसई अखनूर को पहले मृतकों की जानकारी मिल गई है। उन्होंने हमें बताया है कि वे लगभग 20-25 मरीज भेजेंगे, जिनमें से 16 मरीज पहले ही आ चुके हैं। यह एक पर्यटक वाहन था और ये लोग (यात्री) जम्मू के नहीं हैं, वे बाहर से हैं।''

## ‘लू और तापघात ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

विभाग, ए.सी.एस. सार्वजनिक निर्माण विभाग, ए.सी.एस. जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, ए.सी.एस. वन विभाग, ए.सी.एस. बागवानी, ए.सी.एस. वायु प्रदूषण व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जयपुर के अध्यक्ष से जवाब देने के लिए कहा है।

अदालत ने कहा कि लू और शीतलहर से मौत के बचाव को लेकर 18 दिसंबर, 2015 को राज्यसभा में बिल पेश किया गया था। जिसमें लू और शीतलहर के संबंध में कई प्रावधान किए गए थे, लेकिन नौ साल बीतने के बाद भी अब तक यह विधेयक संसद से पारित होकर कानून नहीं बन सका है। अदालत ने कहा कि यह देखने में आया है कि कई एक्शन प्लान बनने के बाद भी उन्हें प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया। ऐसे में अब वक्त आ गया है कि ऐसे प्रावधानों को कानूनी अमली जामा पहनाया जा सके। अदालत ने कहा कि गत वर्ष दिल्ली आपदा प्रबंधन ने हीट वेव एक्शन प्लान बनाया था। जिसमें अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार को भी ऐसा ही हीट वेव एक्शन प्लान बनाना चाहिए। वहीं आमजन की आवाजाही वाली सडकों पर पानी का छिड़काव किया जाए। इसके अलावा ट्रैफिक सिग्नलों पर छाया मुहैया कराई जाए। अदालत ने कहा कि आमजन, दैनिक वेतन भोगी, रिक्शा व ठेला चालकों को जरूरी होने पर ओ.आर.एस. के पैकेट दिए जाए, ताकि उन्हें हीट वेव स्ट्रोक से बचाया जा सके। राज्य सरकार सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर लू लगने से बीमार लोगों के इलाज के लिए सभी सुविधाएं मुहैया कराए। लोगों को भीषण गर्मी के बारे में विभिन्न माध्यमों के जरिए सचेत किया जाए।

अदालत ने इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ताओं से इस मामले में अपने विचार और विधिक जानकारी साझा करने के लिये कहा है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं में आर.एन. माथुर, ए.के. शर्मा, कमलाकर शर्मा, आर.के. अग्रवाल, ए.के. भंडारी, एस.के. गुप्ता, अशोक मेहरा, आर.पी. सिंह व विवेक बाजवा शामिल हैं। अदालत में बार काउंसिल राजस्थान के अध्यक्ष रामप्रसाद सिंगरारिया व बार एसोसियेशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा को भी अदालत का सहयोग करने को कहा है। अदालत ने महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, अतिरिक्त महाधिवक्ता भरत व्यास और एडीशनल सोलिसिटर जनरल आर.डी. रस्तोगी को भी मामले में सहयोग के लिये कहा है।

## केजरीवाल ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

के मुख्यमंत्री को ई.डी. ने मनी लॉन्डरिंग स्कीम के मामले में भागीदार होने के आरोपों के चलते गिरफ्तार किया था, जो कि अब राज्य में रद्द शराब नीति से संबंधित है।

केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत मंजूर की थी। कोर्ट ने 29 मई को उनकी अंतरिम जमानत अवधि को बढ़ाने वाली याचिका पर सुनवाई से मना कर दिया था।

इस मामले पर सुविज्ञ अवस्थी, पार्टनर, पी.एस.एल. अधिवक्ता व सॉलिसिटर ने कहा कि ‘‘केजरीवाल के द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के लम्बित रहने के चलते उनके नियमित जमानत मांगने के लिए आवेदन कर सकते है। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने 17 मई के आदेश में लिखा था। एक प्राकृतिक उपाय के रूप में, सबसे बेहतरीन तरीका अरविन्द केजरीवाल के लिए यह है कि वे शीघ्र नियमित जमानत के उपलब्ध सांविधिक उपायों का प्रयोग करते हुए आवेदन करें।''

## ‘नये मकान मालिक से पुराने...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

खरीदा था। परंतु जब उन्होंने बिजली विभाग से बिजली कनेक्शन का आवेदन किया तो बिजली विभाग ने उनसे 5.50 लाख रुपये का बकाया देने को कहा जो पुराने मकान मालिक या उसके किरायेदार के बकाया थे। मामले की छानबीन करने पर पता चला कि 2014 में बिजली विभाग ने उसी मकान के ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाले किरायेदार के पक्ष में एक व्यवसायिक बिजली कनेक्शन जारी किया था, परंतु दिसम्बर 2015 और जनवरी 2016 का बिजली का बिल उसके द्वारा नहीं भरा गया तो अगले माह उसका कनेक्शन हटा दिया गया। परंतु उसने एक चैक के साथ बिजली कनेक्शन और मीटर पुन: लगाने की गुहार की। जिसे विभाग ने उसी वर्ष जुलाई में पुन: लगा दिया।
विभाग की ओर से पैरवी कर रहे वकील विपिन गुप्ता ने कहा कि कनेक्शन लगाने के बाद सितम्बर 2018 तक बिजली के बिल जारी नही किये जा सके और किरायेदार द्वारा भुगतान नहीं किये गये बिलों की राशि 4.50 लाख रुपये हो गई।

उन्होंने आगे बताया कि किरायेदार द्वारा दिया गया पुराना चैक भी बाउंस हो गया, जिससे कुल बकाया 5.07 लाख रुपये का हो गया। उन्होंने कहा कि इस बकाया बिल को मकान मालिक को भरने के लिये 9 दिसम्बर 2022 को दिया गया। और मकान मालिक ने 5 अप्रेल 2023 को भुगतान करने के लिये एक चैक दिया जो भी बाउंस हो गया। बिजली विभाग के वकील का कहना था कि नियमानुसार हर माह निगम को बिजली कनेक्शन के लिये बिल जारी करना होता है और नहीं दिये जाने पर प्रतिमाह 10 फीसदी ब्याज भी लगाया जाता है।

पर अदालत ने इस तथ्य पर हैरानी जताई कि बिजली विभाग ने मूल किरायेदार का बिजली कनेक्शन तो जारी कर दिया पर यह भी नहीं देखा कि उसका चैक बैंक द्वारा स्वीकार किया भी जायेगा कि नहीं। अदालत ने इस पर आशंका जताई कि विभाग ने दो साल तक एक भी बिल जारी नहीं किया और अदालत ने कहा कि इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है कि विभाग ने दोषी पुराने किरायेदार के पक्ष में इतनी उदारता क्यों बरती। अदालत ने यह भी कहा कि जब 2023 में पुराने मकान मालिक का भी चैक बाउंस हो गया था तो उन्होंने उस पर कार्यवाही क्यों नहीं की और अपनी पत्रावली में बिजली कनेक्शन का ‘अकाउंट क्लोज़्ड’ क्यों दर्शाया। अदालत ने कहा कि इन सभी तथ्यों से निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते हैं।

अदालत ने याचिकाकर्ता की गुहार कि उन्हें इतनी अधिक गर्मी के मौसम में बड़ी तकलीफ उठानी पड़ रही है, को स्वीकारा और कहा कि विद्युत वितरण निगम को अस्थाई कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिये। अब इस मामले की सुनवाई 5 जुलाई को होगी।

## भाजपा के शुभेन्दु अधिकारी...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

■ **एक आदिवासी उम्मीदवार पर यौन शोषण का आरोप लगाया गया है, जबकि टी.वी. पर उसे अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ जान बचाकर भागते हुए दिखाया जा रहा है, तृणमूल के बाहुबलियों के आक्रमण से बचाव के लिये।**

आपराधिक आरोप लगा कर, केस दर्ज कर लिया गया है। भाजपा के झरग्राम चुनाव क्षेत्र के प्रत्याशी के खिलाफ, राज्य पुलिस ने गैर जमानती आरोप लगा दिए हैं।

विडम्बना है कि, आदिवासी प्रत्याशी प्रणत टुडू पर बदमाशों ने हमला बोला था और पथराव के दौरान सिर पर पत्थर लगने से वे जख्मी हो गए।

उनके निजी सुरक्षा गार्डस, जो कि केन्द्रीय बल के सदस्य हैं, के ऊपर भी हमला हुआ था और उनमें से एक के सिर पर चोट लगने से खून बहने लगा था।

प्रणत टुडू, जो कि पेशे से एक डॉक्टर हैं, के ऊपर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं, जब टेलीविजन पर उनको अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ अपने चुनाव क्षेत्र से जान बचाकर भागते हुए देखा गया। इस प्रत्याशी पर गैर जमानती आरोप लगाए गए हैं और पुलिस उनको कस्टडी में लेने का प्रयास कर रही है।

पुलिस कार्यवाही का यह एक मामला है जबकि, शिकायतों के ज्यादातर मामलों में पुलिस पर कोई कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगता रहा है।

चुनावों के छठे चरण के एक दिन पहले, एक भाजपा कार्यकर्ता की मां पर हुए जघन्य हमले में, उस महिला के मरने के बाद भी अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। महिला पर रात में हुए हमले में, उसके सिर और शरीर पर इतनी चोटें आई थीं कि, उसकी पहचान तक नहीं हो पाई थी।

शेख शाहजहां के मामले में, एनर्फोसमैंट डायरैक्टरेट (ई.डी.) की टीम पर, आरोपी ने हमले करवाये थे लेकिन, उसे एक महीने तक गिरफ्तार नहीं किया था, जबकि, सबको पता था कि, वह कहां पर है। मुख्यमंत्री, ममता बनर्जी ने उसको चरित्र प्रमाण पत्र भी दे दिया, यह कहते हुए कि शाहजहां के खिलाफ षड़यंत्र रचा गया है।

और कई मामलों में भाजपा नेताओं को चुनावों से पहले गिरफ्तार कर लिया था और उन्हें अब तक नहीं छोड़ा गया है।

## धौलपुर के राजीविका...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

के बारे में भी जानकारी प्राप्त करेंगी।

बैठक में अभय कुमार ने राजीविका के पंचसूत्रों - साप्ताहिक बैठक, साप्ताहिक बचत, आंतरिक उधार, ऋण का भुगतान और रिकॉर्ड मेंटेनेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि, राजीविका का प्रदेश की सामाजिक और आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने महिलाओं की आजीविका में वृद्धि के लिए पंचरत्न मिशन के माध्यम से राजीविका द्वारा बनाए गए उत्पादों को बाज़ार तक पहुंचने पर जोर दिया। उन्होंने प्रदेश की महिलाओं को कृषि तकनीक में उन्नत और कृषि में अग्रसर बताया।

उन्होंने अफ्रीका और प्रदेश की वनस्पति में समानता के बारे में बताते हुए प्रतिनिधियों से कृषि और जल संरक्षण पर भी चर्चा की। उन्होंने राज्य में प्रचलित मोटे अनाज को अफ्रीकी देशों के वातावरण के अनुकूल बताते हुए मोटे अनाज को अफ्रीका में उगाने का सुझाव दिया।

बैठक के दौरान, राजीविका द्वारा प्रशिक्षित अफ्रीकी प्रतिनिधियों को राजीविका द्वारा किये जा रहे नवाचारों एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही, राज्य में स्वायत्त ग्रामीण समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा नीम के बीज की खाद, औद्योगिक उत्पादन और मिलेट उत्पादों के बारे में जानकारी प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई।

बैठक में, राज्य में कृषि संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान पर भी चर्चा की गई।

इसके अलावा राजस्थान में नर्मदा नहर के माध्यम से जालोर एवं बाड़मेर जिलों में हो रही सिंचाई की प्रक्रिया के बारे में भी प्रेजेंटेशन एवं वीडियो के माध्यम से जानकारी दी गयी। राजीविका महिला समूह के लिए कार्य कर रही श्वेता कुमारी राठौड़ एवं संजय ने भी अफ्रीका के प्रतिनिधियों से विचार साझा किये।

# मनमोहन सिंह ने तीन पेज का खुला ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

थोप दी है। भाजपा देशभक्ति, शौर्य और सेवा का मूल्य मात्र 4 साल हैं।''

पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होना है। हालांकि कांग्रेस का देश भर में आप से गठबंधन है पर यहां दोनों दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं।

डॉ. सिंह ने कहा कि पंजाब के लोग शौर्य भावना से भरे होते है। इस समय इस महान देश को बचाने के लिए पंजाबियों के लिए अदम्य साहस और लोकतांत्रिक मूल्यों में अगाध विश्वास, सबको साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति और भाईचारे की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, पंजाब और पंजाबी योद्धा हैं पर भाजपा सरकार ने पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

डॉ. मनमोहन सिंह ने मोदी पर निशाना साधा कि उन्होंने सार्वजनिक भाषण की मर्यादा आहत की है। अब से पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने इतने नफरती असंसदीय व असभ्य शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया और विपक्ष तथा समाज के खास वर्ग के लिए ऐसे अपशब्द नहीं कहे हैं।

डॉ. मनमोहन सिंह जो कि भारतीय आधुनिक अर्थव्यवस्था के प्रमुख रचियता में से एक हैं, उन्होंने 1991 में भारतीय अर्थव्यवस्था का उदारीकरण किया था। उन्होंने यू.पी.ए. और एन.डी.ए. कार्यकालों का सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक मुद्दों पर तुलनात्मक विश्लेषण किया।

उन्होंने कहा, नोटबंदी जैसी विनाशकारी नीति थोपना, त्रुटिपूर्ण जी.एस.टी. सिस्टम लागू करना और कोविड महामारी के कुप्रबंधन से देश के लोगों की दशा बहुत दयनीय हो गई और 6 से 7 प्रतिशत जी.डी.पी. ग्रोथ जो सामान्य मानदंड़ों से बहुत कम है को अब सामान्य मान लिया गया है।

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, ‘‘भाजपा सरकार के शासन में औसत ग्रॉस डॉमैस्टिक प्रोडक्शन (जी.डी.पी.) वृद्धि दर गिरकर छ: प्रतिशत पर आ गई जबकि कांग्रेस यू.पी.ए. के शासनकाल में यह लगभग आठ प्रतिशत के करीब थी (न्यू सीरीज)। अभूतपूर्व बेरोज़गारी व बेलगाम महंगाई ने देश में असमानता की खाई बहुत बढ़ा दी है, जो कि अब पिछले 100 वर्षों के उच्चतम स्तर है।''

विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2010 में यू.पी.ए. सरकार के कार्यकाल में देश की जी.डी.पी. वृद्धि दर उच्चतम 8.5 प्रतिशत तक पहुंच गई थी और (वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान) वर्ष 2008 में गिरकर न्यूनतम स्तर 3.1 प्रतिशत पर आ गई थी 10 वर्षों में यह (वर्ष 2021) में बढ़कर उच्चतम स्तर 9.1 प्रतिशत पर पहुंच गई थी और वैश्विक महामारी के दौरान यह गिरकर -5.8 प्रतिशत पर रह गई थी।

संयोगवश, केन्द्रीय बैंक द्वारा अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करने के कुछ घंटे बाद कांग्रेस ने डॉ. सिंह के पत्र को एक्स पर साझा किया जिसमें वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने की भविष्यवाणी की गई है।

पूर्व अर्थशास्त्री डॉ. सिंह ने कहा कि यू.पी.ए. सरकार ने चुनौतियों के बावजूद हमारे आमजन की क्रय शक्ति में वृद्धि की थी, जबकि भाजपा के कुशासन का परिणाम यह रहा कि घरेलू बचत में भारी कमी हुई है जो कि पिछले 47 वर्षों में सबसे न्यूनतम है, वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध घरेलू वित्तीय बचत पांच वर्षों के न्यूनतम स्तर 14.2 ट्रिलियन पर आ गई जो कि कुल जी.डी.पी. का 5.3 प्रतिशत मात्र है।

वर्ल्ड इनइक्वालिटी लैब की मार्च में रिपोर्ट जारी होने के बाद इस विषय पर उनकी यह चेतावनी आई है, इसमें कहा गया है कि भारतीय अमीर लोगों के पास आज राष्ट्र की आय का सबसे बड़ा हिस्सा है जो कि पिछले 100 वर्षों में सर्वाधिक है।

पूर्व प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में ‘‘सुधार-समायोजन'' को भी रेखांकित किया जो पांच युवा न्याय स्तंभ के नाम से हैं- उनकी पार्टी के चुनाव घोषणा में युवाओं में व्याप्त बेरोज़गारी के संदर्भ मे है।'' 30 लाख सरकारी (रोजगार) शाली पद एवं अनगिनत पेपर लीक होने की घटनाओं के कारण युवाओं के भविष्य पर खतरे के काले बादल मंडरा रहे है।''

डॉ. सिंह ने अपने पत्र में यह भी कहा कि ‘‘हमने वादा किया है कि जॉब कलैण्डर निर्धारित करके उसके अनुसार एक व्यवस्थित तरीके से 30 लाख रिक्त पद भरे जाएंगे। इनमें से आधे पद महिलाओं के लिए आरक्षित रखे जाएंगे। और पेपर लीक मामलों से निपटने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट स्थापित किए जाएंगे।''

## बेंगलुरू जी.पी.ओ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

अफवाह है कि कांग्रेस की चुनाव गारंटी अनुसार योग्य वर्गों की महिलाओं को प्रति माह 8500 रू. मिलेंगे।

जी.पी.ओ. पर महिलाओं की भीड़ इतनी ज्यादा थी कि खुले में काउन्टर लगाने पड़े। जी.पी.ओ. के अधिकारियों ने कहा कि, अफवाह थी कि उनके खाते में पैसा आएगा इसलिए महिलाओं की भीड़ खाता खुलवाने के लिए उमड़ पड़ी है। महिलाओं को बताया गया कि, यह सिर्फ अफवाह है कि, जो शायद स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने फैलाई है। उसके बाद भी महिलाएं इस गंभीरता से ले रही हैं। इसका कारण है कि, कर्नाटक की महिलाओं का अनुभव जो राज्य की सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कर रही है।

कांग्रेस सरकार द्वारा मुफ्त यात्रा व अन्य मुफ्त सुविधाएं पाने के बाद महिलाओं को यकीन है कि कुछ ही महीनों में उन्हें सरकार से 8500 रू. मिलने लगेंगे। गौरतलब है कि, इस चुनाव में कर्नाटक में पुरूषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा वोट डाले। कांग्रेस इसे शक्ति योजना की सफलता बता रही है और कह रही है कि महिलाओं ने इस प्रकार कांग्रेस पार्टी को धन्यवाद दिया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908